फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 359, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 16

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 15

एक नजर

प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

नई दिल्ली। प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

ईमेल खाता ब्लॉक करने पर गूगल को नोटिस भेजा

अहमदाबाद। गूगल ड्राइव पर बचपन की एक निर्वस्त्र तस्वीर अपलोड करना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि वह एक साल से अपने ईमेल खाते को खोल नहीं सका है और उसे आखिरकार गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। याचिकाकर्ता ने गूगल ड्राइव पर अपनी एक तस्वीर अपलोड की थी जिसमें उसकी दादी उसे नहलाते हुए दिख रही हैं। यह तस्वीर तब की है जब वह दो साल का था। न्यायमूर्ति वैभवी डी नानावती की अदालत ने 15 मार्च को गूगल, केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर उनसे 26 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को सूचीबद्ध करने की गुहार स्वीकार की। पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, लेकिन राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा

हैदराबाद/पुडुचेरी। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी। सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है। माना जा रहा है कि वह तमिलनाडु से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। उन्होंने दक्षिण तमिलनाडु की थूथुकुडी सीट से 2019 का संसदीय चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं।

आज बिरज में होरी रे...

बरसाना में सोमवार को लठमार होली का लाखों लोगों ने आनंद लिया। नंदगांव के हुरियार बरसाने की गोपियों के साथ होली खेलने पहुंचे तो उनका स्वागत ठंडाई, भांग आदि से किया गया। हुरियारों ने गोपियों पर रंग-गुलाल डाले और ठिठोली शुरू की तो गोपियों ने लाठियों से प्रतिकार किया। हंसी-ठिठोली के बीच घंटों चली इस होली में रसिया गायन पर दूर-दूर से आए लोग थिरक उठे।

पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

रामपुर तिराहा कांड

- विशेष अदालत ने दोषियों पर 50 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

उप्र समेत 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए गए

आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

- विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। सहाय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

प्रमुख सचिव गृह के बाद निशाने पर कई शीर्ष अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री के सबसे करीबी शीर्ष अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से शीर्ष अधिकारी सतर्क हो गए हैं। प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारियों की भूमिका पर विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत कर रखी है। सूत्रों के मुताबिक संजय प्रसाद को हटाए जाने के बाद अफरशाही में हलचल मची हुई है। उनकी जगह कौन लेगा, इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव से तीन नाम मांगे हैं। पुलिस महानिदेशक को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जिलों के कुछ अधिकारियों की शिकायतों पर जांच हो रही है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से उनके कार्यालय को कोई पत्र या सूचना नहीं आई है।

डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।

- रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज तिहाड़ जेल लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी

- 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

आपसी विवाद में सिपाही ने शिक्षक को सरकारी बंदूक से मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- बोर्ड की कापियां लेकर वाराणसी से गई थी शिक्षा विभाग की टीम
- मामला दर्ज कर मुजफ्फरनगर पुलिस कर रही मामले की जांच

वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर एसडी इंटर कॉलेज आए एक शिक्षक की पुलिस के एक मुख्य आरक्षी ने आपसी विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने सोमवार को यहां बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आई थी। शिक्षा विभाग की टीम में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल थे।

कॉलेज का द्वार बंद होने के कारण टीम के सदस्य वाहन में ही बैठे हुए थे। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कॉलेज के बाहर वाहन में सोते समय शिक्षक धर्मेंद्र और मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई तथा इसी दौरान चंद्र प्रकाश ने अपनी सरकारी बंदूक से धर्मेंद्र को गोली मार दी।

प्रजापत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अटैच कीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 12 संपत्तियां

- 31 करोड़ रुपए है अटैच संपत्तियों की कीमत

लखनऊ। मनी लांड्रिंग के आरोपों में घिरे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 12 संपत्तियों को अटैच कर दिया जिसकी कुल कीमत पौने 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इनमें व्यावसायिक भूमि, रिहायशी मकान और खेत भी शामिल हैं। ईडी द्वारा एक्स पर शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में गंगोत्री इंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किया है। ईडी ने विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और अजीत पांडेय की संपत्तियों को मनी लांड्रिंग के आरोप में अटैच किया है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर दी जानकारी

लोस में 95 और विस में 40 लाख खर्च की सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख व विधानसभा के प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें यह जानकारी दी। इसके साथ ही, निर्वाचन आयोग के अन्य निर्देशों से भी अवगत कराया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशियों का 10 हजार से अधिक के सभी प्राप्ति व भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाना है। प्रत्येक प्रत्याशियों को अपने निर्वाचन व्यय का समुचित लेखा-जोखा रखना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचना जारी होने के सात दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग को स्टार प्रचारकों की सूची उपलब्ध कराई जानी है। स्टार प्रचारक के निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित रैली या बैठक करने पर चुनावी खर्च संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रत्याशी रिटर्निंग आफिसर से अनुमति प्राप्त कर वाहनों को चुनाव प्रचार में उपयोग कर सकेंगे। शपथ पत्र में प्रत्याशी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट, ई-मेल आईडी आदि सूचनाओं की जानकारी देनी होगी। चुनाव प्रचार के लिए रैली, जुलूस व सार्वजनिक बैठकों के लिए संबंधित रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेनी होगी। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव परिणाम की घोषणा के 90 दिनों के भीतर अपने दल का निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप में भारत निर्वाचन आयोग के पास व अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होगा।

आयोग के निर्देश

- 10 हजार से अधिक लेन-देन बैंक के माध्यम से
- निर्वाचन व्यय का समुचित रिकॉर्ड रखना होगा
- अधिसूचना के 7 दिनों में दें स्टार प्रचारकों की सूची
- प्रचार वाहन के लिए लें रिटर्निंग अफसर की मंजूरी
- सोशल मीडिया अकाउंट, मेल आईडी की दें सूचना

रमजान मुबारक

19 मार्च, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 29 मिनट
शिया- 6 बजकर 37 मिनट

20 मार्च सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 50 मिनट
शिया- 4 बजकर 48 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

कुरआन मुकम्मल होने पर की गुलपोशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: गांधी समाधि स्थित घोड़सवार मस्जिद में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज शब्बीर ने कहा कि रमजान में नमाज और कुरआन की तिलावत सबसे अहम है। रोजेदारों को इस पर पूरी तरह अमल करना चाहिए। हर रोज फज्र की नमाज से पहले तहज्जुद की नमाज जरूरी है। कहा कि इस माह में अल्लाह का जिक्र कसरत से करें। अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों के दरवाजे खोल देता हैं। जहन्नुम के दरवाजे बंद कर देता है।

गांधी समाधि स्थित घोड़ सवार वाली मस्जिद में सातवीं तरावीह के कुरआन मुकम्मल हुआ। इसमें हाफिज शब्बीर ने रोजाना साढ़े चार सिपारों की तिलावत की।

सामां के फराइज हाफिज मुस्तकीम ने अदा किए। इस मौके पर हाफिज शब्बीर ने एक हदीस का हवाला देते हुए बताया कि इस मह में चार चीजें अमल में लानी चाहिए, इसमें कलमे की तिलावत, इस्तगफार माफी, जन्नत की तलब और दोजख की आग से ज्यादा से ज्यादा पनाह मांगनी चाहिए। इसके बाद आखिर में हाफिज, सामा की लोगों ने गुलपोशी की। मुल्क में अमन शांति की दुआ भी कराई।

कुरआन मुक्कमल होने पर गुलपोशी के बाद मौजूद लोग।

फजीलत वाले होते हैं रमजान के दिन, अल्लाह रोजेदारों की खताओं को कर देता है माफ

परहेज करना है रमजान में रोजा रखने का मकसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रमजान के दिन और रात फजीलत वाले होते हैं। इस माह में दुनिया को ताकतवर किताब कुरआन मिला। इसमें हर सवाल का जवाब है। रोजे का बदला अल्लाह देगा और दोजख की आग से हिफाजत होगी, मगफिरत मिलेगी। अल्लाह रोजेदार की खताओं को माफ कर देता है और बीमारियां दूर होती हैं।

शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली बताते हैं कि रोजा रखने का मकसद परहेजगारी करना है, अल्लाह तआला फरमाता है कि रोजा तुम पर इस कदर फर्ज है जैसे तुमसे पहले आई उम्मतों पर था। जब कोई शख्स रोजा रखता है तो उसे यह फिक्र होती है कि मुझे यह गलत काम नहीं करना है।

नहीं तो अल्लाह नाराज हो जाएगा। इसे ही परहेजगारी कहते हैं, जो जिंदगी में फायदा पहुंचाती है। रमजान में हमारे चारों तरफ इबादत का माहौल होता है। हर कोई इबादत कर रहा होता है और अपने रब को राजी करने की कोशिश करता है। ऐसे में उस इंसान का भी ईमान ताजा हो जाता है जो पूरे साल इबादत नहीं करता।

लेकिन, रमजान की रहमतों को देखकर उसके दिलों में भी ईमान जागता है और वह भी इबादत में लग जाता है। रमजान के रोजे की सबसे बड़ी फजीलत यह भी है कि इस महीने रोजा रखने से और अल्लाह की इबादत करने से मगफिरत हासिल होती है। इसलिए लोगों को रोजे रखने चाहिए।

रमजान में ज्यादा खाने से बचें

आयुर्वेदाचार्य डॉ. कुलदीप चौहान बताते हैं कि इफ्तार में तले हुए और अधिक मीठे व्यंजनों व चीनी के सेवन में थोड़ा परहेज बरतें, ध्यान रखें कि रमजान में ज्यादा खाने से भी बचें। जब आप खाना खाएं, तो खाने को धीरे-धीरे और छोटे टुकड़ों में खाएं। इस तरह आप रमजान में संतुलित भोजन व तरीके को अपनी डाइट में शामिल करके अपने रोजे रख सकते हैं। खाना हल्का हो और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर हो। जैसे गेहूं की रोटी, ओटे अनाज, दलिया खाएं। इसके अलावा मौसमी फल, ककड़ी, टमाटर, पुदीना और सलाद को इफ्तारी में शामिल कर सकते हैं। हालांकि रोजेदारों को तली भुनी चीजों का कम इस्तेमाल करना चाहिए।

लोस चुनाव : जिले में नामांकन कल से

कलेक्ट्रेट में लगाई गई बैरिकेडिंग, जिलाधिकारी ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 20 मार्च से शुरू हो रही नामाकंन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार से कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग लगाई गई। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

जिले में पहले चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में हुईं तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह से सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। सभी को सख्ती के साथ निर्वाचन प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन एवं एसडीएम मौजूद रहे। नामांकन कराने के लिए प्रत्याशी अपने प्रस्तावकों के साथ इन बैरिकेडिंग से होकर नामांकन कक्ष तक पहुंचेंगे। उधर, फैमिली अस्पताल के पास भी बैरिकेडिंग कर दी गई है।

सुरक्षा के लिहाज से नामाकंन के समय पुलिस बल तैनात रहेगा। कोई भी बवाली व्यक्ति वहां प्रवेश नहीं कर सकेगा।

कलेक्ट्रेट परिसर में नामाकंन के लिए चल रहीं तैयारियों के बारे में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से जानकारी लेते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

26 से छह जून तक मंडी समिति अधिग्रहित

रामपुर, अमृत विचार : जनपद में मतदान के लिए ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग का कार्य, मतदान दलों की रवानगी, वापसी, स्ट्रॉंग रूम का निर्माण मंडी में होगा। मतदान के बाद निर्वाचन में प्रयुक्त ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का भण्डारण एवं मतगणना का कार्य नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति में कराया जाएगा। नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति के सम्पूर्ण परिसर एवं भवन को समस्त सुविधाओं सहित निर्वाचन, लोकहित में 26 मार्च से छह जून तक की अवधि के लिए अधिग्रहित किया गया है।

बैठक में समझाई जिम्मेदारी

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में बैठक हुई। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रचार-प्रसार को लेकर लाउडस्पीकर, रैली और जनसभा सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए ऑनलाइन अनुमति जारी करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की गई है। बिना अनुमति जनसभा अथवा अन्य प्रचार संबंधी कोई कार्य न किया जाए, जो आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता हो। डीएम जोगिन्दर सिंह ने आदर्श आचार संहिता के बारे में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी। शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर से की गई तैयारी व जनपद में मतदाताओं की स्थिति के बारे में बताया।

रेलवे स्टेशन का कायाकल्प शुरू, मिनी अस्पताल व प्रथम तल पर बनेगी मार्केट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नवाबी दौर में बने रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत 27 करोड़ रुपये से कायाकल्प होगा। स्टेशन पर लगा एस्केलेटर प्लेटफार्म तक पहुंचाएगा। इसके अलावा अस्पताल और प्रथम तल पर मार्केट बनाने की तैयारी है। पार्सल गोदाम को तोड़ने का तेजी से काम शुरू हो गया है।

ठेकेदार नजमी सलीम ने बताया कि यहां एस्केलेटर, मार्केट और एक मिनी अस्पताल बनेगा। इसके लिए 27 करोड़ रुपये पास हो गए हैं। स्टेशन पर तेजी से काम चल रहा है। सभी रेलवे स्टेशनों पर पिछले काफी समय से सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। उन रेलवे स्टेशनों मे रामपुर के रेलवे स्टेशन का नाम भी शामिल किया गया था। अब रेलवे स्टेशन पर ध्वस्तीकरण का काम चल रहा है। ठेकेदारों को कहना है कि बड़ा प्रोजेक्ट है। यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रख जा रहा है। इसमें सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, प्लेटफार्म नंबर एक से दो पर जाने के लिए स्केलेटर, लिफ्ट, यात्री प्रतीक्षालय बनाया जाएगा। पुल कपड़ा मिल में पहुंचेगा। इसके ऊपर मार्केट, एक मिनी अस्पताल भी बनेगा। किसी भी बीमार यात्री को तुरंत इलाज के लिए ले जाया जा सकेगा। ठेकेदार नजमी सलीम बताते हैं कि उनको रेलवे स्टेशन के कुछ हिस्से को तुड़वाने का ठेका मिला है जबकि बनवाने का ठेका अन्य पार्टी का है और यह काफी लंबा प्रोजेक्ट है।

अब रामपुर रेलवे स्टेशन की धीरे-धीरे सूरत बदल रही है। स्टेशन पर सफाई का काम चलता रहता है। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में लगे एटीएम को जीआरपी के पास ले जाने की तैयारी चल रही है। इतना ही नहीं जल्द बुकिंग वाले स्थान को भी बदल दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर पार्सल गोदाम को तोड़ते मजदूर। ● अमृत विचार

27 करोड़ रुपये से होगा काम प्लेटफार्म तक पहुंचाएगा स्टेशन परिसर में लगा एस्केलेटर

रेलवे स्टेशन का करीब 27 करोड़ से अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प शुरू हो गया। यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर, मार्केट और अस्पताल भी बनेगा।

-मोहम्मद आजम, स्टेशन अधीक्षक

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रजा इंटर कॉलेज में सुबह 10:30 बजे।

☞ ज्वालानगर स्थित कृष्णा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ सुबह 6:15 बजे।

एक नजर

पाइप लाइन चालू नहीं होने से हो रही परेशानी

रामपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति व शोषित वर्ग उत्थान समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिवराज सिंह सागर ने जल निगम के एक्सईएन को पत्र भेजा है। जिसमें उनका कहना है तहसील टांडा के गांव चक में विभाग द्वारा ओवरहेड टैंक की पाइपलाइन बिछाए जाने का कार्य कराया जा चुका है। लेकिन इसमें अभी तक पाइपलाइन में पानी आ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए ओवरहेड टैंक बनवाया गया। लेकिन लोगों को पानी का पीने नहीं मिल रहा है। इस समस्या के बारे में आईजीआरएस के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की गई थी। जिसमें सिर्फ आश्वासन दिया गया। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

समन्वय से शिक्षा के विकास को मिलेगी गति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नगर खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने कहा कि शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही प्री-प्राइमरी विद्यालयों की मजबूत रीढ़ है। विद्यालय में स्थापित प्री-प्राइमरी शिक्षा के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं आंगनाबाड़ी कार्यकर्ता में समन्वय स्थापित कर रही है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग तथा बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से ही विद्यालयों की बुनियादी शिक्षा के विकास को गति दी जा सकती है।

बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में नगर क्षेत्र के जिन विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नोडल अध्यापकों की नगर स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किला परिसर स्थित मॉडल मान्टेसरी में हुआ। उत्सव की शुरूआत खंडशिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सुनील कुमार सक्सेना ने की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वक्ता ने कहा कि तीन से आठ वर्ष के बच्चों के नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों का आह्वान करना है।

कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के नौ निपुण विद्यालयों में से उच्च वरियता प्राप्त तीन विद्यालय बगीचा एमना, उच्च प्राथमिक विद्यालय आगापुर, प्राथमिक विद्यालय चाहशोर के तीन-तीन बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर विजेंद्र कला, सत्यपाल सिंह, मोहित सक्सेना, रूचि सक्सेना, अनिल शर्मा, अरविन्द कुमार, शैफाली शर्मा, सुपरवाइजर ममता रानी, प्रीति, शाजिया बी, वकील, मोहम्मद तस्खीर उल्लाह, दानिश, कृष्णा, राजू, खूबी राम, नाजिम आदि आदि उपस्थित रहे। संचालन वैलेन्टीना विक्टर एवं रूही नाज ने किया।

कार्यक्रम में सम्मानित हुए बच्चों के साथ मौजूद शिक्षिकाएं व अन्य। ● अमृत विचार

लोग खाते हैं नींद की गोलियां, मैं थका और सो जाता हूं...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रठौंडा के किसान मेले में रविवार देर रात हुए कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को सराबोर किया। बनारस से आईं कवित्री प्रियंका राय ने शारदे, शारदे, शेष बिस्मिल भगत की कहानी लिखूं प्रस्तुत की। उन्होंने दीन-दुनिया के हक की लड़ाई लिखूं, जो भला हो उसकी बधाई लिखूं से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

किसान मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की शुरूआत अध्यक्ष जिला पंचायत ख्याली राम लोधी ने की। मुरादाबाद से आए हास्य और गीत के कवि डॉ. प्रवीन राही ने कहा, मां की नजरों में फिर भी बच्चा हूं। उन्होंने किसानों पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। कहा कि मैं किसान हूं, मजदूर हूं, रोज पसीने से सूरज को बुझाता हूं, लोग खाते हैं नींद की गोलियां, मैं थका और सो जाता हूं। लखनऊ से आए हास्य व्यंग्य के कवि विनोद राज योगी ने एक आदमी रफ्ता रफ्ता जाता था बाजार, पकड़े हुए हाथ में बकरी साथ में बच्चे चार व्यंग्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। जयपुर से आए वीर रस के युवा कवि प्रख्यात मिश्रा ने देश की रक्षा पर आधारित कई कविताएं प्रस्तुत कीं। इसके बाद दिल्ली से आए हास्य के कवि लटूरी लठ ने रूपवती, गुणवती, मधुवती, मधुबाला मन को भाए गई। चंचल चितवन चालाक चतुर नयनों के तीर चलाए गई प्रस्तुत्ति की। इस दौरान सूर्यप्रकाश पाल, महासिंह राजपूत, भारत भूषण गुप्ता, सदस्य जिला पंचायत टेकचंद गंगवार, रजनीश कुमार पटेल, कृष्ण अवतार लोधी, सोनू लोधी सरदार देवेंद्र नागपाल, अवधेश शर्मा, नीरज रस्तोगी, सुभाष चंद्र,अजय कुमार, सुभाष वर्मा, अशोक पाल उपस्थति रहे। कवि गोष्ठी का संचालन लटूरी लठ ने और मंच संचालन सुरेंद्र यादव ने किया।

रठौंडा मेले में हुए कवि सम्मेलन में मौजूद कवि। ● अमृत विचार

किसान मेले में हुआ कवि सम्मेलन, कवियों ने रचनाओं से श्रोताओं को किया सराबोर

जागरूकता नेत्र रोग विशेषज्ञ की सलाह- बाजार में बिक रहे केमिकल युक्त रंग, आंख और त्वचा के लिए नुकसानदेह

होली पर रासायनिक रंगों से बचें, सेहत का रखें ख्याल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: रंगों का त्योहार होली उत्साह और प्रेम का संगम है। लोग एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करने और आपस में गले मिलकर बधाई देते हैं। इसके लिए बाजारों में रंग-गुलाल समेत अन्य सामग्री बिक रही है। लेकिन इसमें कुछ रंग लोगों की आंखों और त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सिंह बताते हैं कि होली पर आंख और त्वचा का विशेष ख्याल रखें। होली के दिन त्वचा में एलर्जी, आंखों में दिक्कत, पेट संबंधी रोगी सबसे ज्यादा होते हैं। जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिम्मी कपूर बताते हैं कि होली के दिन या इसके बाद सबसे ज्यादा मरीज बेलून में रंग भरकर मारने से प्रभावित आंख का इलाज कराने आते हैं। रंग के केमिकल से आंखों की पुतली के प्रभावित वाले मरीज भी होते हैं। लिहाजा होली के दिन विशेष एहतियात बरतनी चाहिए।

वैसे तो होली के लिए बाजार में कई तरह के रंग-गुलाल की बिक्री होती है। इससे त्वचा पर कई प्रकार की बीमारी होने की संभावना रहती है। होली खेलने से पहले शरीर पर तेल लगा लेना चाहिए। इससे शरीर पर रंग का असर कम पड़ता है। रंगों से नाक, कान और आंख को बचाना चाहिए। होली खेलने से परहेज नहीं, लेकिन रसायनिक रंगों से परहेज करना चाहिए। इन रंगों के प्रयोग से बच्चों के मस्तिष्क पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए आंखों पर धूप का चश्मा व सिर पर टोपी पहनें। रंग छुड़ाते समय होंठ और आंखों का विशेष ध्यान रखें। रसायनिक रंग न केवल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होते हैं बल्कि शरीर के अंगों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

मिस्टन गंज में रंगों व पिचकारियों से सजी दुकान। ● अमृत विचार

पौष्टिक तरल पेय का सेवन ज्यादा करें

होली के दिन व्यंजन के मुकाबले तरल पेय का सेवन ज्यादा करना चाहिए। जूस, नारियल पानी, नींबू पानी आदि के सेवन से पेट से संबंधित परेशानी से बचा जा सकता है। डायबिटीज के मरीजों को मीठा खाने से परहेज करना चाहिए। बताया कि अभी कोई भी शुद्ध हर्बल रंग या गुलाल नहीं है। केमिकल युक्त रंगों और गुलाल से त्वचा ही नहीं नाखून और बाल भी प्रभावित होते हैं। रंग से सिर की त्वचा और बाल में रूखापन सहित अन्य दिक्कतें होती हैं। रंग के प्रभाव को कम करने के लिए त्वचा को पहले पानी से धोकर उस पर सरसों का तेल लगाकर केमिकल का प्रभाव कम होता हैं।

ऐसे दुरुस्त रखें स्वास्थ्य

- खाना खाने से 30 मिनट पहले और बाद में ही पानी पीना चाहिए।
- पौष्टिक तरल पेय का सेवन करें। नारियल पानी, नींबू पानी पिएं।
- भूख लगने पर ही खाना खाएं।
- पेट संबंधी परेशानी होने पर विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लें।
- होली खेलने से पहले त्वचा पर सरसों का तेल, जेली आदि लगाए।
- होली में केमिकल युक्त रंग और गुलाल का उपयोग नहीं करें।

होली के दिन व्यंजन के मुकाबले तरल पेय का सेवन ज्यादा करना चाहिए। जूस, नारियल पानी, नींबू पानी आदि के सेवन से पेट संबंधी परेशानी से बचा जा सकता है। डायबिटिज के मरीज मीठा खाने से परहेज करें।

-डॉ. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

होली के दिन भी काम करेंगे स्वास्थ्य कर्मी

रामपुर, अमृत विचार: होली को लेकर सीएमओ ने स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। डॉक्टरों की टीम को सूचीबद्ध कर लिया गया है, जो होली के दौरान ड्यूटी करेंगे। सीएमओ ने होली से पहले सीएचसी और पीएचसी पर तैयारियों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

होली के मौके पर स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए सीएमओ डॉ. एसपी सिंह ने जिले की पांचों सीएचसी सहित पीएचसी रजपुरा और पीएचसी चमरौआ के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्र पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर 25 मार्च को अन्य दिवस की तरह सेवाएं जारी रहेंगी। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे जारी रहेंगी। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि आपातकालीन सेवाएं चलती रहेंगी।

मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में छुट्टी के बाद बच्चे एकत्रित हुए और शिक्षकों की देख-रेख में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नगर ग्राम हजरतपुर में घूमने के पश्चात प्रानपुर रोड होती हुई वापस विद्यालय पर संपन्न हुई। इसमें छात्र-छात्राएं अभिभावकों को संबोधित स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लिए हुए थे।

जैसे- मम्मी पापा भूल न जाना 19 अप्रैल 2024 को वोट डालने जरूर जाना। रैली के माध्यम से ग्राम हजरतपुर क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, सीमा गौहर, रजिया बेगम, संगीता यादव अमरपाल सिंह मौजूद रहे।

एक नजर

दो पैन कार्ड मामले में विवेचक से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में कोर्ट में सोमवार को विवेचक से जिरह हुई। जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में 22 मार्च को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में सोमवार को विवेचक से जिरह हुई। कार्यवाही के दौरान शहर विधायक मौजूद रहे।

चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाहबाद, अमृत विचार : ग्राम रुस्तमपुर में 15 मार्च को रामवीर सिंह के घर में चोरी हो गई थी। रामवीर हरियाणा के अम्बाला में काम करते हैं। घर में पति व बच्चे थे। उनकी पत्नी रामबेटी के अनुसार वह सोलह मार्च की शाम को ऊपर छत पर बने कमरे में रखे संदूक में पांच सौ रुपए रखने गई तो वहां से पहले से रखी 31 हजार रुपये व जरूरी कागजात चोरी हो चुके थे। गांव के मंदिर से भी चोरी कर ली गई। पुलिस ने तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

5 माह बाद आजम खां को दूसरे मामले में सजा

लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच बढ़ रहीं सपा नेता की मुश्किलें, सपाइयों में छाई है मायूसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: सपा नेता आजम खां की किसी समय तूती बोलती थी लेकिन, अब कोर्ट उन्हें नहीं छोड़ रहा है। पांच माह में आजम खां को डूंगरपुर के मामले में सजा हुई। इससे सपाइयों में मायूसी है।

सपा शासनकाल में आजम खां के पास अधिकारी आने से कतराते थे। इतना ही नहीं, जब उनके लखनऊ से वापस रामपुर आने का पता चलता था तो अधिकारी सक्रिय हो जाते थे। उनके सामने आने की कोशिश नहीं करते थे, लेकिन सपा सरकार जाने के बाद सूबे में भाजपा सरकार ने आजम खां को घेरना शुरू किया तो उनके खिलाफ मुकदमों की सूची लंबी होती गई। जिसके बाद से जेल उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। पहला मामला दो जन्मप्रमाण पत्र से जुड़ा है।

अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में आजम खां उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां और डॉ. तजीन फात्मा को आरोपी बनाया गया था। इसमें आजम खां की पत्नी और बेटे को सात-सात साल की सजा सुनाई गई थी। आजम खां सीतापुर जेल में सजा काट रहे हैं, जबकि, उनका बेटा अब्दुल्ला आजम हरदोई और पत्नी डॉ. तजीन फात्मा रामपुर जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। लेकिन आजम खां की मुसीबतें कम नहीं हुईं।

सजा होने के बाद विक्ट्री चिह्न दिखाते शासकीय अधिवक्ता। ● अमृत विचार

आजम के करीबियों में शामिल हैं अजहर खां व आले हसन

सपा सरकार में रहते हुए आजम खां दो ही लोगों की सबसे ज्यादा मानते थे। जिसमें पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां या फिर रिटायर्ड सीओ आलेसहन। लेकिन अब ये दोनों भी सजा काट रहे हैं। आले हसन आजम खां के करीबियों में माने जाते रहे। आलेहसन ने आधे से ज्यादा नौकरी रामपुर में बिता दी। आजम खां के एक इशारे पर वह किसी भी व्यक्ति को चरस या फिर किसी अन्य मामले में जेल भेज दिया करते थे। इतना ही नहीं अजहर खां भी आजम खां के कहने पर कही पर भी नाली या फिर नाला खुदवा दिया करते थे। इन तीनों की तिकड़ी सपा शासन काल में काफी फैमस हो गई थी।

अब तक आजम खां को पांच मामलों हुई सजा

रामपुर, अमृत विचार : सपा नेता आजम खां को अब तक पांच मामलों में सजा हो चुकी है। हालांकि दो मामलों में वह बरी हुए हैं। वर्ष 2017 में एक मुकदमा आजम खां के खिलाफ दर्ज था। इसके बाद उन पर मुकदमे दर्ज होते चले गए। इस समय उनके खिलाफ 100 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनकी सुनवाई लगातार कोर्ट में चल रही है। पूर्व मंत्री आजम खां पर भैंस चोरी से लेकर लूटपाट तक के मुकदमे हुए थे। इतना ही नहीं किसानों की जमीन कब्जाने तक के आरोप लग चुके हैं। उसके अलावा यतीमखाने में बस्ती खाली कराने तक का आरोप लगा था। जिसके बाद पुलिस ने सभी मामलों में चार्जशीट लगा दी थी। जिसमें अब लगातार फैसले आ रहे हैं। दो भड़काऊ भाषण मामलें में आजम खां को सजा सुनाई जा चुकी है। हालाकि इन मामलों में सुनवाई चल रही है जबकि, दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में सपा नेत आजम खां सात साल की सजा सीतापुर जेल में काट रहे हैं। मुरादाबाद के एक मामले में उनको सजा हो चुकी है। शनिवार को डूंगरपुर के मामले में उन्हें दोषी करार दिया गया था। सोमवार को सात साल की सजा सुनाई है।

आले हसन ने नौकरी पर रहते जीते थे कई पदक

आजम खां और आले हसन के अधिवक्ताओं ने सजा सुनाने से पहले कोर्ट के सामने काफी पक्ष रखे थे। जिसमें कहा गया था कि आले हसन ने ड्यूटी पर रहते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। आजम खां एक राजनैतिक व्यक्ति है, वह बीमार चल रहे हैं। उसके बाद भी कोर्ट ने एक भी नही सुनते हुए आजम खां को सात साल तो आलेहसन को पांच साल की सजा सुनाई। हालांकि दोषी पहले ही घोषित कर दिया गया था। सजा सुनने के बाद चारों के चेहरे मुरझा गए।

पांच माह के बाद आजम खां को सोमवार को डूंगरपुर के मामले में सात साल की सजा सुनाई है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि आजम खां की सोमवार को जो सात साल की सजा हुई है वह शनिवार से गिनी जाएगी, जबकि पहला वाला मामला अलग है।

जेल में रहते सपा-कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पा रहे हैं आजम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ सजा होने से सपा को लगा एक बड़ा झटका, लोकसभा चुनाव प्रचार को नहीं मिली धार

अमृत विचार : डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में सोमवार को आजम खां को सजा सुनाई गई। वह सीतापुर की जेल में हैं। इस बीच लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में प्रथम चरण में वोटिंग होगी। लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। सपाइयों का दावा है कि आजम खां ही जेल से प्रत्याशी की घोषणा करेंगे। लेकिन आजम खां को सजा होने से सपा को बड़ा झटका लगा है।

पूर्व मंत्री आजम खां भले ही जेल में हो लेकिन, उनका जलवा कायम है। लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। चारों ओर चुनावी बिसात बिछाई जा रही है। भाजपा ने अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया है। लेकिन, सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने रामपुर के सियासी समीकरण बदल दिए हैं। जिले के 1725944 मतदाताओं को अपना सांसद चुनना है। लेकिन, सपा-कांग्रेस गठबंधन से अभी कोई चेहरा साफ नहीं हुआ है। सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर दो टूक कहते हैं कि रामपुर में लोकसभा प्रत्याशी के नाम का ऐलान आजम खां को करना है। कांग्रेस खेमे से पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने चुनाव लड़ने का ऐलान स्वयं ही कर दिया था। लेकिन, सपा-कांग्रेस के गठबंधन में सीट सपा के खेमे में जाने से परिस्थियां बदल गईं हैं। आजम खां के सामने शहर अध्यक्ष आसिम राजा, फात्मा जबीं, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के अलावा भाजपा के बीच से भी कोई प्रत्याशी होने का कयास जताया जा रहा है।

फिलहाल इस समय आजम खां मुश्किलों के दौर से गुजर रहे हैं और रामपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी जो भी उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ा होगा, इसलिए आजम खां ऐसा नाम पेश कर सकते हैं जो सियासी पंडितों के गणित का भूगोल बंद कर देगा। आजम खां के जेल में होने के कारण भाजपा प्रत्याशी के लिए एकला चलो की स्थिति है।

शीशम का पेड़ कटवाने में मालिक पर कार्रवाई

मसवासी, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव सेमरा लाड़पुर में शीशम समेत अन्य हरे पेड़ को काट दिया गया। गांव के लोगों ने वनकर्मियों पर लकड़ी के धंधेबाजों की साठगांठ का आरोप लगाया है। इस मामले में पेड़ मालिक के खिलाफ ही कार्रवाई की गई है।

इस गांव में नबी हसन के खेत में कई वर्ष पुराना हरा शीशम का था। गांव के ही लोगों ने वन कर्मियों से साठगांठ कर रविवार को इस पेड़ को कटवा दिया गया। आरोपी शीशम के पेड़ को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले गए। इस संबंध में जब वन रेंजर मुजाहिद हुसैन से जानकारी की गई तब उन्होंने मामले की जानकारी होने से इनकार कर दिया। वन दरोगा शील कुमार ने बताया कि लाड़पुर गांव निवासी मोहम्मद नबी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है।

ससुरालियों के पीटने से तनाव में आए युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

▸▸ पत्नी-साले समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

अमृत विचार: ससुराल में पत्नी को बुलाने गए युवक के साथ ससुरालियों ने मारपीट कर दी। इससे तनाव में आकर उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर पत्नी समेत ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुजरैला निवासी लक्ष्मी पत्नी रक्षपाल सिंह के अनुसार, उनके बेटे रजत कुमार की शादी करीब 10 माह पहले मुरादाबाद जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव खनुपुरा निवासी सूरजपाल की बेटी सोनिका के साथ हुई थी। करीब दो माह से सोनिका भी ससुराल छोड़कर मायके में रहने लगी थी। शनिवार को रजत के पिता के पास सूचना आई कि सोनिका बीमार है और बिलारी के एक अस्पताल में भर्ती है। इस पर रजत और उसके पिता बिलारी पहुंचे। आरोप है कि वहां उसके साथ ससुरालियों ने मारपीट की। रविवार को फिर रजत सोनिका को बुलाने पहुंचा तो उसके साथ फिर मारपीट की और पत्नी को साथ भेजने से इनकार कर दिया। इससे रजत तनाव में आ गया और उसने घर पहुंचने से पहले रास्ते में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। किसी व्यक्ति ने मित्तरपुर गांव के पास रजत को बेहोश पड़ा होने की सूचना की दी। उसे टीएमयू अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुष्पा की तहरीर पर सोनिका समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

दुकान पर मशीन ने दिया धोखा, लोगों का प्रदर्शन

मसवासी, अमृत विचार: गांव घोसीपुरा में राशन वितरण के दौरान कंप्यूटराइज मशीन धोखा दे गई। इसके बाद उपभोक्ताओं ने पूर्ति निरीक्षक समेत अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

गांव घोसीपुरा में सोमवार को राशन विक्रेता ने राशन वितरण शुरू किया। तभी मशीन तकनीकी खराबी के चलते धोखा दे गई। राशन का वितरण नहीं हो सका। रोजे में लाइन में लगे उपभोक्ताओं का सब्र जवाब दे गया। उन्होंने पूर्ति विभाग के खिलाफ हंगामा किया। आरोप लगाया की पूर्ति विभाग ने जानबूझकर खराब मशीनों को राशन दुकानों पर भेज दिया है। राशन विक्रेता ने काफी देर तक मशीन को सही करने का प्रयास किया, लेकिन मशीन ने साथ नहीं दिया। बाद में उपभोक्ता वापस हो गए। शाम तक भी मशीन को दुरुस्त नहीं किया जा सका।

राशन वितरण के दौरान लोगों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मोरी गेट स्थित राशन की दुकान पर बायोमेट्रिक मशीन न चलने के खाद्यान्न का वितरण तीन दिन से नहीं हो रहा है। इसे लेकर सोमवार को दुकान पर हंगामा हो गया। लोगों की डीलर से कहासुनी हुई। लोगों का कहना है कि राशन लेने के लिए दुकान पर कई-कई घंटे तक खड़ा होना पड़ रहा है। काफी देर तक धूप में खड़े होने के बाद उन्हें घर भेजा जा रहा हैं।

राशन की धांधली पर रोक लगाए जाने के लिए जनपद में 938 राशन डीलरों को मशीनों का वितरण किया जा चुका है। इन मशीनों में आए दिन खराबी आ रही है। शहर के मोहल्ला मोरी गेट स्थित हसीन खां के दुकान पर लोग जब राशन लेने गए डीलर ने बताया मशीन में खराबी आ गई। यह सुनकर लोग उत्तेजित हो गए और वह भड़क गए। मौके पर काफी देर तक डीलर की लोगों से कहासुनी होती रही। उधर हंगामा की सूचना जब पूर्ति विभाग के अधिकरियों को मिली। तो उन्होंने मौके पर संबंधित पूर्ति निरीक्षक, कर्मचारियों को भेजा। तो उन्होंने मौके पर जाकर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। कर्मचारियों ने मशीन अपने संग कार्यालय ले आए। उधर लोगों का कहना है कि तीन दिन से राशन के लिए भटकना पड़ रहा है।

मोरी गेट स्थित राशन नहीं मिलने पर नोकझोंक करते लोग। ● अमृत विचार

जब बायोमेट्रिक मशीन को देखा तो उसमें डीलर का मशीन में अंगूठा नहीं था। जबकि शासनादेश यह है कि प्रत्येक डीलर का भी अंगूठा लगा होना अनिवार्य है। मौके पर गुस्साए

> मोरीगेट स्थित राशन डीलर का बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा दर्ज नहीं है। इसके लिए उसे शिकायती पत्र देने को कहा गया है। राशन वितरण करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।
>
> –अभिषेक कुरील, जिला पूर्ति अधिकारी

कोटेदारों ने ई-वेइंग मशीनों को वापस लेने की मांग की

बिलासपुर, अमृत विचार: ई-वेइंग मशीनों में आ रही दिक्कतों को देखते हुए कोटेदारों ने तहसील में प्रदर्शन किया। समस्याओं का समाधान न होने पर उन्होंने इस्तीफा देने की चेतावनी दी।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले कोटेदार मंडल अध्यक्ष सौरभ रस्तोगी व जिलाध्यक्ष मोहम्मद नईम के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में स्थानीय तहसील भवन पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले ई-वेइंग मशीनों से आ रही दिक्कतें गिनाईं। बाद में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। कोटेदारों ने कहा कि सर्वर व नेटवर्क की समस्या के कारण मशीनें चल नही रही हैं। मशीनों में लेनदेन का बिल व सूची भी नहीं खुल रही है। सोमवार तक किसी डीलर का 10 कार्ड, किसी का 3 कार्ड या 20 कार्ड इस तरह से चार दिनों में यह वितरण हुआ।

सोने की तस्करी के शक में हिरासत में लेकर युवक से पूछताछ, छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ एसओजी की टीम कई लोगों की कर रही है तलाश

अमृत विचार : जिले की एसओजी टीम ने सोना तस्करी के शक में नगर के एक व्यक्ति को रविवार देर शाम उसके घर से हिरासत में लिया। कई घंटे की पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। इसके अलावा एसओजी कई लोगों की तलाश में है।

सूत्रों के अनुसार, कस्बा टांडा के लोग ग्रुप बनाकर सऊदी अरब और दुबई समेत अन्य खाड़ी देशों से सोने तस्करी का धंधा करते हैं। इसमें कई बड़े व्यक्ति भी शामिल हैं। जो युवकों के पकड़े जाने पर उनकी पैरवी करते हैं। नगर के कई युवक मुंबई, लखनऊ,गाजियाबाद, बरेली, ग्वालियर और हैदराबाद समेत अन्य जगहों पर पकड़े जा चुके हैं। बताते हैं कि इस धंधे में शामिल युवक सोने के कैप्सूल बनाकर उन्हें अपने पेट में डालकर लाते हैं। फिर विभिन्न स्थानों पर उन्हें विक्रय किया जाता है। पुलिस भी नगर के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद छोड़ चुकी है। क्राइम ब्रांच ने भी पिछले दिन पहले कई युवकों को उठाया था और पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। रविवार देर शाम एसओजी की टीम ने नगर के मोहल्ला दायमपुरा निवासी एक युवक को सोने की तस्करी के संदेह में उसके घर से उठाया और जिला मुख्यालय ले गई। हालांकि कई घंटे पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। सोने की तस्करी को लेकर नगर दूर तक बदनाम हो चुका है। सीओ टांडा संगम कुमार का कहना है कि सोने की तस्करी के मामले मे युवकों को उठाने का मामला मामला संज्ञान में नहीं है।

जॉनीपाल हत्याकांड में कई युवक हिरासत में

मसवासी, अमृत विचार: गांव करीमपुर में जॉनीपाल हत्याकांड में पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। लेकिन पुलिस अभी किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है।

करीमपुर में होरीलाल के 26 वर्षीय पुत्र जॉनीपाल की कुछ लोगों ने शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी थी। शव को गांव के नजदीकी एक गन्ने के खेत में फेंक दिया था। रविवार सुबह गन्ने छिलाई करने पहुंचे मजदूर ने शव देखा था। होरीलाल पाल का कहना था कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। वह भेड़-बकरियां चरा कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। जबकि जॉनीपाल काशीपुर की गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करता था। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला लिया है। पुलिस ने शक के आधार पर कई युवकों को हिरासत में लिया है।

निर्माणाधीन पुल से लोहे की 55 प्लेटें चोरी, तहरीर दी

संवाददाता, केमरी

अमृत विचार: क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के निर्माणाधीन पुल की छत बनाने में शटरिंग के लिए लगने वाली लोहे की 55 प्लेट चोर चोरी कर ले गए। कर्मचारियों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रामपुर-केमरी मार्ग स्थित पीलाखार नदी पर सिंगल लेन पुल है। इसके कारण लोगों को आवागमन में असुविधा में होती थी। अब पीडब्ल्यूडी एक और नए पुल का कार्य करा रहा है। साइट इंजीनियर वेद प्रकाश के मुताबिक, रविवार देर रात तीन बजे निर्माणाधीन पुल के पास रखी छत की शटरिंग की 55 प्लेटें चोर चुरा कर ले गए। यहां खेत में एक बीघा गेहूं की फसल का नुकसान कर दिया।

नष्ट की गई गेहूं की फसल।

मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। उधर थाना प्रभारी सतेंद्र यादव का कहना है कि अभी चोरी के मामले में हमारे पास कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आएगी तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

शराब की दुकान व ढाबों पर की चेकिंग

संवाददाता, मसवासी/स्वार

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। शराब की दुकानों व ढाबों पर अवैध शराब की बिक्री को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। इस क्रम में कई ढाबों पर रात चेकिंग अभियान चलाया गया।

स्वार कोतवाल संदीप त्यागी चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने टीम के साथ मुरादाबाद मार्ग स्थित शराब की दुकानों पर जांच की। सेल रजिस्टर भी चेक किया। पुलिस ने सेल्समैन को हिदायत की कि वह किसी अन्य राज्य की मार्का शराब की बिक्री न करें। ढाबा संचालकों को ढाबों के बाहर भीड़ एकत्र न करने की हिदायत की। ढाबों पर कुछ लोग शराब पी रहे थे। पुलिस को देखकर भाग गए। मेहरपुर में देसी शराब की दुकान पर निर्धारित रेट से अधिक दाम वसूलने पर कुछ लोगों ने हंगामा किया।

स्वार में शराब की दुकान में चेकिंग करते कोतवाल संदीप त्यागी। ● अमृत विचार

शराब सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाया कि सेल्समेन क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर की साठ गांठ से मनमानी दामों पर शराब बेचता है। इस मामले में जिलाधिकारी से दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। स्वार क्षेत्र में कोतवाल संदीप त्यागी ने नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रो में ठेका देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों पर अभियान चलाया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह,कस्बा इंचार्ज ललित कुमार समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

लापरवाही अग्निशमन विभाग में निर्धारित पदों के मुकाबले स्टाफ का टोटा, किसान गेहूं की फसल को लेकर चिंतित

गर्मी में आग की घटनाओं का बढ़ रहा खतरा, तैयारी अधूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मार्च में तापमान बढ़ने लगा है। गर्मी में आग की घटनाओं का खतरा रहता है। लेकिन जिले में दमकल विभाग की तैयारियां अधूरी हैं। विभाग में स्टॉफ का टोटा है। अगर इस स्थिति में आग की घटना हुई तो बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

जिले की छह तहसीलों में 680 ग्राम पंचायतें हैं। सभी गांवों में गेहूं व गन्ने की फसल उगानी जाती है। काफी स्थानों पर बिजली के तार खेतों के ऊपर से होकर गुजरते हैं। इस चिंगारी निकलने के दौरान फसल में आग लगने का खतरा रहता है। पुलिस लाइन और नैनीताल रोड पर अग्निशमन विभाग का मुख्यालय है। कुछ गांवों में फायर स्टेशन भी हैं लेकिन काफी वर्ष से स्टॉफ नहीं होने के कारण कुछ ही कर्मचारियों से विभाग चल रहा है। जिला मुख्यालय से लेकर गांव में बने फायर स्टेशनों में स्टॉफ की कमी है। स्टाफ के पास एक बड़ा टैंकर है जिसमें आठ हजार लीटर तक पानी आ जाता है इसके अलावा तीन पांच-पांच हजार लीटर के टैंकर हैं।

राधा रोड स्थित अग्निशमन विभाग का कार्यालय। ● अमृत विचार

उधर, अप्रैल में गेहूं की फसल कटी जाती है। इस दौरान बिजली के तारों की चिंगारी से फसलों में आग लगने का खतरा रहता है। विभाग द्वारा कंट्रोल रूम बनाकर सरकारी नंबरों बारे में लोगों को जानकारी दी जाती है। लेकिन विभाग भले ही कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है लेकिन विभाग अपना दायित्व पूरी तरह से निभा रहा है। मुख्यालय से पानी भरकर वाहन घटनास्थल के लिए रवाना हो जाते हैं।

जिले में स्वीकृत पदों की संख्या

पद	संख्या	मौजूद	खाली
सीएफओ	1	1	00
एफएसओ	7	00	7
एफएसओ सेंकेड	8	03	5
लीडिंग फायर मैन	16	6	10
चालक	16	12	4
फायर मैन	121	88	33
फलोवर	14	2	12

> अग्निशमन विभाग में काफी समय से एफएसओ से लेकर फायर मैन तक की कमी है। इस बारे में कई बार उच्च अधिकारियों को बताया जा चुका है। इस स्टाफ से जनता की सेवा की जा रही है।
>
> –अकुंश मित्तल, सीएफओ

प्रतिबंधित आयुर्वेदिक, यूनानी दवाओं पर लगा प्रतिबंध

रामपुर, अमृत विचार: क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि काफी समय पहले आयुर्वेदिक दवाओं का परीक्षण किया जाता है। ऐसे में औषधियों पर संदेह था तो उनको लखनऊ निदेशालय लेबोरेट्री में जांच कराई गई थी। जिसके बाद आई जांच रिपोर्ट में 22 औषधियों में मिलावट पाई गई। क्षमता से अधिक मात्रा पाई गई थी। जबकि 10 औषधि बेअसर थीं। यह नकली पाई गई। इसके बाद लाइसेंस प्राधिकारी और निदेशक डॉ. पीसी सक्सेना ने रामपुर को निर्देशित कर तत्काल प्रभाव से मेडिकल स्टोरों पर इन दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। शाम को आदेश आने के बाद संबंधित मेडिकल स्टोर अध्यक्ष दीपक शर्मा को पत्र भेज दिया गया है। अब यह दवाएं मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलेगी। मेडिकल स्टोर संचालकों से साफ तौर पर इन दवाओं को नष्ट करने के लिए कह दिया गया है।

जिला अस्पताल में प्रशिक्षण में बोलते जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां।

स्कूल के पास तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित : सीएमएस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने कोटपा एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धारा-4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूमपान निषेध है। धारा 5 के अंतर्गत किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद बीड़ी, सिगरेट, गुटखा का प्रचार प्रसार प्रतिबंधित है।

सीएमएस ने बताया कि धारा 6-ए के अंतर्गत 18 साल से कम उम्र के बच्चे न तो तंबाकू उत्पाद बेच सकते हैं, न खरीद सकते हैं। स्कूल के 100 गज के अंदर तंबाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। जिला अस्पताल में आयोजित प्रशिक्षण जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन ने कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी। इस दौरान मोहम्मद रिजवान, तैय्यब, हेल्प डेस्क मैनेजर अनुभव भारद्वाज समेत स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय आदि शामिल रहे।

संस्थागत प्रसव के लिए करने होंगे अधिक प्रयास

रामपुर, अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग की मुफ्त सेवाएं अपने समुदाय को पहुंचाने को अब इस प्रशिक्षण के बाद तैयार हो गई है। क्षेत्र में संस्थागत प्रसव कराने पर पूरा जोर देना है और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करना होगा।

प्रशिक्षण के समापन पर सीएमओ डा. एसपी सिंह ने आशाओं से कहा कि टीकाकरण के लक्ष्य पर भी विशेष ध्यान देना होगा। राज्य प्रशिक्षक डा. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि गर्भवती माताओं की देखरेख एवं एफआरयू तक डिलीवरी ले जाने तक देखभाल करने को तैयार हो चुकी है। उम्मीद है कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन आशाएं ठीक से करेगी। बाद में सभी आशाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान प्रशिक्षण नीरज कुमार, विवेक गौतम और सीता देवी मौजूद रहे।

एक नजर

ट्रक-डंपर की भिड़ंत में मजदूर की जान गई

स्वार (रामपुर), अमृत विचार : मधुमक्खियों का पेटियां उतारकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर डंपर से टकरा गया। जिससे ट्रक में सवार एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक समेत छह मजदूर बाल-बाल बच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। रविवार को एक ट्रक आगरा से मधुमक्खियों का पेटियां भरकर उत्तराखंड के कालाढूंगी गया था। ट्रक लौटते समय मुरादाबाद-नैनीताल हाईवे तहसील क्षेत्र के गांव मुंशीगंज के निकट पहुंचा तो डंपर से भिड़ंत हो गई। इसमें सवार जनपद आगरा के दमकोर निवासी मजदूर सुरेन्द्र सिंह (20) पुत्र हाकिम सिंह की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को बार एसोसिएशन के सभागार में बार और रामपुर लायर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई। इसमें बार के सदस्यों ने न्यायालय भवन एवं अधिवक्ता चेंबर स्थानान्तरण को लेकर प्रशासन की ओर से नया कारागार स्थल नैनीताल रोड के विषय पर विचार किया गया। इसमें व्यस्त रहने के कारण सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि मंगलवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

दवा लेने जा रहे बाइक सवार दंपती को डंपर ने रौंदा, गभर्वती महिला की मौत

अजीमनगर क्षेत्र में खौद चौराहा के पास हुआ हादसा, स्वार जा रहे थे दोनों

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह स्वार रोड पर डंपर ने बाइक सवार दंपती को रौंद दिया, जिससे गर्भवती की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

भोट थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा निवासी रईस अहमद पत्नी रूमा (21) की दवा लेने बाइक से स्वार जा रहा था। जब दोनों स्वार रोड स्थित खौद चौराहा के पास पहुंचे तो डंपर ने इनकी बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। जिससे दो-ढाई माह की गर्भवती रूमा की मौत हो गई जबकि, पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद महिला को जिला अस्पताल ले जाते लोग। ● अमृत विचार

हादसे के बाद चालक डंपर लेकर मौके से भाग लिया। दुर्घटना की सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर में परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगा।

दो वर्ष पहले हुई थी शादी

गांव मलिक मिर्जा की रहने वाली रूमा की शादी रईस अहमद से दो वर्ष पहले हुई थी। अभी दोनों के पास कोई संतान नहीं थी। दोनों संतान की तैयारी में थे। लेकिन उससे पहले ही सोमवार को हादसे में महिला की जान चली गई। जिससे दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

कैंटर की टक्कर से ग्रामीण की गई जान

स्वार, अमृत विचार : बिलासपुर तिराहे के मोड़ पर सोमवार कैंटर ने बाइक सवार व्यक्ति को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। गांव मीरापुर निवासी शकील अहमद (45) पुत्र अहमद अली बाइक पर सवार होकर नगर में किसी काम से आ रहा था। जब वह नगर बिलासपुर तिराहे के मोड़ पर पहुंचा तो बाजपुर की दिशा से आ रहे कैंटर ने उसे रौंद दिया। इस दौरान चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी। कैंटर पुलिस ने को कब्जे में लिया है।

फर्जी बैनामे से मकान खरीदने में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहबाद, अमृत विचार : फर्जी बैनामे से मकान खरीदने वाले सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव धुरियाई निवासी प्रमोद यादव ने कोर्ट के जरिए नगर के मोहल्ला फर्राशान निवासी रियासत, उसके भाई इकरार, अनवार, मां कबीरन, मोहल्ला एसडीएम कॉलोनी निवासी रवि शंकर उसकी पत्नी रिंकी और मुरादाबाद के मैनाठेर थाने के गांव ताहरपुर निवासी के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। प्रमोद के मुताबिक उसने अपने साथियों के साथ फर्राशान स्थित एक मकान 25 लाख रुपये में खरीदा था। इसका बैनामा सात अक्तूबर 2023 को करा लिया था। आरोप है कि इसके बाद 6 जनवरी 2024 को रियासत, उसके भाई और मां ने जालसाजी करके इसी मकान का बैनामा रविशंकर के नाम करा दिया। इसका गवाह रिंकी और विनोद को बनाया गया है।

बच्चों को कराया एयरपोर्ट का भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक चमरौआ के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के लिए दलपतपुर स्थित मुरादाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की पराग डेयरी और एयरपोर्ट का भ्रमण कराया गया।

चयनित विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं को आंबेडकर पार्क में एकत्र किया गया। यहां से शिक्षकों के साथ इन्हें बसों से भ्रमण पर ले जाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने हरी झंडी दिखा कर बस को रवाना किया। डेयरी में बच्चों ने दूध की पैकिंग, उससे बनने वाले उत्पादों, पैकिंग में प्रयोग होने वाली मशीनों को देखा। मूंढापांडे स्थित एयरपोर्ट का भ्रमण भी करवाया गया। बच्चों ने एयरपोर्ट के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक्स रे मशीन्स,

बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीईओ। ● अमृत विचार

एटीएस टर्मिनल को देखा। स्टाफ से हवाई यात्रा के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक निब्बी सिंह, रामनगर, हरियाल, शंकरपुर, लालपुर पट्टी कुंदन, जिठनिया शर्की, जटपुरा, ककरौआ, भंडपुरा, मगरमऊ, रायपुर, मुंडियाखेड़ा, अहमद नगर खेड़ा, मडैया उदयराज, नौगवां, कल्याणपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चमरौआ समेत अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। इनके साथ बीईओ राजेन्द्र सिंह बोरा, एआरपी वीरेंद्र कुमार, ओमपाल सिंह, अंजुम सक्सेना, उमेशपाल सिंह, महेंद्र हल्दिया, सुमन अरोरा, विवेक कुमार, पिंकी गुलाटी, अनुभा सक्सेना, सोनी गुप्ता, अस्मत खान, शालिनी अग्रवाल, सुशील कुमार, फिरासत, बाला कुमारी, तबस्सुम बी मौजूद रहे।

कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, दो लोग घायल

स्वार, अमृत विचार: तेजगति से आ रही कार ने अनियंत्रित हुई ई- रिक्शा मे टक्कर मार दी। जिससे महिला समेत ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। चिकित्सक ने महिला हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव हरदासपुर कोठरा निवासी जमील अहमद ई- रिक्शा चलाता है। सोमवार को ई रिक्शा चालक सवारियों को लेकर स्वार की ओर आ रहा था। जैसे ही ई- रिक्शा स्वार रामपुर मार्ग स्थित गांव धनौरी के चौराहे पहुंची कि विपरीत दिशा से तेजगति से आ रही कार ने अनियंत्रित हो टक्कर मार दी। जिससे ई- रिक्शा मे सवार गांव धनपुर शाहदरा निवासी महिला मुश्तरी व चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है।

अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते सेवादार। ● अमृत विचार

भमरौआ मंदिर के पास से खंभा हटवाने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भमरौआ महादेव मंदिर श्री पातालेश्वर शिवालय सेवा ट्रस्ट की तरफ से विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि भमरौआ महादेव मंदिर की पुलिया छोटी है।

इस पर विद्युत निगम खंड तीन की ओर से सिंचाई विभाग की अनुमति के बिना खंभे को जबरन भमरौआ मंदिर के मोड़ पर लगाया गया है। इन खंभों के न हटने से नहर खंड विभाग, अपर कोसी नहर के ऊपर पुलिया का निर्माण नहीं करा पा रहा है। इस खंभे को जल्द से जल्द हटवाया जाए। इस अवसर पर मंदिर सेवादार संजय गुप्ता, सरदार मंजीत सिंह, सरदार सतपाल सिंह, सत्य प्रकाश, मास्टर रोशन लाल, विष्णु हरि गुप्ता, सुदेश यादव आदि रहे।

छात्रों को जानकारी देतीं जिला कमिश्नर गाइड नरवंत कौर। ● अमृत विचार

ध्वज नियम और प्रतिज्ञा के बारे में दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्काउटिंग व गाइडिंग शिविर लगा। इसमें जिला कमिश्नर गाइड नरवंत कौर ने संगठन के इतिहास व महत्व के बारे में बताया।

स्काउट गाइड, बैच, ध्वज, नियम व प्रतिज्ञा के बारे में भी बताया गया। इस दौरान डॉ. प्रवेश कुमार, प्रदीप डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. प्रदीप चौधरी, डॉ. माणिक रस्तोगी, डॉ.सोमेंद्र सिंह, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. सोनिया यादव, डॉ. शाहिदा परवीन, बीएड के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

मारपीट के मामले में तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : दुकान के बंटवारे को लेकर मारपीट व गैर-जमानती वारंट के मामलों में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। केमरी थाने के प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी बब्बू पुत्र मोहम्मद नबी को मौके से पकड़ा गया है। वह एक दुकान के बंटवारे को लेकर अपने ही मोहल्ले के रहने वाले अफजाल पुत्र उस्मान से मारपीट कर रहा था। वहीं, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कोटा अलीनगर गांव निवासी शमशेर सिंह शेरा पुत्र सुच्चा सिंह व मोहल्ला शीरी मियां निवासी निसार अहमद पुत्र अंसार अहमद को हिरासत में लिया गया है। यह दोनों सालों पुराने मामलों में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। अदालत ने इनके विरुद्ध वारंट जारी किए थे।

मनकरा-भंडपुरा में अवैध खनन रोकें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भाकियू (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने कोसी और मनकरा में अवैध खनन रोकने और आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि कोसी में अवैध खनन से मंढौली बांध भी खतरे में है।

मंसूरपुर, आगापुर, मनकरा और भंडपुरा के किसान प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्र हुए। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद से राय मशवरा लेने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे। एडीएम राजस्व एवं वित्त को ज्ञापन सौंपा। उसमे कहा कि हाईवे बाईपास के चौड़ीकरण के लिए आगापुर और मंसूरपुर जंगल के निकट कोसी नदी से अवैध खनन हो रहा है। मिट्टी उठाने की परमीशन

एडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

▸▸ कलेक्ट्रेट में किसानों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

एक मीटर की थी। लेकिन मिट्टी 8 से 10 मीटर गहराई उठाई गई। मंढौली बांध की तलहटी से भी मिट्टी उठाई गई है। इस तरह चमरौआ के मनकरा और भंडपुरा में अवैध खनन हो रहा है। आरोप लगाया कि कंट्रक्शन कंपनी मानक के विपरीत खनन कर रही है। कोसी नदी खेतों का भी अस्त्वि खतरे में पड़ गया है। एडीएम से जांच कराकर दोषियों के कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हसीब अहमद, मोहम्मद तालिब, जुबैद आलम, जावेद ,सरताज सुब्हान अली, गुलाम मोहम्मद, मुस्तकीम,शाने आलम, चौधरी राजपाल सिंह, अमित लोधी, छिद्दा नेता, रामगोपाल हाजी असलम शामिल थे।

कवायद शहर, शाहबाद, बिलासपुर-मिलक रोड पर चिह्नित हुए थे अवैध कट

सड़कों से खत्म होंगे अवैध कट, दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: होली के बाद जिले में लोक निर्माण विभाग अवैध कट बंद कराएगा। दो माह पहले अवैध कट बंद करने के लिए शहर समेत तीन स्थान चिह्नित हुए थे। ये कट जनवरी में बंद होने थे। हालांकि कट बंद होने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

रामपुर-शाहबाद रोड पर रात में सड़क पार करने के प्रयास में लोग अपनी जान गवां देते हैं। बिलासपुर-मिलक रोड पर भी अवैध कट लोगों के लिए खतरा बने हैं। यहां खुले कट से लोग अभी भी गुजर रहे हैं। जो हादसे का सबब बन सकता है। बिलासपुर-मिलक रोड पर आए दिन लोग चोटिल होते हैं। लोक निर्माण विभाग ने दो माह पहले रामपुर-शाहबाद, पटवाई चौराहे

डायमंड रोड पर अवैध रूप से निकाला गया कट। ● अमृत विचार

▸▸ सड़कों पर कट बंद नहीं होने से होती हैं आए दिन दुर्घटनाएं

के साथ ही बिलासपुर मिलक के सिमरापुल और बिलासपुर-मिलक स्थित खानपुर जदीद को चिह्नित किया था। अब इसका स्टीमेट लखनऊ शासन को भेजा गया था। शासन से 30 से 40 लाख रुपये की मंजूरी मिली थी। अब उम्मीद जताई जा रही है कि होली के बाद इन कटों को बंद किया जाएगा। लोनिवि निर्माण खंड के केवी सिंह ने बताया कि जिले में जहां-जहां अवैध कट हैं, इन्हें होली के बाद बंद करवाया जाएगा। इससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। लोग सुरक्षित सफर कर सकेंगे।

डायमंड रोड पर होते हैं आए दिन हादसे

डायमंड रोड से स्टार चौराहे तक बने डिवाइडर को लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार काट दिया है। जिससे लोग बराबर चोटिल हो रहे हैं। सप सरकार में शाहबाद गेट से लेकर स्टार चौराहे तक लाखों रुपयों की लागत से डिवाइडर बनवाए गए थे। दो किलोमीटर की दूरी में विभाग ने सिर्फ दो कट बनवाए थे। इनमें पहला कट स्टार चौराहा, जबकि दूसरा शाहबाद गेट की ओर निकाला गया था। लेकिन अब रोड पर लोगों ने तीन कट और बना लिए हैं। इसमें पहला विशाल मेगा मार्ट, दूसरा किडजी स्कूल के सामने, तीसरा कट मोहसिन ए आजम कॉलोनी के पास खोल दिया गया है। इन कट को निकलाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने पालिका प्रशासन को नोटिस दिया गया। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है।

मुडिया कलां गांव में पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

साठा धान उगाने पर पाबंदी लगाना गलत : गंगवार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में पंचायत ग्राम मुंडिया कलां में हुई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिलासपुर में कुछ किसानों ने धान की पौध तैयार की है। किसान साठा धान की खेती करेगा, तो उस पर पाबंदी लगाई जाएगी। कहा कि जिले के सभी किसानों को एक समान दर्जा दिया जाना चाहिए।

कार्यालयों में अधिकारी किसानों का सम्मान करें। इस दौरान लखविंदर गंगवार, राजेंद्र गंगवार, सतीश गंगवार, विनोद गंगवार, राम किशोर प्रजापति, मेवा राम गंगवार, पूरन लाल आर्य, ओमप्रकाश गंगवार, नरेश बाबू गंगवार, मुन्ना लाल गंगवार, विजय पाल आदि मौजूद रहे।

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

एक नजर

ग्रामीण क्षेत्रों से हटाई गई प्रचार सामग्री

बिलासपुर,अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रचार सामग्री हटाने का अभियान चलाया गया खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने उत्तराखंड से सटे गांव दिबदिबा, बंगाली समुदाय बाहुल्य गांव मानपुर ओझा तथा धावनी हसनपुर गांव में भ्रमण कर इस अभियान का जायजा लिया। प्रमुख ग्रामीण मार्गों पर से उन्होंने अपने सामने प्रचार सामग्री उतरवाई। बीडीओ ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के पांचों एडीओ समेत सभी ग्राम सचिवों व अन्य कर्मचारियों को इस अभियान में लगाया गया है। प्रत्येक गांव से प्रचार वाले होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर, झंडे, फ्लेक्सी आदि उतार दिए गए हैं। प्रचार वाली दीवारों को भी पोत दिया गया है। आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

शाहबाद गेट, बरेली गेट पर ट्रकों से लगा जाम

रामपुर,अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान बब्लू ने कहा कि बरेली गेट से शाहबाद गेट रोड पर रोजाना ट्रक ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत से अंदर शहर में एंट्री कर रहे है। जिसे रोका जाना आवश्यक है। कहा कि पुलिस अधीक्षक जनपद में अपराध मुक्त, जाम से मुक्ति दिलाए जाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए।

धर्मस्थलों में कराए जाए बिजली कनेक्शन

रामपुर, अमृत विचार : विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी स्वार ने धर्म गुरूओं से कहा कि मंदिर, मठ, मस्जिद, मजार, दरगाह, गुरूद्वारा, चर्च,मदरसों में 10 दिन के भीतर कनेक्शन कराए जाए। कहा कि धार्मिक संस्थानों के लिए विद्युत निगम की ओर से कोई भी निशुल्क योजना नहीं है। इसीलिए धर्मगुरुओं से अपील है कि संस्थानों में जल्द ही बिजली कनेक्शन कराए जाए। कहा कि चेकिंग के दौरान कहीं भी अवैध कटिया केबल के जरिए चोरी से होते हुई मिली तो उपभोक्ता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

शराब के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर,अमृत विचार : सिविल लाइन पुलिस ने गश्त के दौरान 40 लीटर शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी फैजान पुत्र पप्पू उर्फ तसलीम निवासी नाले के पास बाबादीप सिंह नगर को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ बरेली गेट गिरफ्तार किया। थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पिता-पुत्र को पीटने में टोल प्लाजा के मैनेजर और दो कर्मचारी गिरफ्तार

आरोपियों ने मारपीट कर घायल करने के बाद नकदी व सोने का ब्रेसलेट लूटा था

संवाददाता, भोट (रामपुर)

अमृत विचार: तीन दिन पहले रामपुर काठगोदाम हाईवे स्थित कोयला टोल प्लाजा पर मुरादाबाद निवासी कार सवार पिता पुत्र के साथ मैनेजर व उसके साथियों ने मारपीट कर नकदी व सोने का ब्रेसलेट लूटा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी टोल प्लाजा मैनेजर व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लूटी नकदी व सोने का ब्रेसलेट बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में टोल प्लाजा के मैनेजर व कर्मचारी। ● अमृत विचार

मुरादाबाद में आवास विकास कॉलोनी निवासी संजय गुप्ता अपने पुत्र अनन्य अग्रवाल के साथ कार से हल्द्वानी से रामपुर आ रहे थे। शाम करीब छह बजे कोयला टोल प्लाजा पर पहुंचते ही टोल गेट पर लंबी लाइन देख, उन्होंने कर्मचारी से जानकारी चाही तो वह गाली गलौज करने लगे। उनके पुत्र ने विरोध किया था तो कर्मचारी ने अपने तीन अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया था।

आरोप है कि कर्मचारी की सूचना पर मौके पर पहुंचे टोल प्लाजा मैनेजर व उसके तीन अन्य साथियों ने पिता- पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया था। उनकी जेब में रखी साढे. आठ हजार रुपये की नकदी व उनके पुत्र के हाथ में पहना सोने का ब्रेसलेट छीन कर धमकाते हुए फरार हो गए थे। संजय गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने टोल प्लाजा मैनेजर व उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। तभी से पलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इस बीच जांच के दौरान मामले में कानपुर के घाटमपुर निवासी टोल प्लाज के मैनेजर प्रियांशु सचान, सुनील कुमार के साथ ही कानपुर के ग्राम गोपालपुर निवासी योगेश का नाम भी प्रकाश में आया था।

▸▸ मुरादाबाद के रहने वाले हैं पीड़ित पिता-पुत्र

सोमवार को थाना पुलिस की टीम ने तीनों आरोपियों प्रियांशु सचान, सुनील कुमार व योगेश को चाकू चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

पालिका ईओ ने चौक नाले की कराई सफाई

रामपुर,अमृत विचार: स्टार चौराहे का नाला काफी लंबे से चोक है। बरसात होने पर यहां पर जलभराव होता है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाला साफ करने की आई शिकायत पर पालिका की टीम सक्रिय हो गई। सोमवार सुबह दस बजे स्टार चौराहे पर ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे।

जहां उन्होंने मौके पर देखा कि कूड़ा कचरे से नाला अटा पड़ा है। इस पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारिका प्रसाद को मौके पर निर्देशित किया जेसीबी लगाकर नाले की साफ सफाई कराई जाए। जिससे कि लोगों को आने में जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। ईओ ने बताया कि शहरी क्षेत्र में जो नाले चोक है। उनकी साफ-सफाई जेसीबी के माध्यम से कराई जा रही है। सफाई कर्मियों को निर्देशित किया है कि नाले की सफाई करते समय जो कीचड़ निकल रही है। उसे ट्राली में भरकर टंचिंग ग्राउंड में फेंकवाया जाए। वह सड़क पर जहां-जहां पसरी न हो। लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

सार संक्षेप

14500 उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन

रामपुर, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जारी है। रजा इंटर कॉलेज में सोमवार को 10477 और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में 4500 हजार कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि मूल्यांकन मंगलवार को भी जारी रहेगा। मूल्यांकन प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रही है। इस बीच वाराणसी में सहायक अध्यापक की गोली मारकर हत्या को लेकर शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा गया। शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। कहा कि वाराणसी जिले से परिषदीय परीक्षा 2024 की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल लेकर मुजफ्फनगर के राजकीय हाईस्कूल महगांव के सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की साथी सुरक्षा कर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शोक संवेदना में राजकीय शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश, दिवंगत धर्मेंद्र कुमार ने शोक संवेदना प्रकट की। परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा और आरोपी पुलिस कर्मी को फांसी की सजा दी जाए।

गेट परीक्षा में तारिक को मिली ऑल इंडिया 156 वीं रैंक

भोट,अमृत विचार : भोट निवासी मोहम्मद तारिक ने गेट परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 156 वी रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीणों व परिजनों में खुशी है। अपनी सफलता का श्रेय अपने अविभावक एवं गुरुजनों को दिया है। तारिक ने बताया कि उन्होंने हाईस्कूल की शिक्षा भोट स्थित सेंट जैवियर स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा मिल्टन स्कूल बिलासपुर से करने के बाद जौहर यूनिवर्सिटी से बीटैक किया था।भविष्य में वह एमटेक कर सिविल इंजिनियरिंग में पीएचडी करना चाहते हैं।

घायल लोगों का हाल जानने पहुंचे सांसद

शाहबाद, अमृत विचार : मुख्यमंत्री की सभा में शामिल होने जा रही बस दुर्घटना में घायल लोगों का सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने हाल जाना। कहा कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो वह हर वक्त उनके साथ हैं। शनिवार सुबह शाहबाद के कई गांव से बसें मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुईं। जिसमें एक बस शाहबाद के गांव शाहपुर देव व मीरापुर से भी रवाना हुई। शाहबाद-रामपुर मार्ग पर जैसे ही यह बस उदयपुर की पुलिया के पास पहुंची। इस दौरान आगे चल रहे डंपर ने इमरजेंसी ब्रेक ले लिए। इस बीच बस चालक बस को कंट्रोल नहीं कर पाया। बस डंपर में जा घुसी। हादसे में 15 लोग घायल हो गए।सोमवार को सांसद घनश्याम सिंह लोधी उनका हाल जानने गांव शाहपुर देव पहुंचे और उन्हें भरोसा दिलाया कि वह हर हाल मी उनके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि महेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, महेश चन्द्रवंशी,राजू गुप्ता, महेंद्र सिंह ,विवेक पांडेय ,वेदप्रकाश चन्द्रवंशी, शिवम बजरंगी,अनुभव शर्मा , रोहित कुमार,वीरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

पुजारी ने लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

बिलासपुर, अमृत विचार : मंदिर के पुजारी ने दो लोगों पर नशे में अभद्रता करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला कायस्थान स्थित गौरी शंकर मंदिर में पुजारी हरीश कुमार शास्त्री उर्फ मनीश सोमवार को कुछ भक्तों के साथ कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वह मंदिर में पूजा पाठ करते हैं। रविवार देर रात मोहल्ले के ही रहने वाले दो लोग नशे में मंदिर के मुख्य गेट पर लात घूसें मारकर गेट खुलवाने का प्रयास करने लगे। एक व्यक्ति के पास दो नाली बंदूक भी थी। विरोध करने पर वे उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने बताया शोर शराबा बोने पर वहां से फरार हो गए।

बच्चों में नैतिक मूल्य स्थापित कराएं शिक्षक : बीएसए

शाहबाद, अमृत विचार : बीएसए संजीव कुमार ने कहा कि शिक्षक शिक्षण के साथ ही बच्चों में नैतिक मूल्य भी स्थापित करें। उन्हें समाज में अच्छाई व बुराई भी बताते चलें। उनमें समझने की क्षमता का भी विकास करें। सोमवार को बीएसए संजीव कुमार भीतरगांव स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

महिलाओं को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ के निशुल्क विधिक सहायता केंद्र के अंतर्गत राजकीय महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का सोमवार को आयोजन हुआ।

कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधिक छात्र-छात्राओं ने महिलाओं को जागरूक किया। एलएलबी की छात्रा सायमा बी ने साइबर अपराध, तुबा कयूम ने निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। बीए एलएलबी की छात्रा प्रियंका प्रिया ने उपभोक्ता संरक्षण, एलएलबी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीती पाठक ने महिलाओं के अधिकार और सूरज ने लोक अदालत के विषयों पर जागरूक किया। एलएलबी के अन्य छात्र माशूक, अरविन्द व विक्की शिविर में शामिल रहे। दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष व प्रवक्ता ने छात्र छात्राओं को विधि से संबंधित जानकारी प्रदान की। राजकीय महिला पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा के निर्देशन में शिविर को संपन्न कराया गया। जिसमे महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं समस्त प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

भाजपा प्रत्याशी 27 को करेंगे नामांकन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर सांवरिया फार्म हाउस में बैठक कई चरणों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में समस्त पदाधिकारी को चुनाव की जानकारी दी। दूसरे सत्र में जनप्रतिनिधि और मंडल अध्यक्ष को संबोधित किया। 27 मार्च 2024 को नामांकन करना तय हो गया।

सांवरिया गेस्ट हाउस स्थित लोकसभा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के पश्चात नामांकन के लिए भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी प्रस्थान करेंगे। बताया कि लोगों से संपर्क करना और समस्त कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्रों में प्रत्येक वोट से उनके घर जाकर संपर्क करना और उन तक उनके वोट की पर्ची पहुंचाना प्राथमिकता रहेगा। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र प्रभारी हरि सिंह ढिल्लो, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, सूर्य प्रकाश पाल, अभय गुप्ता, चंद्र प्रकाश शर्मा, अर्चना गंगवार, चित्रक मित्तल, सुरेश गंगवार, मोहनलाल सैनी, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पूर्व विधायक बिना भारद्वाज, काशीराम, अली यूसुफ अली उपस्थित रहे।

बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव को लेकर बूथों का सत्यापन शुरू

शाहबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न बूथों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया गया है। ईओ पुनीत कुमार ने बताया कि सोमवार को मंगोली भीतरगांव में नगर पालिका के कर्मचारियों ने बूथों का भौतिक सत्यापन किया। शेष बूथों का सत्यापन प्रगति पर है। ईओ ने बताया कि सत्यापन के क्रम में बूथों पर बिजली, भवन, पानी, शौचालय और रैम्प की सुविधा की स्थिति का जायजा लिया गया। जिन बूथों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वैसे मतदान केंद्रों पर मतदान के पूर्व बूथों पर मतदाताओं के लिये सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर लिपिक नवेद मियां, मुजीब मियां एवं रेहान अली आदि मौजूद रहे।

रानी गाय ने दिया जुड़वा बछड़ों को जन्म

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

अमृत विचार: वृहद गो संरक्षण केंद्र किरा में संरक्षित रानी नाम की गाय ने दो बछड़ों को जन्म दिया है। दोनों बछड़ों के नाम वीरा और मीरा रखे गए हैं। इससे गोशाला कर्मचारियों में खुशी है। गोशाला में मिठाई बांटी गई।

सूचना के बाद एसडीएम सुनील कुमार प्रथम भी गोशाला पहुंचे। उन्होंने बछड़ों की देखरेख के लिए चिकित्सक की ड्यूटी लगाई है। एसडीएम ने बताया कि सोमवार को रानी नाम की गाय ने एक साथ दो बछड़े जन्मे। रानी की केयर कर रहे कर्मियों को इससे काफी खुशी हुई। पशु चिकित्सा अधिकारी अश्विनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों बछड़े स्वस्थ हैं और खूब उछल कूद कर रहे हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि किरा गोशाला में क्षमता से अधिक गोवंश हैं। इसके बावजूद भी गोशाला कर्मी गोवंश की सेवा में लगे रहते हैं। गोशाला में गायों को नाम से ही पुकारा जाता है। गोशाला में पहली बार रानी नाम की गाय ने दो बछड़ों को जन्म दिया। उधर, गोशाला में जुड़वा बछड़ों के जन्म होने की खबर आसपास के गांव में फैल गई। लोगों का कहना है कि इंसानों के जुड़वा बच्चे होना आम बात है, लेकिन गोमाता के दो बछड़ों को एक साथ जन्म देने की घटना अनोखी है। उन्होंने बताया कि गाय के दो बछड़े होने की बात जीवन में पहली बार देखी सुनी है।

जुड़वा बछड़ों के बारे में जानकारी देते पशु चिकित्सा अधिकारी। ● अमृत विचार

रमजान बाद होगा हज यात्रियों का प्रशिक्षण

रामपुर, अमृत विचार : हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनों का प्रशिक्षण और टीकाकरण होगा। जो पवित्र माह रमजान के बाद होना संभावित है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिए अभी हज प्रशिक्षण स्थल चिह्नित किए जाने हैं। इसके लिए जिले के ऐसे मदरसा व स्कूल चयनित किए जाएंगे, जिनमें लगभग 150 व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण दिया जा सके। हॉल, वाहन पार्किंग, प्रसाधन एवं पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था हो। पूर्व वर्षों के चयनित प्रशिक्षण स्थल को भी नामित कर सूची उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति को 27 मार्च तक उपलब्ध करा दी जाएगी। ताकि समय रहते स्थलों पर हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम कराना संभव हो सके।

परीक्षा देकर प्रसन्न मुद्रा में बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

12वीं के 1143 परीक्षार्थियों ने दी अर्थशास्त्र की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: सीबीएसई 12वीं के अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा सोमवार को 13 केंद्रों पर हुई। इसमें 1143 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। 12वीं के परीक्षार्थी निर्धारित समय सुबह 10 बजे केंद्र पर पहुंच गए। जबकि केंद्र पर परीक्षा 10 : 30 बजे शुरू हुई। अर्थशास्त्र विषय में 1161 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। परीक्षा देने के पश्चात पेपर अच्छा होने से परीक्षार्थी प्रसन्न मुद्रा में केंद्र से बाहर निकले। सोनम ने बताया कि अर्थशास्त्र एक रुचिकर विषय है। पेपर में वही प्रश्न आए जो क्लास में पढ़ाए गए। घर में भी पढ़ाई बहुत अच्छी तरह से की। प्रश्नों को हल करने में कोई परेशानी महसूस नहीं हुई। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा की तैयारी अभिभावकों ने कराई।

परेशानी | दुकानदार दुकानों के सामने सड़क पर रखते हैं सामान, चिह्नित जगहों पर नहीं खड़े किए जाते हैं ई-रिक्शा

ई-रिक्शासे शहर में लगता है जाम, लोग होते हैं परेशान

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। नगर के मुख्य चौराहों पर फड़ वाले, ई-रिक्शा व टेंपो जाम का सबब बने हैं। दुकानदार दुकानों के सामने सामान सड़क पर रख देते हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जगह चिह्नित होने के बावजूद चालक ई-रिक्शा संबंधित जगहों पर खड़ी नहीं करते हैं।

मुख्य मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण होने से जाम लगता है। हालांकि पुलिस पिकेट भी लगती है। ई-रिक्शा एवं टेंपो के आडे-तिरछे खड़ा कर देने से इस जाम लगता है। इससे तहसील मुख्यालय जाने वाले अधिकारी एवं जिला मुख्यालय समेत उत्तराखंड में पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राओं को दिक्कत होती है। कोतवाली मार्ग पर जाम के चलते मरीजों को सीएचसी एवं थाने पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। यही हाल नगर के बिलासपुर तिराहा समेत मुख्य बाजार का है। जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन अभियान चलाता है। एसडीएम अवनीश कुमार ने बताया कि निजी बस, ई- रिक्शा व टेंपो से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए जगह चिह्नित कर ई-रिक्शाओं को खड़ा करने के निर्देश दिए थे। अतिक्रमण अभियान चलाकर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वार मुख्य चौराहा पर जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

जाम से निजात दिलाने की मांग करते हैं। अतिक्रमण प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। अगर अधिकारी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें तो इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है।
- परवेज अख्तर, समाजसेवी

पुलिस अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए। तभी जाम से मुक्ति मिलेगी। प्रशासन ने अभियान चलाकर निजी बस, टेंपो, ई रिक्शा के लिए जगह चिह्नित कर खड़ा करने के निर्देश दिए थे। वह मानने को तैयार नहीं है।
- अजेन्द्र राठौर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष

ई- रिक्शा व ऑटो जगह-जगह खड़ा कर देने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दुकानदार दुकानों के सामने सड़कों पर सामान रखते हैं। नगर पालिका को चाहिए कि वह अभियान चलाकर सड़क पर रखे सामान को जब्त करें।
- मोहम्मद आरिफ अल्वी

पुलिस प्रशासन ने जाम से निजात दिलाने के लिए निजी बसों के लिए जगह चिह्नित की थी। लेकिन मनमानी कर बसों को मुख्य चौराहों पर खड़ा कर देने से जाम लग जाता है। जिस का खामियाजा लोगों को उठाना पड़ता है।
- मोहम्मद आसिफ

जीजा की तारीफ करने पर पत्नी को पीटा

सैदनगर,अमृत विचार : हर समय जीजा की तारीफ करना पत्नी को भारी पड़ गया। खफा पति ने पत्नी को पीटा तो मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने पति-पत्नी के गिले शिकवे दूर कराकर समझौता करा दिया है। मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के गांव का है। गांव निवासी एक युवक की पत्नी हर समय अपने जीजा की तारीफ करती थी। रात को सोते समय भी पत्नी कभी-कभी जीजा का नाम लिया करती थी। रविवार देर रात पत्नी ने जब अपने जीजा को याद किया तो पति भड़क गया।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैने अपने पुत्र समीर एवं पुत्रवधू तंजीला को उनके गलत व्यवहार व गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवं सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये कृत्यों के ये लोग स्वंय जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक या वास्ता नहीं होगा। साजिद पुत्र श्री फरजन्द अली निवासी ग्राम भोट थाना भोट तह० सदर जि० रामपुर ।

एक नजर

रामगंगा विहार में चोरी के मामले में एफआईआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार में कल्पना चावला पार्क के पास की रहने वाली संयोगिता के घर चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संयोगिता ने बताया कि इस मामले में उन्होंने एसएसपी से मिलकर घटना बताई थी। इसके बाद अब उनकी रिपोर्ट दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि उनके घर से 1.88 लाख रुपये नकद और जेवरात आदि कीमती सामान चोरी हुआ था। उधर, सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि संयोगिता की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। अज्ञात चोरों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है।

चुनाव के लिए होने लगी वाहनों की व्यवस्था

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों की रवानगी समेत अन्य कार्यों के लिए वाहनों की व्यवस्था होने लगी है। यातायात प्रभारी अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव को बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में 368 वाहन सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट समेत उड़न दस्ते, वीडियो निगरानी टीम को मुहैया करवाए जाएंगे। इसके अलावा लगभग 450 बसें और 326 मिनी बसें चुनाव में लगेंगी, जिसमें 10 फीसदी रिजर्व भी शामिल है।

चोरी का आरोप सिद्ध होने पर मिली युवक को सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : चोरी के मामले में अभियुक्त फुरकान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी गंजोवाली मिलक थाना भगतपुर को न्यायालय ने उसके द्वारा जेल में बिताई गई अवधि 12 माह व 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अधिवक्ता शैलेश शेखर ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध 10 नवंबर 2011 को मूंढापांडे थाने में कलुआ ने चोरी का मामला दर्ज कराया था।

विवाहिता का मिला शव

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ थाना क्षेत्र के पट्टीवाला गांव की विवाहिता का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक महिला नीतू के पड़ोसी पिंटू ने बताया कि उनके घर के बाहर ही रेलवे लाइन है। उन्हें पता चला है कि रात में नीतू घर से निकली थी, उसके बाद उसका कटा हुआ शव सुबह रेलवे ट्रैक पर पाया गया है। नीतू के कोई संतान नहीं थी। साल भर पहले इनके पति कुलदीप की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी।

दिग्गजों की दावेदारी से भाजपा सपा में फंसा टिकट का पेंच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **अभी तक दोनों दल नहीं कर पाए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान**

अमृत विचार : भले ही लोकसभा चुनाव का ऐलान हो गया है, लेकिन मुरादाबाद लोकसभा सीट से सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही दलों में मौजूदा सांसद व पूर्व सांसद समेत कई दिग्गजों ने टिकट के लिए दावेदारी की है। जिसकी वजह से भाजपा व सपा हाईकमान मंथन करने में लगा है। सूत्रों की माने तो बुधवार को दोनों दल अपने-अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर सकते हैं।

समाजवादी पार्टी से मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन चुनाव लड़ने के लिए मजबूती से अपनी दावेदारी कर रहे हैं। वहीं 2019 में चुनाव हारे पूर्व सांसद सर्वेश सिंह भाजपा में सबसे मजबूत दावेदारों में शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा में कई और दिग्गज तथा सपा में दो मौजूदा विधायकों ने टिकट के लिए दावेदारी कर रखी है। वहीं भाजपा सूत्रों की माने तो पार्टी मुरादाबाद सीट पर महिला प्रत्याशी उतार सकती है या फिर किसी नये चेहरे को लाकर सभी को चौंका सकती है।

भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में मंडल की छह सीटें हार गई थी। इसी कारण पार्टी चुनाव में कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। लेकिन पूर्व सांसद सर्वेश सिंह अपनी दावेदारी में लगे हैं। इसके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम और डॉ. विजय सिंह चौहान भी दावेदारी में शामिल हैं। वहीं सपा के सामने मुरादाबाद लोकसभा सीट को बचाने की लड़ाई है। सपा किसी भी हाल में यह सीट हारना नहीं चाहती है।

इसलिए पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित करने में काफी मंथन कर रही है। सपा में मौजूदा सांसद डॉ. एसटी सबसे प्रबल दावेदार हैं, लेकिन देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी और कांठ विधायक कमाल अख्तर भी टिकट के लिए दावेदारों में हैं।कुल मिलाकर भाजपा और सपा में एक साथ कई दिग्गजों की दावेदारी से टिकट का पेंच अभी तक फंसा हुआ है। वहीं सूत्रों का कहना है कि भाजपा और सपा बुधवार को अपने-अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर देंगे। जबकि बहुजन समाज पार्टी पहले ही इरफान सैफी को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में होगा पर्चा दाखिला, कलेक्ट्रेट के चारों ओर की गई बैरिकेडिंग

तैयारियों में जुटे अधिकारी, कल से नामांकन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 20 मार्च से होनी है। इसकी तैयारी में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी जुट गए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर के चारों ओर बैरिकेडिंग कर आने जाने वालों की जांच शुरू कर दी गई। बांस बल्लियों के सहारे बैरिकेड कर वाहनों को रोका गया। वहीं जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे निगरानी के लिए लगाए गए।

लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में नामांकन की तैयारियां की गई हैं। 20-27 मार्च तक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर की किलेबंदी की गई है। चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सभी को निर्देश दिए हैं। सोमवार को अधिकारियों की निगरानी में नामांकन की तैयारियों को कराया गया। कलेक्ट्रेट में बैरिकेडिंग होने से चार पहिया वाहनों को बाहर ही रोका गया। केवल दोपहिया वाहन चालक ही अंदर आ पाए। नामांकन के दिन वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां ही अंदर आएंगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद ने बताया कि 20-27 मार्च तक नामांकन के लिए तैयारियां की गई हैं। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

नामांकन की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट में की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

होली को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

कुर्ता-पायजामा और रंग-बिरंगी टोपियों का युवाओं में क्रेज, बच्चों को भा रहीं कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रंगों के त्योहार होली को लेकर जनपद के बाजारों में काफी चहल-पहल बढ़ गई है। लोग अपने परिवार के साथ रंग-अबीर व पिचकारी की खरीदारी करते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा कपड़े की दुकानों में भी दिनभर खरीदारों की भीड़ लगी रही।

25 मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर पूरा बाजार होली के रंग में रंगने लगा है। रंग-अबीर के साथ ही बच्चों को लुभाने वाली पिचकारियों से बाजार पट गया है। दुकानों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। बाजार में बंदूक और पाइपनुमा देशी पिचकारियां ही ज्यादा उपलब्ध हैं। इस बार चाइना निर्मित पिचकारियां काफी कम दिख रही हैं। वहीं युवाओं के बीच तरह-तरह के मास्क और कैप का क्रेज है। रंग-बिरंगी टोपियां युवाओं को खूब पसंद आ रही हैं और जमकर इसकी खरीदारी हो रही है। इसके अलावा होली में चेहरे को अलग लुक देने के लिए कृत्रिम मूंछ, दाढ़ी आदि की भी मांग बढ़ गई है। शेर बाल, जटा वाला बाल, मिक्की माउस, जोकर, मोटू-पतलू, स्पाइडर मैन के मुखौटे आदि की खूब बिक्री हो रही है।

होली की तैयारी को लेकर ताड़ीखाना चौराहे पर दुकान पर पिचकारी पसंद करते बच्चे। ● अमृत विचार

होली की टी-शर्ट दिखाता दुकानदार।

होलिका को अर्पित करेंगे पर्यावरण अनुकूल सामग्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : आदर्श होली कमेटी की बैठक में होलिका में पर्यावरण के रक्षार्थ औषधीय पदार्थों से निर्मित सामग्री अर्पित करने का निर्णय लिया गया। इसमें हवन सामग्री, गाय का घृत, गिलोय, चिरायता, सफेद इलायची, कपूर, बूरा, रत्नजोत, नारियल, गुगल, गाय के गौबर से बने उपले व समिधाएं आदि से दहन करने का निर्णय लिया गया। मदनपाल सिंह, प्रकाशवीर, सत्य प्रकाश पाल, ,मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

होली पर बढ़ी कुर्ता पायजामा की मांग

होली का त्योहार नजदीक आते ही कपड़ों की खरीदारी भी शुरू हो गई है। त्योहार को देखते हुए कुर्ता-पायजामा की मांग बढ़ गई है। वहीं युवतियों को कुर्ती, टॉप, जीन्स, सूट आदि ज्यादा भा रहे हैं। दुकानों में हर आयु वर्ग के लिए कपड़े उपलब्ध हैं।

होली पर दिल्ली के लिए बढ़ाए जाएंगे रोडवेज बसों के फेरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **रोडवेज प्रबंधन ने पूरी की तैयारियां, 22 मार्च से एक अप्रैल तक मिलेगी सुविधा**

अमृत विचार : होली पर्व मनाने के लिए घर जाने वाले यात्रियों को सफर करने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए रोडवेज ने अपनी बसों के 219 फेरे बढ़ाने का फैसला लिया है। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

22 मार्च से दिल्ली व कौशांबी समेत अन्य बसों में यह सुविधा एक अप्रैल तक लागू की जाएगी। हर साल होली का पर्व मनाने के लिए जिले में नौकरी करने वाले लोग अपने घरों को जाते हैं। लंबी दूरी के लोग ट्रेन से सफर तय करते हैं, लेकिन छोटे व आसपास के जिलों में रहने वाले लोग बसों से जाते है। ऐसे में होली के पर्व पर बसों में काफी भीड़ हो जाती है। इसलिए रोडवेज प्रबंधन की ओर से होली के पर्व को लेकर स्पेशल बसों का संचालन किया जाता है और बसों के फेरे भी बढ़ाए जाते हैं। मौजूदा समय में मुरादाबाद परिक्षेत्र में परिवहन निगम के पास 751 बसें हैं। लेकिन इस बार भी होली के मौके पर यात्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए बसों के विभिन्न रूटों पर फेरे बढ़ाने का फैसला लिया गया है। जिसमें दिल्ली, कौशांबी व रामनगर रूट मुख्य हैं। परिक्षेत्र की क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि विभिन्न रूटों पर यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए फेरे बढ़ाए गए हैं। जिसमें दिल्ली, कौशांबी, रामनगर रूट पर 17 फेरे, दिल्ली, कौशांबी, हल्द्वानी रूट पर 30 फेरे, दिल्ली, कौशांबी, टनकपुर रूट पर 14 फेरे, दिल्ली, कौशांबी, बरेली रूट पर 40 फेरे, दिल्ली, कौशांबी, गोरखपुर सोनौली रुपईडीहा रूट पर 11 फेरे, दिल्ली कौशांबी लखनऊ रूट पर 12 फेरे, दिल्ली कौशांबी बदायूं चंदौसी बिल्सी संभल रूट पर 16 फेरे बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि यह सुविधा 22 मार्च से एक अप्रैल तक होली प्रोत्साहन योजना लागू कर दी जाएगी।

जिले को मिले नए दरोगाओं को पुलिस लाइन सभागार में पुलिसिंग समझाते एसएसपी।

जिले को मिले 143 नए दरोगा एसएसपी ने समझाई पुलिसिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शनिवार को हुई पासिंग आउट परेड के बाद मुरादाबाद पुलिस को भी 143 नए रिक्रूट (दरोगा) मिल गए हैं। इन लोगों ने जिले में आकर आमद भी दर्ज करा ली है।

सोमवार को एसएसपी हेमराज मीना ने इन नए दरोगाओं को पुलिस लाइन सभागार में पुलिसिंग समझाई है। उन्होंने नए रिक्रूटों के सामने अपने तमाम अनुभव साझा कर उनसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ पुलिस विभाग में सेवा देने की उम्मीद जताई। इसी के साथ उन्होंने लोक सभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन संबंधी विषय पर भी उन्हें समझाया। इस दौरान चुनाव कार्यालय के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने भी नए दरोगाओं से अपने अनुभव साझा किए।

23 मार्च से ऑनलाइन वोटिंग करेंगे निर्यातक

मुरादाबाद, अमृत विचार : हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईपीसीएच) की प्रशासनिक समिति के सदस्य पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। ईपीसीएच के सभी सदस्य निर्यातक सेंट्रल रीजन से समिति के दो सदस्यों को चुनने के लिए 23 मार्च से ऑनलाइन वोटिंग करेंगे।

ईपीसीएच की सेंट्रल रीजन कमेटी के चेयरमैन एवं सीओए सदस्य पद के प्रत्याशी अवधेश अग्रवाल ने बताया कि सेंट्रल रीजन के अंतर्गत 2700 मतदाता चुनाव में अपना वोट ऑनलाइन डाल सकेंगे। ईपीसीएच के सभी सदस्य मतदाताओं को ऑनलाइन बैलेट पेपर एनएसडीएल की तरफ से मिलना शुरू हो गया है। ऑनलाइन मतदान 27 मार्च तक किया जा सकेगा। सेंट्रल रीजन के अंतर्गत मुरादाबाद समेत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व बिहार में ईपीसीएच के सदस्य निर्यातक चुनाव में मतदाता की भूमिका निभा रहे हैं।

गृहमंत्री अमित शाह से वार्ता करते पूर्व सांसद सर्वेश सिंह।

दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री से मिले पूर्व सांसद सर्वेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण के बीच सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। साथ में विधायक बढ़ापुर कुंवर सुशांत सिंह भी रहे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात के दौरान लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। पूर्व सांसद ने केंद्रीय गृहमंत्री को पूर्ण भरोसा दिलाया कि मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड मतों के साथ कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। उल्लेखनीय है कि 2014 में कुंवर सर्वेश सिंह ने मुरादाबाद सीट से भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी।

कुष्ठ रोग उन्मूलन में गंभीरता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एमओआईसी व आरबीएसके टीम के चिकित्साधिकारियों की कार्यशाला सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में हुई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. तनुज शर्मा ने कहा कि पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलक्सिस कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा हर कुष्ठ रोगी के आसपास 20 लोगों को दवा की एकल खुराक खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य है कि यदि किसी दूसरे व्यक्ति के शरीर में रोग का जीवाणु गया है तो वह समाप्त हो जाए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने कहा कि जिन ब्लॉकों में कुष्ठ के चाइल्ड केस निकले हैं वहां आरबीएसके टीम की मदद से विशेष अभियान चलाया जाए। जिससे छिपे हुए कुष्ठ रोगियों की सही समय पर पहचान कर उनका इलाज हो सके। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने कहा कि कुष्ठ रोग की विकलांगता से प्रभावित मरीजों की सर्जरी करने के निर्देश राज्य स्तर से प्राप्त हुए हैं, इसके लिए सभी ब्लॉक कार्य करें। इस दौरान डॉ. नितिन यादव, रामानंद बाजपेई, विनोद कुमार पाल, दानवीर सिंह, राहुल भटनागर आदि ने सहयोग किया।

सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सक व अन्य।

सतर्कता

▸▸ **मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन**

नामांकन स्थल पर सुरक्षा में होंगे पांच सीओ और 200 कांस्टेबल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **सीसीटीवी की निगरानी में रहेगी नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नामांकन के संबंध में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध कर लिए हैं। उम्मीदवारों का नामांकन त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगा। नामांकन कक्ष तक केवल प्रत्याशी और उनके प्रस्ताव को ही प्रवेश मिलेगा। जबकि उनके सहयोगी व समर्थक को कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर रहना पड़ेगा।

मुरादाबाद सीट पर लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मतदान होना है। इसके लिए 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। नामांकन कलेक्ट्रेट परिसर में होंगे, जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि नामांकन स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा का पहला स्तर आईसोलेशन का होगा, जिसमें नामांकन कक्ष आता है। इसके अलावा नामांकन स्थल और उसके आसपास के इलाके को इनर कार्डन और आउटर कार्डन में बांटा गया है। तीनों स्तर पर सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल और पीएसी जवान तैनात रहेंगे। नोडल अधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट गेट पर सघन जांच के बाद ही संबंधित लोगों को अंदर प्रवेश दिया जाएगा। नामांकन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्ट्रेट गेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने की सड़क पर बेरिकेडिंग कराई गई है। यहां वाहनों का प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। राजमहल होटल, कमिश्नर ऑफिस तिराहा, डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क और आईएमए हॉल मोड पर बैरियर लगाया चेकिंग की जाएगी। कलेक्ट्रट परिसर के आसपास चार पहिया वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि नामांकन स्थल और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच सीओ, आठ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 200 एसआई और सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। पीएसी जवानों की भी एक कंपनी तैनात की जाएगी। नामांकन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे से नियमित निगरानी होगी।

निगम ने दुकानदारों के खिलाफ की कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोमवार को नगर निगम की टीम ने मधुबनी कालोनी में रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा खोले गए दरवाजों को बंद करवा दिया और दोबारा खोलने पर पांच हजार जुर्माना व रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की चेतावनी दी है।

काफी समय से मधुबनी पार्क में रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा गंदगी फैलाई जा रही थी। इसकी शिकायत कालोनी में रहने वाली अलका अरोड़ा, अमिता शर्मा व कुलदीप विश्नोई ने नगर आयुक्त से की थी। सोमवार को टीम ने रेस्टोरेंट संचालकों, जूस सेंटर व अन्य दुकानदारों द्वारा पार्क की ओर खोले दरवाजे बंद कराए। कालोनी के लोगों ने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट में भोजन करने पहुंचने वाले लोग पार्क में शराब का सेवन कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल एसके शाही, पर्यावरण विशेषज्ञ आरएस विष्ट, नईम हैदर, राकेश कुमार शामिल रहे।

कुरान मुकम्मल होने पर हुई दुआ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रमजान के महीने में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में महानगर के जिगर कालोनी में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हुआ। जहां मुल्क की तरक्की और कौम की सलामती के लिए दुआ की गई।

रमजान के महीने में रोजा रखने के साथ-साथ नमाज-ए-तरावीह भी पढ़ी जाती है। जिसमें हाफिज द्वारा कुरान करीम सुनाया जाता है। वैसे तो तरावीह की नमाज पूरे महीने पढ़ी जाती है, लेकिन जिन लोगों को कारोबार व नौकरी की मजबूरी होती है तो ऐसे लोगों के लिए पांच दिन, 10 दिन व 15 दिन की तरावीह भी पढ़ी जाती है। जिसके चलते जिगर कालोनी में सोमवार सातवें रोजे को कुरान मुकम्मल हुआ। यहां हाफिज अब्दुल बासित रोजाना चार पारे सुना रहे थे। उनके सामा हाफिज बरकतुल्लाह खान रहे। कुरान मुकम्मल मौके पर नातिया महफिल भी आयोजित की गई। जिसमें सैय्यद मोहम्मद हाशिम, गाजी सैफी व सुहैल खान समेत अन्य नातख्वा ने अपने कलाम पेश किए। आखिरी में मुल्क की तरक्की और कौम की सलामती के लिए दुआ की गई। इस मौके पर फिरासत खान, कमल अली खान, फराज खान, जहीर आलम, फरमान अली एडवोकेट, हाजी मोहम्मद आसिफ, शहजादे आलम, राशिद खान, हाफिज सईद उर रहमान, फहीम खान, काशिफ खान मोहम्मद हाशिम, शहजाद मलिक, रिजवान सैफी, अब्दुल वाजिद, इमरान खान, मोहम्मद शारिक, जैद खान, साकिब अहमद व फरमान तुर्की शामिल रहे।

तरावीह की नमाज पढ़ाते हाफिज अब्दुल बासित। ● अमृत विचार

▸▸ **नमाज-ए-तरावीह में कुरान मुकम्मल का सिलसिला जारी**

अस्पताल में बढ़े खांसी व बुखार के मरीज

मुरादाबाद, अमृत विचार : लगातार मौसम में बदलाव से लोगों की सेहत खराब हो रही है। सुबह व रात में ठंड और दोपहर में गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं। जिला अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में जुकाम, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं।

जिला अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार का कहना है कि लोगों की सेहत पर इनफ्लूएंजा का संक्रमण समस्या बन रहा है। उनका कहना है कि बदलते मौसम में जुकाम, खांसी, बुखार, गले में दर्द के लक्षणों के साथ बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। फिजीशियन डॉक्टर सीपी सिंह ने बताया कि तापमान में अधिक उतार चढ़ाव होने की वजह से वायरल संक्रमण के केस काफी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। दिन में मौसम गर्म होने लगा है और रात में ठंड बनी हुई है। दिन में ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक पीना, रात के समय बिना गर्म कपड़े पहने बाहर निकलना संक्रमण के चपेट में आने का कारण बन रहा है।

एक नजर



कच्ची शराब के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

40 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रहरा, अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग के दौरान गंगादास निवासी ग्राम ढकिया खादर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से प्लास्टिक की दो जरीकेन में करीब 40 लीटर कच्ची शराब, 200 लीटर लहन व प्लास्टिक के कट्टे में शराब बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने गंगादास के खिलाफ आबकारी अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की है।

तमंचे के साथ युवक पकड़ा

रहरा, अमृत विचार : पुलिस ने यामिन को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की गई है। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान ग्राम गंगानगर की तरफ पुलिया पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका। उसना अपना नाम यामिन पुत्र हबीबुल्ला बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा मिला।

पुलिस ने 16 वारंटियों को गिरफ्तार किया

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव एवं त्योहार पर शांति तथा कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर 16 वारंटी गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 16 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायालय में पेश किया करने के बाद जेल भेज दिया गया।

अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को मोहल्ला गांधी नगर स्तिथ मंदिर वाली सैनी धर्मशाला के पास करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर के बाद लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक की शिनाख्त का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दो बच्चों की मां को 20 साल के युवक से हुआ प्यार

प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : दो बच्चों की मां को 20 साल के युवक से प्यार हो गया। वह बीते दिनों उसके साथ चली गई थी। इस पर पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया। महिला ने थाने में जमकर हंगामा किया। बोली प्रेमी के साथ ही रहना है। महिला की उम्र करीब 37 वर्ष है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की जान-पहचान बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से थी। उसके दो बच्चे हैं। महिला के युवक से प्रेम संबंध हो गए। बताते हैं कि 11 मार्च को महिला प्रेमी के साथ घर से चली गई। काफी तलाशने के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो पति ने 15 मार्च को थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। रविवार को पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया और थाने ले आई। उसका पति व बच्चे भी थाने पहुंच गए। बताते हैं कि महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। जबकि उसके बच्चे युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। इसे लेकर काफी देर तक हंगामा होता रहा। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कोर्ट में महिला के बयानों के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपने परिवार के साथ नोएडा स्थित गारमेंट फैक्ट्री में काम करता था। आरोप था कि फेसबुक के माध्यम से शाहजहांपुर निवासी विजेंद्र पाल पुत्र सतीश उसकी नाबालिग पुत्री के संपर्क में आया और उसे बहला-फुसलाकर ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने विजेंद्र पाल, सतीश चंद, पंकज एवं पंकज की पत्नी के खिलाफ नाबालिग के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। उसके बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को नगर स्थित अतरासी बस स्टैंड के निकट से इस मामले में नामजद विजेंद्र पाल को गिरफ्तार कर लिया। एसएसआई शौकींद सिंह ने बताया आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

हसनपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

गन्ने के खेत से प्रेमी युगल पकड़ा पंचायत में कराया गया निकाह

संवाददाता, डिडौली/अमरोहा

- युवती का पड़ोस में रहने वाले बिरादरी के युवक से चल रहा था प्रेम प्रसंग
- प्रेमी युगल के परिजनों की मौजूगी में हुआ दोनों का निकाह

अमृत विचार : डिडौली में ग्रामीणों ने गन्ने में खेत से प्रेमी-युगल को पकड़ लिया। इसके बाद दोनों की जमकर धुनाई की और फिर पंचायत में उनका निकाह करा दिया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव में रहने वाली युवती का पड़ोस में ही रहने वाले बिरादरी के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों की प्रेम कहानी के पूरे गांव में चर्चे थे। लेकिन परिजन इसके खिलाफ थे। इसके चलते प्रेमी युगल परिजनों से छिपकर मिलने लगा। रविवार की शाम भी दोनों गांव के बाहर गन्ने के खेत में थे। इस दौरान उन पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई और दोनों को पकड़ लिया। प्रेमी युगल के परिजनों को भी बुला लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने युवक और युवती की जमकर धुनाई की। बाद में दोनों को गांव ले आए। इसके बाद गांव के जिम्मेदार लोगों की पंचायत बैठाई गई। इसमें दोनों के परिजनों को भी बुला लिया गया। पंचायत में मौजूद लोगों ने दोनों के परिवार वालों पर प्रेमी युगल का निकाह करने के लिए दबाव बनाया। पहले तो परिजन इनकार करते रहे मगर मामला गंभीर होता देख बाद में सहमत हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने एक मौलाना को बुलाकर दोनों का निकाह करा दिया। इसके बाद युवती प्रेमी के साथ ससुराल चली गई। प्रेमी युगल का निकाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बन है। दोनों पक्षों में समझौता होने पर मामले में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप जलाते प्राचार्य एवं अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

शिविर में सीखी बातों को जीवन में उतारें स्वयंसेवी

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। वक्ताओं ने स्वयंसेवियों से शिविर में सीखी गईं बातों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डा. अशोक कटारिया ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। एनएसएस गीत पर प्रस्तुति के बाद छात्राओं ने लघु नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक किया। कॉलेज के प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। इससे छात्र-छात्राओं को अच्छा करने व सीखने की प्रेरणा मिलती है। शिविर में जो कुछ सिखाया गया, छात्र-छात्राएं उसे अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खान ने कहा कि शिविर में सात दिनों तक अच्छा कार्य करने के लिए बच्चे बधाई के पात्र हैं। इस दौरान डा. अशोक गोला, शिव सैनी, राजाराम, चंद्रमोहन, पूनम शर्मा, रविंद्र सिंह, समरपाल सैनी, अर्शी, रिया, सोनम आदि मौजूद रहे।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

वित्तीय कंपनी ग्रेक्वेस्ट के साथ हुआ अनुबंध

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में सोमवार को देश के सभी बैंकों से सस्ता शैक्षणिक ऋण (एजुकेशन लोन) देने वाली देश की प्रतिष्ठित कम्पनी ग्रेक्वेस्ट के साथ अनुबंध हो गया है। विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी विकास भाटिया एवं ग्रेक्वेस्ट कम्पनी के चीफ ऐसोसिएट निदेशक शिशिर पुरोहित सिंह ने बताया कि इससे 2024-25 के सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। जबकि द्वितीय, तृतीय एवं अंतिम वर्ष में अध्यनरत छात्र-छात्राएं भी इसका लाभ उठा सकेंगे।

विश्वविद्यालय के डॉ. सीवी रमन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, ग्रेक्वेस्ट के एसोसिएट निदेशक शिशिर पुरोहित, कुलपति डॉ. एके शुक्ला एवं सीएफओ विकास भाटिया आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। विश्वविद्यालय के चीफ फाइनेंस अधिकारी विकास भाटिया एवं ग्रेक्वेस्ट के एसोसिएट निदेशक ने बताया कि इस योजना में देश के सभी बैंकिंग स्टूडेंट लोन से कम ब्याज दर पर शैक्षणिक ऋण उपलब्ध है। यह 1.99 प्रतिशत वार्षिक दर से शुरू होता है। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस अरोड़ा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, सलाहकार आरएस शर्मा, एफओ दशमीत सिंह, डीएफओ सौरभ यादव, विवेक, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा आदि मौजूद रहे।

दबंगों ने युवक को पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमरोहा, अमृत विचार : दबंगों ने युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। हाथ जोड़कर माफी मांगने पर भी लांत घूंसे बरसा रहे लोगों का दिल नहीं पसीजा। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला डिडौली कोतवाल क्षेत्र का बताया जा रहा है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कुछ लोग एक युवक को बेरहमी से पीटते रहे हैं। युवक हाथ जोड़कर उनसे रहम की भीख मांगता दिखाई दे रहा है। इसी बीच एक महिला भी उसकी चप्पल से पिटाई करती रही। वीडियो में दिखाई दे रहा दूसरा युवक उसके पेट पर लात मारता रहा। सोमवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मालला दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच की गई है। दोनों का आपस में कोई विवाद है। मामले में दोनों पक्षों के दो लोगों को गिरफ्तार का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

चेकिंग करने के नाम पर रोका जाए विद्युत उपभोक्ताओं का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आरटीआई एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार से मिलने पहुंचा। उन्हें क्षतिग्रस्त खंभों को बदलने व झूठी सूचनाओं के आधार पर उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान करने आदि के संबंध में मुख्य अभियंता को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सहायक अभियंता को सौंपा।

सोमवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी मनु शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल कार्यालय में मौजूद सहायक अभियंता आईटी शिवम कुमार से मिला। मुख्य अभियंता को संबोधित चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा गया कि विभाग द्वारा अभियान चलाकर जनपद के नगरों व कस्बों में आड़े, टेढ़े, टूटे, गले एवं क्षतिग्रस्त खंभों को चिह्नित कर नए खंभे शीघ्र लगाये जाएं। दो पक्षों के झगड़ों में पोर्टल इत्यादि पर की गई झूठी, फर्जी, अपुष्ट व अनावश्यक शिकायतों पर उपभोक्ताओं के परिसर की चेकिंग के नाम पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करने से बचने को विजिलेंस टीम व विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित करें। उपभोक्ताओं के उतारे गए मीटरों का उनके सामने परीक्षण कराया जाए। अधिशासी अभियंताओं, विजिलेंस टीम आदि को आरटीआई कार्यकर्ताओं के आवेदनों को समयबद्ध, सुस्पष्ट व पूर्ण सूचनाएं दिलाने हेतु निर्देशित करने की मांग की।

इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला महासचिव चंद्रगुप्त मौर्य, नगर अध्यक्ष विनोद मौर्य, अमित कुमार जैन, खुसरो नदीम, संजीव जिंदल, दिनेश सिंह, सैय्यद तंजीम हुसैन, दाऊद रिजवी आदि मौजूद रहे।

सहायक अभियंता आईटी शिवम कुमार को ज्ञापन देते आरटीआई एसोसिएशन के पदाधिकारी।

मांग

- आरटीआई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले सुभासपा के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान लोकसभा चुनाव में गठबंधन उम्मीदवार को लेकर चर्चा की गई।

सोमवार को पार्टी कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष से चुनाव को लेकर चर्चा की गई। 21 मार्च को चौधरी कंवर सिंह तंवर के फार्म हाउस झनकपुरी में होने वाले परिचय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर रणनीति तैयार की गई। इसमें अमरोहा की सुभासपा की टीम को लेकर सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी का स्वागत करते सुभासपा के पदाधिकारी।

सुभासपा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुभासपा और भाजपा का गठबंधन बेहतर बंधन है। यह प्रधानमंत्री की गारंटी का गठबंधन है। गठबंधन उम्मीदवार को चुनाव जिताया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर को लोकसभा अमरोहा सीट से जिताकर दिल्ली भेजने का काम करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। लोकसभा सीट जीतना हमारा मुख्य उद्देश्य है। लोगों से संपर्क करते रहे। इस दौरान आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, डॉ. दानिश, डॉ. सुहैल साबरी, ऋषिपाल प्रधान, तंजीम प्रधान आदि मौजूद रहे।

खाना नहीं बनाने पर युवक ने पत्नी को पीटा, दी तहरीर

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : खाना नहीं बनाने को लेकर पति ने महिला की जमकर धुनाई कर दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई। पीड़िता थाने पहुंची और पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

घायल मीना।

मामला थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सौहत का है। यहां रहने वाला बिजेंद्र रविवार की देर रात घर पहुंचा और अपनी पत्नी मीना से खाना मांगा। इस पर मीना ने बताया कि घर में आटा खत्म हो गया। इसलिए खाना नहीं बना है। इतना सुनते ही बिजेंद्र आग-बबूला हो गया और मीना की जमकर पिटाई कर दी।

मीना ने बताया कि बिजेंदर ने प्लास्टिक के पाइप से लगातार कई वार करके उसे घायल कर दिया। हंगामा होने पर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे बचाया। इसके बाद घायल मीना किसी तरह थाने पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

लापरवाही सीएचसी पर प्रतिदिन 50-60 लोगों को लगाई जा रही एंटी रेबीज वैक्सीन

तहसील क्षेत्र में कम नहीं हो रही कुत्तों-बंदरों की दहशत

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में कुत्तों एवं बंदरों की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रतिदिन कुत्तों-बंदरों के काटने से जख्मी हुए 50-60 लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रिकार्ड के अनुसार प्रति माह लगभग 1500 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जाती है। स्वास्थ्य विभाग के इस रिकार्ड में नए एवं पुराने मरीज शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इनमें ऐसे भी लोग शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर से खरीद कर वैक्सीन लाते हैं। लेकिन वह सब सरकारी अस्पताल में ही वैक्सीन लगवा रहे हैं। पूरी तहसील क्षेत्र की बात की जाए तो कुत्तों-बंदरों के हमले में जख्मी होने वालों की संख्या हजारों होगी। लेकिन कुत्तों एवं बंदरों से निजात दिलाने की जिम्मेदारी कोई भी विभाग नहीं उठा रहा। इसके चलते जनता में रोष है। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि सीएससी पर प्रतिदिन 50-60 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाए जा रहे हैं। सभी पीड़ित शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन लगवाने पहुंचा युवक। ● अमृत विचार

इन्हें पकड़वाने की कई बार मांग कर चुके हैं संगठन

हसनपुर, अमृत विचार : सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर बंदरों एवं कुत्तों को पकड़वाने की मांग की। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। जब भी कोई हादसा होता है तो पीड़ित और जनता को अधिकारी केवल आश्वासन ही देते हैं। इससे जनता में काफी रोष है। उन्होंने कुत्तों और बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। ताकि जनता को इस समस्या से निजात मिल सके।

हमले में कई लोगों की हो चुकी है मौत, सैकड़ों घायल

तहसील क्षेत्र में कुत्ते दर्जनों लोगों जान ले चुके हैं। क्षेत्र में कुत्तों का लंबे समय से आतंक है। लेकिन अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। 31 मार्च 2021 को गांव रामपुर निवासी चंद्रपाल के 12 वर्षीय पुत्र कक्षा पांच के छात्र शरद, चार अप्रैल 2022 को राजकुमार के आठ वर्षीय पुत्र आर्यन, हुसैनपुर में कक्षा नौ की छात्रा रिंकी तथा बिजनौरा गांव में चमन सिंह की पत्नी नथिया, दीपपुर निवासी खड़ग सिंह के इकलौते 12 वर्षीय बेटे कनिष्क को कुत्तों के झुंड मौत की नींद सुला चुके हैं। इसके अलावा क्षेत्र में 100 से अधिक लोगों को कुत्तों ने हमला करके जख्मी किया है। इसके बावजूद प्रशासन का इस तरफ ध्यान नहीं है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन	हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)	1) ऐशरमैन का इलाज
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)	2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)	3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच	4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन	5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन	

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

डीएम से चकबंदी प्रक्रिया रुकवाने की मांग

संभल अमृत विचार : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति तथा शोषित वर्ग उत्थान समिति के जिला महामंत्री अमरीष कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गांव धुरैटा एवं मिलक धुरैटा में चकबंदी प्रक्रिया रुकवाने की मांग की है। कहा है कि पूर्व में भी ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिए थे। प्रधान व संबंधियों द्वारा सहमति दी गई है जबकि चकबंदी प्रक्रिया के लिए न तो गांव में खुली बैठक बुलाई गई और न ही ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पास किया गया। जिस कारण चकबंदी प्रक्रिया अनियमित और गैरकानूनी है। मामले में डीएम से जांच कराने की मांग भी गई है।

कोर्ट के आदेश पर पकड़ा

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी विकास सैनी वाद विवाद को लेकर न्यायालय में तारीख पर नहीं पहुंच रहा था। न्यायालय ने विकास सैनी को गिरफ्तार करने के आदेश पुलिस को दिए थे। सूचना मिलने पर पुलिस सोमवार को विकास सैनी के घर पहुंची और गिरफ्तार कर लिया।

जमीन में हिस्सा न देने का आरोप

धनारी,अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के रामनगर उर्फ कनुआ नगला निवासी महिला ने अपने देवर, जेठ पर जमीन में हिस्सा न देने एक आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। महिला मूर्ति पत्नी विजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसमे एक पुत्र दस वर्ष का है। लेकिन देवर, जेठ ने घर पर कब्जा कर लिया और खेत की जमीन में भी हिस्सा नहीं दे रहे हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

स्कूल के बच्चों ने दिया मतदान करने का संदेश

बहजोई , अमृत विचार : भगत जी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अन्तर्गत नोडल अधिकारी डा. राजीव कुमार वार्ष्णेय ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापक अध्यापिका से मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेने की अपील की। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवांश, रंगोली प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में आध्या, वंशिका, दिया, आराध्या, अंजलि एवं मानवी की टीम विजेता रही। प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा, रितिका वार्ष्णेय, रजत वार्ष्णेय, रमाकांत शर्मा, नकुल वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

पुलिस हिरासत से भागा मुठभेड़ में घायल बदमाश

ड्यूटी में लापरवाही पर तीन पुलिस कर्मी निलंबित, जिला अस्पताल में हो रहा था सरगना का इलाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : दो दिन पहले मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से घायल हुआ लूटपाट करने वाले गिरोह का सरगना जिला संयुक्त चिकित्सालय से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में घायल बदमाश तेजी से भागता दिखा। एसपी ने ड्यूटी में लापरवाही पर तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

बहजोई थाना क्षेत्र के चौपा शोभापुर गांव में लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना चांद बाबू को बहजोई थाना पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पुलिस की गोली लगने से चांद बाबू घायल हुआ था। उसके पैर में गोली लगने के बाद इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल में चांद बाबू के साथ तीन पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था ताकि वह भाग न जाये। सोमवार को पुलिस चांद बाबू को अस्पताल से डिस्चार्ज कराने की तैयारी में थी।

जिला अस्पताल में सीसीटीवी फुटेज देखते सीओ, कोतवाल व अन्य।

लापरवाही

- इमरजेंसी कक्ष में ड्रेसिंग के दौरान चकमा देकर हुआ फरार
- पुलिस अस्पताल से डिस्चार्ज कराने की तैयारी में थी

डॉक्टरों ने पहले उसका एक्स रे कराया फिर इमरजेंसी कक्ष ड्रेसिंग के लिए लेकर आया गया। चांद बाबू कक्ष के अंदर था जबकि पुलिस कर्मी कक्ष के बाहर ही रहे। इसी दौरान जब पुलिस कर्मी बातचीत में मशगूल हुए तो चांद बाबू इमरजेंसी कक्ष से निकलकर भाग गया।

अस्पताल में कराह रहा था बदमाश फरार होते समय लगाई दौड़

संभल, अमृत विचार : पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे गैंग के सरगना चांद बाबू के पैर में पुलिस की गोली लगी थी। घायल होने के बाद उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया तो वह सोमवार को भी दर्द ने कराहने का नाटक कर रहा था। चांद बाबू अस्पताल से फरार न हो जाये इसके लिए एक दरोगा व दो सिपाही उसके साथ लगाये गये थे। सोमवार को ड्रेसिंग रूम से चांद बाबू फरार हुआ तो अस्पताल गेट से निकलते ही दौड़ लगा दी। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चांद बाबू दौड़ता हुआ शंकर चौराहा पर आया और फिर ई रिक्शा में बैठकर सरायतरीन की तरफ चला गया। सरायतरीन तक उसके जाने की पुष्टि रास्ते के सीसीटीवी कैमरों से होने की बात सामने आ रही है। पुलिस कर्मियों ने पहले चांद बाबू को अस्पताल परिसर में तलाशा और जब वह नहीं मिला तो बाहर की दौड़ लगाई। कुछ ही देर में संभल पुलिस के साथ ही संभल व बहजोई के सीओ भी पहुंच गये। पूरे जनपद में चेकिंग अभियान चलाया गया मगर फरार बदमाश देर रात तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। हालांकि कहा जा रहा है कि पुलिस चांद बाबू के नजदीक तक पहुंच गई है।

एक दरोगा व दो सिपाही निलम्बित

बहजोई। पुलिस अभिरक्षा से अपराधी के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने ड्यूटी पर तैनात दरोगा सत्येंद्र पूनिया के साथ ही सिपाही अजय कुमार व पंकज मलिक को निलंबित कर दिया है। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने तीनों पुलिसकर्मियों के निलंबन की पुष्टि की है।

एनडीए की राजनीति से नहीं मिलता मिजाज इसलिए छोड़ दी रालोद : अकीलुर्रहमान खां

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल इंडिया गठबंधन छोड़कर एनडीए में शामिल हुआ तो उन्हें लगा कि इस प्लेटफार्म पर राजनीति नहीं कर पाएंगे, इसीलिए रालोद छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। कहा कि संभल सीट से सपा के टिकट के लिए दावा किया है, लेकिन टिकट न मिला तब भी सपा के साथ रहेंगे।

रालोद के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अकीलुर्रहमान खां ने तीन दिन पहले लखनऊ में अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था। लखनऊ से वापस लौटने के बाद सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में अकीलुर्रहमान खां ने कहा कि वह संभल लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी का टिकट चाहते थे। अखिलेश यादव ने कहा कि आप पार्टी ज्वाइन कर लीजिए। इसके बाद उनके सामने 16 मार्च को सपा ज्वाइन कर ली। अकीलुर्रहमान खां ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का दामन इसलिए थामा क्योंकि वह किसानों, नौजवानों, मजदूरों की बात करते दिखे। जयंत चौधरी एनडीए में चले गए। इसी मजबूरी के कारण रालोद छोड़कर समाजवादी पार्टी के साथ आये हैं।

सोमवार को समर्थकों के बीच पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां। ● अमृत विचार

- रालोद एनडीए में गया तो लगा इस प्लेटफार्म पर राजनीति नहीं कर पाऊंगा

प्रिंटिंग प्रेस पर प्रचार सामग्री बिना वर्क आर्डर नहीं छापें

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जिले के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक में कहा कि कार्य आदेश के बाद ही प्रत्याशी या राजनीतिक पार्टी की प्रचार सामग्री छापी जाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को आदर्श आचार संहिता के बारे में बताया। कहा कि 6 जून तक आचार संहिता लगी रहेगी। इस पूरी अवधि में प्रिंटिंग प्रेस संचालक आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करें। राजनीतिक प्रचार सामग्री छापते समय प्रत्याशी से कार्य आदेश प्राप्त करें। क्या सामग्री छपनी है और कितनी संख्या में कब तक छपनी है। उसकी भी जानकारी अपने पास फोटो युक्त तीन प्रतियों में लेकर दो प्रति प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। छपाई से संबंधित एक रजिस्टर भी तैयार करेंगे। निरीक्षण करते समय अगर कोई ऐसी सामग्री प्राप्त होती है जिसका कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है तो प्रिंटिंग प्रेस संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व मोबाइल नंबर छपा हुआ होना चाहिए।

एक लाख से अधिक के लेनदेन पर रखें नजर

बहजोई। डीएम ने बैंक प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि बैंक में अगर एक लाख से अधिक का लेनदेन होता है तो उस पर सभी नजर रखेंगे। इसकी सूचना वरिष्ठ कोषाधिकारी को देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह में किसी भी खाते में कोई बड़ा लेनदेन नहीं हुआ है। लेकिन आदर्श आचार संहिता लगते ही किसी खाते में 1 लाख से अधिक धनराशि का लेनदेन होता है तो वह संदेह की स्थिति में आएगा।

बदायूं से कौन होगा भाजपा प्रत्याशी, टिकी निगाहें

गुन्नौर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने पहली सूची में बदायूं से पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव का नाम बतौर प्रत्याशी घोषित किया था। बाद में धर्मेंद्र यादव की जगह मुलायम सिंह यादव के भाई शिवपाल सिंह यादव के नाम का ऐलान कर दिया गया लेकिन भाजपा ने अभी तक बदायूं संसदीय सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं और लोगों की निगाहें टिकी हैं।

बदायूं लोकसभा सीट से सपा को टक्कर देने के लिए भाजपा की ओर से मजबूत यादव प्रत्याशी आने की चर्चा है।

कहा जा रहा है कि गुन्नौर के पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव भी टिकट के लिए जमकर पैरवी कर रहे हैं। लोगों को भाजपा के चेहरे का इंतजार है। भाजपा का प्रत्याशी कौन होगा? इसे लेकर कयासों और चर्चाओं का बाजार गर्म है।

जनकल्याण सेवा समिति ने बच्चों के साथ मनाया होली महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : जन कल्याण सेवा समिति ने सोमवार को सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल कंपोजिट विद्यालय मोहल्ला खातियान में बच्चों के साथ होली महोत्सव मनाया। होली के गीत भी गाए।

होली के गीतों पर बच्चों ने जम कर मस्ती की। इस दौरान बच्चे उत्साहित नजर आए। समिति की पदाधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें रंग, गुलाल, गुब्बारे देकर प्रोत्साहित किया। गुजिया और समोसे भी वितरित किए। सभी महिलाओं ने बच्चों के साथ होली का जश्न मनाया और गीत गाए। साथ ही होली के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में बच्चों को पेन, पेंसिल, कॉपी आदि सामग्री भी बांटी गई। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने हेतु प्रेरित किया। सचिव भावना गुप्ता, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मीनू फैंसी, सीमा सिंह, सीमा फैंसी, अंशु वार्ष्णेय, सारिका, राजेश्वरी, मधु तोमर, पूर्णिमा, आभा, संगीता शर्मा, पूनम वार्ष्णेय, संगीता गौतम, अनामिका सिंह, कांता अदलक्खा, अनुराधा, रुचि अग्रवाल, सुमन फैंसी, सोनी रस्तोगी आदि की सहभागिता रही।

स्कूल में बच्चों के साथ होली महोत्सव मनातीं समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

होली उत्सव कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

आयोजन

- होली के गीतों पर बच्चों ने जम कर मस्ती की
- बच्चों को पेन, पेंसिल, कॉपी आदि सामग्री भी बांटी गई

होली उत्सव में महिलाओं ने गीतों पर नृत्य कर मचाया धमाल

बहजोई, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के तत्वाधान में होली उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां महिलाओं ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं होली के गीतों पर जमकर नृत्य करते हुए धमाल मचाया। जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के होली उत्सव का शुभारंभ अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय व सचिव आशा वार्ष्णेय सहित अन्य पदाधिकारी ने भगवान श्री कृष्ण व राधा की पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने होली के गीतों पर नृत्य कर जमकर रंग गुलाल उड़ाया। राधा कृष्ण के गीतों पर नृत्य करते हुए जमकर तालियां बटोरी। इस दौरान प्रीति कठेरिया, आशा वार्ष्णेय, किरण शर्मा, प्रतिभा आर्य, दर्शन डीआर, कविता वार्ष्णेय, मीनू वार्ष्णेय, कमल शंकर, चायना वार्ष्णेय, गीता रस्तोगी आदि रहीं।

सार संक्षेप

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री। ● अमृत विचार

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दायित्वों की जानकारी दी

संभल/ओबरी, अमृत विचार : हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के तहत हुए प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी असमोली ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को दायित्वों की जानकारी दी। और उनका निर्वहन करने के निर्देश दिए। ब्लाक संसाधन केंद्र असमोली में हुए प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के दायित्व क्या हैं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका के बारे में भी बताया। इस दौरान एआरपी कृष्णपाल सिंह, अवधेश कुमार, पंकज मेहरोत्रा, पिंकेश कुमार चौहान ने भी विचार रखे।

छात्र-छात्राओं को समझाई मतदान की प्रक्रिया

संभल, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निर्वाचक साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता शिक्षा पर कार्यशाला हुई। जिसमें छात्र छात्राओं को पहली बार मत का प्रयोग करने की जानकारी दी गई।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा के संयोजक एवं डॉ.राष्ट्रवर्धन के निर्देशन में हुई कार्यशाला में मतदान केंद्र का दृश्य प्रस्तुत किया गया। प्रमोद कुमार ने पहली बार देश के लिए मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझाई। ईवीएम के मॉडल से बटन दबाकर वोट डालने के बारे में बताया। प्राचार्य ने कहा कि आगामी चुनाव में छात्र छात्राएं मतदान करें। जिन छात्र छात्राओं ने अभी तक वोट नहीं बनवाया है वह वोट बनवा लें। डॉ.जीत सिंह, डॉ.तनुज कुमार, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार का सहयोग रहा। इस दौरान सबा खान, चमन कुमार, सुभाष कुमार, एजाज मोहम्मद आदि रहे।

किसानों ने निर्माणाधीन नाले के विरोध में किया प्रदर्शन

संभल, अमृत विचार : किसानों ने प्रदर्शन करते हुए डीएम को पत्र भेजकर निर्माणाधीन नाले का निर्माण रोकने की मांग की। किसानों का कहना है कि घरों से निकलने वाला पानी नाले से होकर तालाब भरने के बाद खेतों में पहुंचकर फसल को बर्बाद करेगा। संभल नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला तुर्तीपुर इल्हा के पास स्थित तालाब तक घरों का पानी पहुंचाने के लिए पीडब्ल्यूडी व नगरपालिका की ओर से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार को नाले का निर्माण रोकने के लिए तुर्तीपुर इल्हा निवासी गंगाप्रसाद, इमरान, आदि ने निर्माणाधीन नाले के पास प्रदर्शन किया। बताया कि बस्ती के पास स्थित तालाब के पास उनके खेत हैं। बरसात में तालाब भरने के बाद पानी खेतों में पहुंचकर फसलों में नुकसान करता है।

सिरसी में रैली निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

रैली निकालकर मतदान की अलख जगाई

संभल/सिरसी, अमृत विचार : जवाहर लाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर में गांव मिलक में मतदाता जागरूकता रैली को कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार रस्तोगी और शिक्षक मोहम्मद असलम ने झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने गांव में घूमकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए लोकतंत्र के पर्व पर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में मिशन शक्ति बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर हुई गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एंटी रोमियो दल प्रभारी महेंद्र सिंह, महिला आरक्षी कौशल वती, अनीता देवी, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, बहमन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी, प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनीता सागर तथा ग्राम प्रधान फय्याज सैफी ने संयुक्त रुप से किया। प्रिया और पारुल ने सरस्वती वंदना की। कुमाशो और अलीना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

कहासुनी के बाद दलित महिला व पति से मारपीट

धनारी, अमृत विचार : थाना धनारी क्षेत्र के अन्तर्गत गांव कृतिया निवासी सोमवती पत्नी गोविन्द ने बताया कि सोमवार को सुबह 8 बजे वह पति गोविन्द के साथ खेत पर जा रही थी। इसी दौरान रास्ता रोककर गांव के ही सुमित, अरमान, शिवम, विवेक ने सोमवती साथ छेड़खानी की। विरोध किया तो लोगों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। आरोप है कि जब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गये तो दबंगों ने थाने के अंदर ही नहीं घुसने दिया। अब पीड़ित परिवार ने अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

दीवारों पर लगीं हैं राजनीतिक दलों की फ्लेक्सी

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : भले ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने पर लागू हुई आचार संहिता का पालन कराने के लिए अधिकारियों ने भाग दौड़ की लेकिन सरायतरीन में अब भी दीवारों पर राजनीतिक दलों की फ्लेक्सी लगी दिखाई दे रही हैं। पुलिस प्रशासन ने इन फ्लेक्सी को उतरवाने के लिए कदम नहीं उठाए हैं। सरायतरीन में कई स्थानों पर राजनीतिक दलों की फ्लेक्सी दीवारों पर लगी हैं। न तो लगाने वाले ही फ्लेक्सी उतार रहे हैं और न ही अधिकारियों ने इन्हें उतरवाने की जहमत उठाई है। आलम यह है कि पुलिस चौकी से कुछ आगे दीवार पर फ्लेक्सी लगी है तो रिक्शा स्टैंड के पास भी ऐसा ही नजारा दिख रहा है। कुछ अन्य स्थानों पर भी राजनीतिक दलों की सामग्री के नजारे दिख रहे हैं।

परेशानी 15 मार्च से दुकानों पर बांटा जाना था राशन, लेकिन घंटों कतार में खड़े रहने को विवश कार्डधारक

ई-वेइंग मशीनें ठप, राशन को भटक रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : पूर्ति विभाग ने जिले में कार्ड धारकों को राशन वितरण के लिए ई-पॉस मशीन के स्थान पर ई-वेइंग मशीन की व्यवस्था की तो समस्या खड़ी हो गई। चार दिन से ई वेइंग मशीनें कनेक्टिविटी के अभाव में सिर्फ शोपीस बनी हैं।

राशन के लिए लोग भटक रहे हैं। हालात यह हैं कि सिम कार्ड बदल दिए जाने के बावजूद मशीनों में कनेक्टिविटी नहीं आ रही है। बिगड़ी व्यवस्था को लेकर राशन डीलरों में रोष है।

पूर्व की व्यवस्था के तहत ई-पॉस मशीनों से ही राशन डीलरों कार्ड धारकों को राशन वितरित करते चले आ रहे थे। शासन के निर्देश पर पूर्ति विभाग ने संभल जिले के राशन डीलरों को ई-पॉस मशीन के स्थान पर ई वेइंग मशीनें उपलब्ध कराईं। कहा गया था कि ई वेइंग मशीनों से राशन व्यवस्था पारदर्शी और सुदृढ़ होगी। जिसे लेकर राशन डीलरों में भी उत्साह था लेकिन हालात ऐसे बने हैं कि ई वेइंग मशीनें सिर दर्द बन गई हैं। 15 मार्च से राशन वितरण किया जाना था लेकिन कोटेदारों को मिली ई वेइंग मशीनें नहीं चल पा रही हैं। कनेक्टिविटी नहीं आने के कारण ई वेइंग मशीनें शोपीस बनी हैं तो राशन डीलरों की दुकानों पर कार्डधारक दिक्कतों से जूझ रहे हैं। कार्डधारक घंटों तक कतारों में खड़े होकर ई वेइंग मशीन चल जाने पर राशन मिलने की उम्मीद लगा रहे हैं लेकिन यह पूरी नहीं हो पा रही है।

हालांकि दिक्कत आने पर पूर्ति विभाग ने वीआई के स्थान पर एयरटेल के सिम उपलब्ध कराए हैं, फिर भी ई वेइंग मशीनों में कनेक्टिविटी नहीं आ पा रही हैं। अन्य जिलों में कमीशन मिल गया लेकिन दूसरे जिलों को मशीनें भी नहीं मिल पाईं। इस समस्या से भले ही राशन डीलर और कार्डधारकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन पूर्ति विभाग समाधान कराने के लिए गंभीर नहीं दिख रहा है।

राशन डीलर बोले, चार महीने से नहीं मिला कमीशन, कैसे करें गुजारा

संभल अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद की बैठक बरेली सराय में स्थित कार्यालय पर हुई। राशन डीलरों ने कहा कि ई-वेइंग मशीनों में कनेक्टिविटी नहीं आ रही है। अधिकारियों को समस्या के बारे में बताया गया लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। कोटेदारों ने कहा कि रमजान के साथ-साथ होली के मौके पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कार्डधारकों की भीड़ राशन लेने पहुंच रही है लेकिन समस्या के चलते राशन नहीं मिल पा रहा है। कार्डधारक राशन डीलरों से अभद्र व्यवहार व मारपीट पर उतारू हो रहे हैं। इसके अलावा चार महीने से कोटेदारों को कमीशन भी नहीं मिल रहा है। जिससे परिवार के पालन पोषण में परेशानी आ रही है। कोटेदारों ने सरकार और अधिकारियों से समस्याओं का समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान साजिद अली, गौरव, नफीस उद्दीन, राजेंद्र कुमार, महापारा, विजयपाल, फिरदौस, राजकुमार, सरफराज हुसैन, चांदनी बेगम, उरूज आरिफ, शबनम जहां, फैजान खान, शहनवाज अख्तर, प्रदीप, मोहम्मद कमर आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित गौतम ने तथा संचालन मन्नान खान ने किया।

दो हत्यारोपी सहित 7 लोग गिरफ्तार, 3 तमंचे भी मिले

संभल, अमृत विचार : पुलिस ने दो हत्यारोपियों व वारंटियों सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तीन तमंचे भी बरामद हुए।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर के धर्मेंद्र व नेमपाल गांव के ही रामनिवास की हत्या में शामिल थे। सोमवार को धर्मेंद्र व नेमपाल को गांव चंदन कटी मौजा में गोशाला के पीछे मैदान से और मुबारिक गांव से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस को नेमपाल व धर्मेंद्र के पास से दो तमंचे बरामद हुए। ऐचोड़ा कंबोह थाना पुलिस ने तमंचा बरामद कर थाना क्षेत्र के गांव मांडली समसपुर निवासी मोहम्मद अनीश उर्फ जमन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नखासा पुलिस ने गांव देहपा निवासी वारंटी चंद्रपाल व हातिम सराय निवासी सनी सैनी व हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने मनिहार वाली मिलक निवासी पप्पू और मुहल्ला बेगम सराय से नाजिम को गिरफ्तार कर लिया।

खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, बताईं समस्याएं

असमोली, अमृत विचार : शिक्षक शैक्षिक महासंघ के कार्यकर्ताओं सोमवार असमोली विकासखंड परिसर में बने खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचे। वहां खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद अपनी समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर एरियर आवेदन का भुगतान पारदर्शिता व शासनादेश के तहत कराए जाए। विकास खंड के दिव्यांग शिक्षकों का भत्ता लगवाने व बढ़ोत्तरी के प्रार्थना पत्रों का शीघ्र ही निस्तारण कराया जाए। शिक्षकों के वेतन रोकने व कटने संबंधी पत्र बीआरसी केंद्र से शिक्षकों को प्राप्त कराने की मांग की।

एक नजर

कुत्ते से टकराकर गिरी बाइक, तीन घायल

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मूसापुर में संभल आदमपुर मार्ग पर स्थित कोल्ड स्टोर में मजदूरी करने के बाद सोमवार की देर शाम नखासा थाना क्षेत्र के गांव ठिलूपुरा निवासी रिजवान, मोहित और राम सिंह एक ही बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। संभल हसनपुर मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव खग्गूपुरा व रिठाली के बीच सड़क पर अचानक से बाइक के आगे कुत्ता आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर कुत्ते से टकराकर सड़क पर गिर गई और रिजवान, रामसिंह व मोहित घायल हो गए।

ट्रक ने पोल में मारी टक्कर, चालक घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय निवासी चालक हसन प्लाईवुड से लदा ट्रक लेकर सोमवार की रात 9 बजे मुरादाबाद की ओर जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर एकता कॉलोनी के पास सड़क किनारे लगे नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट के पोल में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे हसन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ट्रक से घायल हसन को निकाल कर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

शिकायत करने पर महिला के साथ की मारपीट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चमन सराय निवासी अब्दुल कय्यूम की पत्नी आसमां ने सोमवार की देर शाम कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि शाम पांच बजे बेटी दरवाजे के पास मुंह धो रही थी। जेठ के बेटे ने छत पर जाते समय दरवाजे को जोर से धक्का दे दिया। दरवाजा लगने से बेटी जमीन पर गिर गई। आरोप है कि शिकायत करने पर जेठानी, ने अपने बेटे व बेटियों के साथ मिलकर आसमां के साथ लात घूसों से मारपीट की। जिसमें आसमां चोटिल हो गई। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आसमां का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया।

बाइक चोरी में दोषी को पांच वर्ष की सजा

कोर्ट ने 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2014 में भवानीपुर के तिराहे पर पकड़े गए थे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बाइक चोरी के मामले में दोषी को अदालत ने पांच वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

कोतवाली संभल के तत्कालीन एसएसआई रूम सिंह 16 जुलाई 2014 को भवानीपुर के तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी समय चन्दौसी की ओर से चार व्यक्ति अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर संभल की ओर आ रहे थे। ये पुलिस को देख कर पीछे की ओर जाने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को भवानीपुर पुल के पास बाइकों समेत पकड़ लिया। पुलिस ने चारों की बाइकों के कागजात चेक किए और तलाशी ली। तलाशी में चारों के पास से एक-एक चाकू बरामद हुआ।

पुलिस की पूछताछ में चारों ने चोरी की बाइकें होने की बात स्वीकार की। बताया कि अन्य बाइकें उन्होंने इसी रोड पर रवि कुमार के बंद पड़े प्लांट की खंडहर बिल्डिंग में छिपा रखी हैं। उनके फर्जी कागजात चन्दौसी में जारई रोड पर राजू ठाकुर के सिंह कंप्यूटर सेंटर पर बनवाए हैं। एक हजार रुपये प्रति वाहन के हिसाब से फर्जी कागजात बनवाए हैं। पुलिस ने राजू ठाकुर की निशानदेही पर सात अन्य बाइकें बरामद कर लीं। पुलिस ने राजू ठाकुर उर्फ देवेंद्र पुत्र धारम निवासी मोहल्ला शिवपुरी बदायूं रोड चन्दौसी जिला संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया। विवेचक उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह 16 सितंबर 2014 को अदालत में आरोपी राजू ठाकुर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने दलीलें पेश कीं। सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायालय विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने अभियुक्त राजू ठाकुर उर्फ देवेंद्र को दोषी करार देते हुए सभी धाराओं में कुल मिलकर पांच साल की सजा व 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ चलेंगी। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

चोरी के एक आरोपी को दो वर्ष छह माह का कारावास

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी ने चोरी के दोषी मुजाहिद पुत्र जुल्फिकार उर्फ मुशाहिद निवासी मोहल्ला चौधरी सराय थाना संभल को दो वर्ष छह माह के कठोर कारावास व 2500 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मुकदमा कोतवाली संभल में मुजाहिद के खिलाफ दर्ज कराया गया था। यह जानकारी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने दी।

मारपीट के चार आरोपियों को दो वर्ष का कारावास

चन्दौसी, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली में शंकर पुत्र सोनपाल, महेंद्र पुत्र राम सिंह, कुंवरपाल व अगरास पुत्र शंकर निवासी जगन्नाथपुर थाना गुन्नौर जिला संभल के खिलाफ दर्ज मामले में न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ने मारपीट के चारों आरोपियों को दो वर्ष के कारावास व 1750 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अवैध शस्त्र के आरोपी को तीन दिवस की सजा

चन्दौसी, अृत विचार : आर्म्स एक्ट के तहत थाना संभल के आरोपी जफरुद्दीन उर्फ भैहरा पुत्र मोहम्मदीन निवासी मोहल्ला नाला थाना संभल को दोषी करार देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल में बिताई अवधि तीन दिवस के कारावास व 1000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

रैली और जनसभा की लेनी होगी अनुमति

बहजोई, अमृत विचार : डीएम ने राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता का पाठ पढ़ाया।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम मनीष बंसल ने कहा कि किसी भी प्रकार की रैली, जनसभा आदि की अनुमति एआरओ से लेनी होगी। गुन्नौर के लिए एआरओ एसडीएम गुन्नौर, संभल के लिए एसडीएम संभल, चंदौसी के लिए एसडीएम चंदौसी व असमोली के लिए एसडीएम न्यायिक संभल दीपक चौधरी से अनुमति लेनी होगी।

गाड़ियों की भी अनुमति लेनी पड़ेगी। कहा कि वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कोई भी ऐसी प्रचार प्रचार सामग्री एवं बैनर आदि चस्पा नहीं करना है जिससे एक्ट का उलंघन हो। बैठक में एडीएम प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी, संभल एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार आदि रहे।

सार संक्षेप

कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

मतदाता जागरुकता पर हुई निबंध प्रतियोगिता

चन्दौसी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर विद्यालय व महाविद्यालयों में तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें पहली बार वोट डालने वाली छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है, तो मतदान से जुड़ी हर गतिविधियों की जानकारी भी छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही है। सोमवार को कैथल गेट स्थित श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में छात्राओं के मध्य मतदाता जागरुकता (स्वीप) योजना के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा नौ से 12 की 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं को जनता के लिए मतदान करने के लिए जागरुक करने के विषय में अपने शब्दों का प्रयोग करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका नीरू देवी, डॉ. ममता चौधरी, ऋचा वर्मा, निशा यादव आदि का सहयोग रहा।

जेसीबी से बैनर व फ्लैक्सी उतारते पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

राजनीतिक दलों के साथ अन्य संगठनों की भी उतारी फ्लैक्सी

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ सोमवार फव्वारा चौक से रेलवे स्टेशन व मौलागढ़ की पुलिया से संभल गेट तक अभियान चलाकर सड़क किनारे व आवासीय भवनों पर लगी फ्लैक्सी व होर्डिंग्स को उतारने का कार्य किया। नगर पालिका के कर्मचारियों ने कुछ स्थानों पर अन्य संगठनों की फ्लैक्सी को उतारना शुरू किया तो संगठन के लोग मौके पर पहुंच गए और शिकायत की। लोगों ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद राजनीतिक दलों की फ्लैक्सी उतारी जा रही हैं। मगर नगर पालिका के कर्मचारियों ने उनकी बात नहीं मानी और उक्त संगठन फ्लैक्सी भी अपने साथ ले गए।

जनशताब्दी में चन्दौसी से बरेली तक का भी टिकट मिले

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र भेजकर दिल्ली से टनकपुर जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस में चन्दौसी से बरेली तक टिकट की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रतिदिन सुबह एक ट्रेन बरेली जाती है। इसके बाद 11 बजे दिल्ली-टनकपुर जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस चलती है। जिसमें चन्दौसी से बरेली जाने वाली यात्रियों की संख्या बहुत अधिक रहती है। मगर टिकट नहीं मिलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि इसके बाद एक ट्रेन शाम को बरेली जाती है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए जनशताब्दी एक्सप्रेस में चन्दौसी से बरेली तक टिकट दिलाने की व्यवस्था कराई जाए।

चन्दौसी में एक दूसरे को गुलाल लगातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

एक-दूसरे को गुलाल लगा दी होली की बधाई

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर ने होली का त्योहार आवास विकास स्थित शिव मंदिर में मनाया। जिसमें भगवान का फूलों से श्रंगार करके भजन गाये। होली के गीतों पर महिला पदाधिकारियों ने नृत्य किया। इसके बाद पदाधिकारियों ने एक-दूसरे के गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शीनू शर्मा, नीरू सिंह, सुमन सैनी, रेखा दीक्षित, सुनीता शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, दीपिका, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : संभल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पुलिस व प्रशासन भी शांति पूर्ण चुनाव कराने की तैयारी में जुट गया है। सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चन्दौसी क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल और पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत सोमवार को सुबह करीब 11 बजे चन्दौसी पहुंचे। लोकसभा को जनपद में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत क्षेत्र के एफआर इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज समेत प्राथमिक विद्यालय गांव कैथल, आंगनबाड़ी केंद्र गांव कैथल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चेक किया। बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधायें बिजली, पानी, शौचालय आदि व मतदान केंद्रों पर सुगम आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम नीतू रानी, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

निरीक्षण

- बिजली, पानी समेत अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

पुलिस का होटल में छापा, तीन महिलाओं समेत पांच को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक होटल में छापा मारकर तीन महिलाओं व दो युवकों को हिरासत में ले लिया। एक युवती पुलिस को लेकर होटल पहुंची थी। मगर बनियाठेर पुलिस व कोतवाली पुलिस होटल में छापा मारने की बात से इनकार कर रही है।

सोमवार की शाम चार बजे न्यू बाईपास स्थित एक ढाबे के पास होटल पर एक युवती पुलिस को लेकर पहुंची। जिसमें महिला सिपाही भी शामिल थी। जब पुलिस ने होटल में छापा मारा, तो मौके से तीन महिलाओं के साथ दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले। कुछ देर बाद मौके पर आसपास के लोग भी पहुंच गए और मामला जानने का प्रयास किया। पूछने पर बताया गया कि बनियाठेर पुलिस नहीं, कोतवाली चन्दौसी पुलिस कार्रवाई करने आई है। जबकि क्षेत्र बनियाठेर थाना पुलिस का था। जब कोतवाली प्रभारी अतर सिंह से घटना की जानकारी की तो बताया कि उनकी पुलिस ने किसी होटल में छापेमारी नहीं की है। वहीं थाना बनियाठेर इंचार्ज मोहित काजला ने भी कार्रवाई से इनकार करते हुए छापेमारी में अन्य थाने की पुलिस शामिल होने की बात कही। बहरहाल पुलिस तीन बुर्कानशी महिलाओं व दो युवकों को अपने साथ ले गई।

> बनियाठेर क्षेत्र के न्यू बाईपास पर एक होटल में छापा मारी की बात मेरे संज्ञान नहीं आयी है। जानकारी की जाएगी। -डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ चन्दौसी।

भाजपा की बैठक को संबोधित करते भुवनेश राघव। ● अमृत विचार

पन्ना प्रमुख ही बनेंगे लोस चुनाव में जीत का आधार

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी मंडल नरौली की बैठक गांव कैली में हुई। जिसमें लोकसभा सहसंयोजक भुवनेश राघव ने कहा कि पन्ना प्रमुख लोकसभा चुनाव में जीत का आधार है।

पन्ना प्रमुखों के सहयोग से भाजपा लोकसभा चुनाव में विजयी होगी। 25 मार्च को शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारी बूथों पर जाकर पन्ना प्रमुख के साथ बैठक कर उन्हें सक्रिय करें। जिससे वह सक्रिय होकर अपने-अपने साथ वोटरों से निरंतर संपर्क करते रहें। लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा सर्वव्यापक व सर्वाग्रही पार्टी बन चुकी है। विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लें। इस अवसर पर हरवेश राघव, सुखवीर पाल राघव, ओमेंद्र सिंह, जीराजपुरी, रिंकू सिंह, सत्येंद्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, पवन राघव, माधवेंद्र सिंह, संजीव यादव, मुरारी लोधी, शिवम दिवाकर आदि मौजूद रहे।

युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला

बदायूं, अमृत विचार : परिवार में गमी होने पर दिल्ली से आए युवक का शव सोमवार को घर के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रोगी था। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बघौर निवासी मोहित (28) पुत्र तेजपाल की शादी नहीं हुई थी। वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। गांव और उनके परिवार के लोगों की बीमारी से मौतें हुई थीं। जिसके चलते वह गमी में शामिल होने के लिए 12 मार्च को गांव आए थे।

रविवार रात 11 बजे तक अपने परिवार के लोगों के साथ गांव में घूमे और घर जाकर कमरे में सो गए। सोमवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे परिजनों ने उनका शव कमरे में फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार मोहित कुछ दिनों से मानसिक रोगी हो गए थे।

कैंटर और पिकअप की आमने सामने भिड़ंत में 3 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर गांव भुलाबई के निकट सोमवार को कैंटर और पिकअप की आमने-सामने भिडंत में सब्जी से लदी पिकअप पलट गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को सड़क से हटवाकर किनारे कराया और घायलों को सीएचसी भेजा। वहां चिकित्साधिकारी ने हालत गंभीर होने पर दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हादसा उस समय हुआ जब रामपुर निवासी नदीम पुत्र अनवर और विजय पुत्र सुमित सैनी पिकअप गाड़ी में आगरा से सब्जी लेकर रामपुर जा रहे थे। गाड़ी नदीम चला रहा था। सवेरे करीब सवा चार बजे मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर के गांव भुलाबई के निकट कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचे ही थे। उसी समय मुरादाबाद की ओर से आ रहे कैंटर से आमने-सामने भिडंत हो गई। टक्कर लगने से पिकअप सड़क पर पलट गई। पिकअप में सवार नदीम व विजय गंभीर रुप से घायल हो गए। जबकि कैंटर चालक सुमित पुत्र महावीर निवासी नागल चौधरी प्रांत हरियाणा को गुमचोट आयीं। सूचना पाकर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और घायलों को सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्साधिकारी ने घायल नदीम व विजय की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कैंटर चालक सुमित पुत्र महावीर ने बताया कि वह राजस्थान से मारबल पत्थर लेकर चन्दौसी आ रहा था कि हादसा हो गया।

रोड शो में केवल 10 गाड़ियां होंगी शामिल

बहजोई, अमृत विचार : रोड शो में 10 से ज्यादा गाड़ियों का जुलूस एक साथ नहीं निकाला जा सकता। रिक्शा या ई रिक्शा पर नियमानुसार लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार की अनुमति लेनी होगी।

डीएम मनीष बंसल बैठक में कहा कि किसी भी पार्टी का चुनाव कार्यालय किसी भी धार्मिक परिसर में नहीं खोला जाएगा। शिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थान के भवन में भी या इससे लगे हुए स्थान पर भी चुनाव कार्यालय नहीं खुलेगा।

महंगाई त्योहार पर पापड़ व चिप्स बनाना भी कठिन, संभल जिले से आलू भेजा जा रहा बिहार, गुजरात व बंगाल

होली से पहले महंगा हुआ आलू, रसोई का बिगड़ा बजट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: इस बार होली से पहले ही आलू की कीमत बढ़कर 20 रुपये प्रति किलो हो गई है। जिससे घर का होली का बजट गड़बड़ा गया है। इस बार होली के त्योहार पर आलू के दाम बढ़ने पर पापड़ व चिप्स बनाने को महिलाओं को सोचना पड़ रहा है। फिलहाल जनपद से आलू बंगाल, बिहार व गुजरात भेजे जाने पर महंगा होने की बात कही जा रही है।

आमतौर पर महिलाएं होली के दस दिन रहने पर आलू के पापड़ व चिप्स बनाना आरंभ करती हैं। क्योंकि तब तक धूप में कुछ तेजी भी आ जाती है, जिससे पापड़ व चिप्स जल्दी सूख जाते हैं। मगर अभी होली का त्योहार आया भी नहीं है और आलू के बाजार में फुटकर में 20 रुपये प्रति किलो बिकना शुरू हो गया। यह दाम बढ़े दस दिन का समय गुजर चुका है। जिससे आलू का भाव बढ़ने पर महिलाओं का होली का बजट गड़बड़ा गया है। वैसे मंडी में आलू की कीमत 1300 से 1400 रुपये प्रति क्विंटल है। आलू महंगा होने का कारण व्यापारियों द्वारा बिहार, बंगाल व गुजरात भेजा जाना बताया जा रहा है। जिससे आलू की कीमत 20 रुपये प्रति किलो हो गई है।

चन्दौसी में दुकान पर आलू व सब्जी बेचता दुकानदार। ● अमृत विचार

> होली से पहले आलू 20 रुपये किलो हो गए हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जिससे होली पर पापड़ व चिप्स महंगे आलू होने पर बनाना मुश्किल हो रहा है।
> - चित्रा देवी, गृहणी

> होली से पहले आलू महंगा होने के कारण उसका बाहर भेजना माना जा रहा है। जनपद के व्यापारी किसान से खेत पर आलू खरीदकर बिहार, बंगाल व गुजरात भेज रहे हैं। कुछ दिनों में आलू के दाम और बढ़ सकते हैं।
> - उमेश चंद्र शर्मा, थोक व्यापारी

> आमतौर पर महिलाएं होली से दस दिन पहले ही आलू के चिप्स व पापड़ बनाना शुरू करती हैं। मगर इस बार आलू के दाम बढ़ने से यह बजट के बाहर है।
> - सोनिया गुप्ता, गृहणी

> महिलाएं होली पर चिप्स व पापड़ बहुत ही मन से बनाती हैं, मगर आलू महंगा होने पर महिलाओं के घर का पूरा बजट बिगड़ गया है। अब महिलाएं सोच में हैं कि क्या करें।
> - पूजा मदान, गृहणी

किशोरों के विवाद के बाद भाइयों व महिला को पीटा

बबराला, अमृत विचार : किशोरों के विवाद में बीच बचाव करना युवक को भारी पड़ गया। दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक और उसके भाई पर ही हमला बोल दिया। महिला को भी पीटा गया।

रात को नगर में राजघाट रोड पर साइकिल से करतब दिखाने का खेल चल रहा था। मुहल्ला लोहिया कॉलोनी निवासी टैक्सी चालक अखिलेश का 13 वर्षीय बेटा ऋषभ भी खेल देखने गया। वहां मोहल्ले के दूसरे बच्चों से ऋषभ का विवाद हो गया। खेल खत्म होने पर रात करीब नौ बजे घर लौट रहे ऋषभ को रास्ते में रिंकू व राहुल पुत्र नेकराम, लक्ष्मण व अमर पुत्र प्यारे ने उसे पकड़ लिया। विवाद करते हुए मारपीट की। जानकारी होने पर अखिलेश भाई रिंकू के साथ मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए दोनों भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। राहगीर गीता पत्नी राजेन्द्र शर्मा ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी मारा पीटा।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)
हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती है?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेमिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं,

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और परंपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

प्रसंगवश

धूर्तता की व्याप्ति

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

सोशल फोरम

औरतें हर मामले में बेहतर

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कटेम्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें । आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख्स को दोबारा चुना।

-फेसबुक वॉल से

स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की पंरपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप

अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।

धर्म दर्शन

अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी

रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड ह्वाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।

रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।

मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

सत्य के प्रेरक सवितादेव

हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातप स्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पी डक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

एक नजर

ढेला रेंज के हल्दूखेड़ा में मिला एकदंत हाथी का शव

अफजलगढ़, अमृत विचार : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज के हिल क्षेत्र की हल्दूखेड़ा में गश्ती दल को एकदंत हाथी का शव मिला। दल ने इसकी सूचना रेंज अधिकारी को दी। रेंज अधिकारी के निरीक्षण में हाथी के सभी अंग सुरक्षित हैं। उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। हाथी के शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत का सही अनुमान लगाया जा सकेगा। पोस्टमार्टम वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.दुष्यंत शर्मा, डॉ.राहुल सती, डॉ.आयुष उनियाल के संयुक्त पैनल द्वारा किया गया।

पुलिस ने वारंटी पकड़ा भेज दिया जेल

हल्दौर, अमृत विचार : स्थानीय थाने की पुलिस ने अपराध की रोकथाम, वांछित वारन्टी की गिरफ्तारी अभियान में सोमवार को परमिंदर निवासी ग्राम लाडनपुर का पकड़ लिया। वारंटी को जेल भेज दिया।

बस और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर, हाईवे जाम

पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, पुलिस ने बहाल कराया यातायात

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार: दिल्ली- पौड़ी राजमार्ग पर सोमवार की सुबह किरतपुर के नजदीक रोडवेज बस व ट्रैक्टर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। उधर, बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर दीवार से टकरा गई। गनीमत रही की बस के यात्रियों को जान-माल की हानि नहीं हुई।

घटना स्थल का निरीक्षण करते एआरएम व अन्य।

घटना की सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस टीम ने परिवहन विभाग व एलआईयू टीम को सूचित किया। सोमवार सुबह को दिल्ली पहाड़ी नेशनल हाई-वे पर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की सवारियों से भरी बस बिजनौर से नजीबाबाद की ओर जा रही थी। बस जैसे ही क्षेत्र के शाहपुर सुख गांव के पास पहुंची, सामने से आ रहा ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया।

तेज टक्कर की वजह से बस के साथ ट्रैक्टर-ट्राली नियंत्रित हो गई। ट्रैक्टर पर सवार सफीक ने कूदकर अपनी जान बचाई। बस चालक मलखान सिंह के प्रयास के बाद भी वाहन सड़क किनारे दीवार से टकरा गई। टक्कर लगते ही बस मे बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। उधर, हाई-वे जाम हो गया। सूचना पाकर घटना स्थल पर भनेड़ा चौकी से पहुची पुलिस टीम ने नेशनल हाई-वे पर यातायात बहाल कराया। परिवहन विभाग के एआरएम नजीबाबाद राजेश सिंघल, एसएसआई अरोज मेंदी व बीसी आसीम हुसैन ने घटना का निरीक्षण किया।

खाली भूखंड में मिली युवती की लाश, पुलिस पहचान कराने में जुटी, अधिकारियों ने मौका मुआयना किया

नजीबाबाद, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे। सोमवार को माला नदी के पास हरिद्वार रोड पर अदब सिटी के सामने बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान क्रिकेट की गेंद नजदीक के खाली प्लाट में चली गई। गेंद उठाने गये खिलाड़ी ने वहां लाश देकर शोर मचाया। आस-पास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। थानाध्यक्ष राजेंद्र पुंडीर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक भी पहुंच गए। पुलिस ने देखा कि युवती का शव घास में छिपा हुआ है। युवती के चेहरे को ईंट-पत्थर से कुचले जाने के निशान दिखे। मृतका की उम्र15 से 16 वर्ष है। शव के पास एक चाबी का गुच्छा तथा डायरी मिली है। पुलिस डायरी में लिखे फोन नंबरों पर कॉल कर मामले की जांच में जुटी है। एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई ने घटनास्थल का मुआयना किया। फील्ड यूनिट, फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड को भी मौके पर ले जाया गया। एसपी सिटी ने बताया की शव के पंचनामा की कार्रवाई कर शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी, रेफर

संवाददाता, अफजलगढ़

अमृत विचार: राष्ट्रीय राजमार्ग-74 स्थित शिवपुरी के समीप बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से पुलिस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

दुघर्टना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। रविवार की रात कोतवाली क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी कपिल कुमार तथा सुरेश उर्फ टिंकू बाइक पर सवार होकर जसपुर की ओर से अफजलगढ़ आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नेशनल हाइवे स्थित गांव शिवपुरी मोड़ के पास पहुंची। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों युवक घायल हो गये। गम्भीर चोट की वजह से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

एसआई मनोज कुमार, चेयरपर्सन के पति जावेद विकार ने सीएचसी पहुंचकर घायलों का हाल देखा। उधर, थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि घायलों को उपचार कराकर हायर सेंटर भेज दिया गया है।

ई-रिक्शा से टकराई बाइक, युवक की मौत

नहटौर, अमृत विचार : बाइक से रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रविवार की शाम मंझेड़ा निवासी इरशाद (32) क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर मिर्जापुर अपनी रिश्तेदारी से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। जब वह नहटौर नूरपुर मार्ग स्थित चक मोड़ के निकट पहुंचा तो उसकी अज्ञात ई-रिक्शा से भिड़ंत हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे उसके परिजन उसकी हालत में सुधार नहीं होने पर उसे दूसरे अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हमला करने वालों के खिलाफ मामला पंजीकृत

बिजनौर, अमृत विचार: दौलतपुर- बुडगरा मार्ग पर गांव के ही युवकों ने बाइक सवार व्यक्ति पर पाठल से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है। नितिन ने बताया है कि उसके चाचा विनोद को जटनीवाला से किशनपुर आ रहे थे। दौलतपुर चौराहे से पहले जटनीवाला निवासी अनुज, आकाश, छोटे ने उन पर पाठल से हमला किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

एसपी ने भागूवाला बूथ का निरीक्षण किया

नजीबाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना मंडावली के ग्राम भागूवाला में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने थानाध्यक्ष विकास कुमार के साथ भागूवाला क्षेत्र के पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। पुलिस चौकी स्वामी अवधेशानंद पर पहुंचकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गयी। इस दौरान थानाध्यक्ष, अनिल कुमार राणा, लखन लाल एसआई, रविंद्र कुमार, कांस्टेबल आदेश यादव, कांस्टेबल अंकुर, कांस्टेबल अंकित आदि मौजूद रहे।

शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

शतरंज के 16 खिलाड़ी खिताबी दौड़ में आगे

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार: विवेक कालेज में चल रहे अंतरराष्ट्रीय रेटिंग शतरंज स्पर्धा के ओपन में तीन राउंड का खेल हो चुका है। तीन राउंड के बाद कुल 16 खिलाड़ी अपने तीनों मैच जीतकर खिताबी दौड़ में चल रहे हैं। तीन फेडरेशन तथा तीन देशों व भारत विभिन्न राज्यों से लगभग 198 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, जिसमें से करीब 100 खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त है। टूर्नामेंट के बाद प्रदेश और जिले के कई खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग मिलने की उम्मीद है।

सोमवार को दिल्ली के गार्थ पांडे ने उच्च रेटिंग वाले इंटरनेशनल मास्टर वजीर अहमद तथा फीडे मास्टर जायदीप दत्ता को ड्रा पर रोककर रोमांच पैदा कर दिया। इंटरनेशनल मास्टर नीलेश साहा, ग्रांड मास्टर आरआर लक्ष्मण एवं इंटरनेशनल मास्टर साईं अग्नी जीवितेश नें अब तक अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए अपनी वरीयता को बरकरार रखा है।

▸▸ ग्रांड मास्टर आरआर लक्ष्मण ने दबदबा कायम रखा

नीलेश साहा ने पहले रांउड उत्तर प्रदेश के श्रेयांश तथा दूसरे रांउड में दिल्ली के हृदय गर्ग तीसरे रांउड में उत्तराखण्ड के मोहन नैथानी को पराजित किया। ग्रांड मास्टर आरआर लक्ष्मण ने पहले रांउड उत्तर प्रदेश के अरुण सक्सेना तथा दूसरे रांउड मे उत्तर प्रदेश के कपिल कुमार खरे तीसरे रांउड में कर्नाटक के श्रुश्रुता रेड्डी को पराजित कर अपना दबदबा कायम रखा। इंटरनेशनल मास्टर साई अग्नी जीवितेश ने पहले रांउड में उत्तर प्रदेश के व्योम बंसल तथा दूसरे रांउड में उत्तर प्रदेश के सुरेन्द्र अरोड़ा तीसरे रांउड में विनायक सिंह को पराजित किया। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों में फिलहाल स्पर्श यादव, श्रेयांश सिंह, अर्नव अग्रवाल, संयम श्रीवास्तव और शौर्य प्रभाकर भी तीन अंक बनाकर खेल रहे हैं लेकिन, अब देखना होगा की आने वाले चार राउंड में इनमें से कौन से खिलाड़ी जीत दर्ज करते हैं।

सार-संक्षेप

बहादरपुर मिल ने किया 16 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान

अफजलगढ़, अमृत विचार : द्वारिकेश शुगर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई बहादरपुर ने इस सत्र में खरीदे गये गन्ने का 15 करोड़ 94 लाख 87 हजार रुपये का भुगतान किया है। मिल के अध्यासी एसपी सिंह ने बताया कि इकाई ने 11 मार्च तक क्रय का 13 करोड़ 37 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान गन्ना समितियों में भेज दिया। प्रबंधन ने किसानों से मिल को साफ-सुथरा, अगोला पत्ती एवं मिट्टी रहित गन्ना आपूर्ति की अपील की है। बताया है कि गन्ने की नई प्रजातियां 15023,14201,0118, 98014 की बुवाई करें। मिल अनुदान पर ट्राइकोडर्मा उपलब्ध करा रही है। 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से भूमि उपचार करें तथा हेक्सास्टाप से बीज शोधित कर गन्ने की बाआई करें।

गश्त के दौरान मिली भैंस, पुलिस ने वारिस को सौंपी

नहटौर, अमृत विचार : गश्त के दौरान मिली भैंस को पुलिस ने उसके वारिस को सौंप दिया। चर्चा है कि पुलिस को देख भैंस लेकर जा रहे लोग भाग खड़े हुए। पुलिस की जांच में मामले की सच्चाई सामने आई। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी के अनुसार मोहल्ला अफगानान में भैंस मिली थी। सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस ने भैंस स्वामी की जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने में जुट गए हैं। जल्द ही पूर्व में हुई सभी चोरियों का खुलास किया जाएगा।

एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण किया, पोस्टर बैनर हटवाये

नगीना, अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य से एसडीएम अविनाश त्यागी ने क्षेत्र का निरीक्षण कर राजनीतिक दलों के बैनर होर्डिंग, पोस्टर सहित वॉल पेंटिंग हटाने का अभियान शुरू किया। एसडीएम ने क्षेत्र के बूथों का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि बढ़ापुर, रायपुर, पुरैनी, कोतवाली मार्ग, रायपुर सादात, कोटकादर के क्षेत्र में कुछ स्थानों पर होर्डिंग व फ्लैक्सी व वाल पेंटिग हटाने के के लिए नायब तहसीलदार, बीडीओ ईओ को निर्देश दिये गये हैं। शीघ्र ही क्षेत्र में सभी स्थानों से राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग हटवा दिया जायेगा।

रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति के लिए सीएमओ को ज्ञापन सौंपा

नगीना, अमृत विचार : जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष परवेज पाशी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर स्थानीय राजकीय चिकित्सालय में तीन वर्ष से स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग की है। बताया है कि राजकीय चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड मशीन तो कई वर्षों से लगी है लेकिन, क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए केंद्र में ईसीजी मशीन संचालन के लिए टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाए। ज्ञापन देने वालों में सलीम अहमद, रणजीत सिंह, नौशाद अहमद, नईम अहमद, मोहम्मद जावेद शामिल रहे।

जिलाधिकारी से गांव के भूखंड पर तालाब खोदाई की मांग

चांदपुर, अमृत विचार : तहसील के ग्राम पंचायत पुरैना अब्दुल रहमतपुर की प्रधान ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कब्जा हटवाने, पानी निकासी के प्रबंध और तालाब खोदायी की मांग की है। ग्राम प्रधान बबीता देवी ने कहा है कि गांव की भूमि का हिस्सा तालाब के रूप में दर्ज है। कुछ लोगों द्वारा इस क्षेत्र से पानी की निकासी रोक दी गयी है। फलस्वरूप, पानी सड़क पर फैल रहा है। यह क्षेत्र मतदान केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय का मुख्य मार्ग भी है। प्रकरण की तहसील दिवस में फरियाद की जा चुकी है। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मांग है कि इस क्षेत्र को कब्जा मुक्त करते हुए तालाब खोदवा दिया जाये।

मकान के मामले में भाई के खिलाफ पुलिस को तहरीर

नहटौर, अमृत विचार : ग्रामीण ने भाई, भाभी व भतीजा पर मकान कब्जा करने तथा विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तुराबनगर नंगला निवासी ब्रजेश कुमार ने अपनी तहरीर में कहा है कि भाई उसकी पत्नी और परिवार के सदस्य मकान पर कब्जा कर रहे थे। जब उसने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की मारपीट कर घायल कर दिया।

दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

नहटौर, अमृत विचार : सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जिला मुख्यालय के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। नगर के मोहल्ला नया बाजार निवासी तस्लीम अंसारी चार दिन पूर्व बाइक द्वारा स्योहारा किसी कार्य से गया था। जब वह बाइक से घर लौट रहा था। उसी दौरान स्योहारा धामपुर मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी टक्कर हो गई। वह तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आ गया। बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

चुनावी तीर

रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

मायावती, बसपा सुप्रीमो

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?

-तेजस्वी यादव, राष्ट्रीय जनता दल

मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

- अशोक चव्हाण, राज्यसभा सदस्य, भाजपा

अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ



● अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला
- पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका

राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

- कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार

तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)

वर्ष	कांग्रेस	भाजपा	बसपा
2009	42.63	30.90	19.03
2014	31.96	57.81	5.38
2019	34.41	61.35	2.36

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।

लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।

सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।

1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।

स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट

वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।

दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- 2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा



भाजपा का रिपोर्ट कार्ड

कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में	केरल	कर्नाटक	तेलंगाना	तमिलनाडु	आंध्र प्रदेश
129	0	25	4	0	0

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।

बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

● इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



1986 से प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने भी ली अयोध्या की करवट

1957 से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

अमृत विचार : वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई। वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

सार-संक्षेप

सूचना आयुक्तों के कार्यों काआवंटन सुधीर कुमार को बरेली की जिम्मेदारी

लखनऊ, अमृत विचार : नवनियुक्त सूचना आयुक्त के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। सूचना आयुक्त गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा ने इस सिलसिले में आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल के साथ चित्रकूट मंडल के भी जिम्मेदारी दी गई। इसी तरह अन्य सूचना आयुक्तों में डा. दिलीप कुमार अग्निहोत्री को कानपुर और बस्ती मंडल का प्रभार सौंपा गया है। पद्म नारायण द्विवेदी को वाराणसी और सहारनपुर मंडल, स्वतंत्र प्रकाश को फैजाबाद और देवीपाटन मंडल व मोहम्मद नदीम को इलाहाबाद और मिर्ज़ापुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह को गोरखपुर और झांसी मंडल, शकुंतला गौतम को मुरादाबाद और आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार को मेरठ मंडल व वीरेन्द्र प्रताप सिंह को आगरा और अलीगढ मंडल का प्रभार सौंपा गया है। मालूम हो कि पिछले दोनों इन सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है। राज्य सूचना आयोग मे लोगों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है।

वंदेभारत ट्रेन पर पथराव, अज्ञात पर केस

रायबरेली, अमृत विचार : गोरखपुर से प्रयागराज जा रही वंदेभारत ट्रेन पर सोमवार को अराजक तत्वों ने पत्थराव कर दिया। इससे हड़कंप मच गया। प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लखनऊ रेलखंड के हरचन्दपुर- कुंदनगंज रेल लाइन के पास अज्ञात हमलावरों ने गोरखपुर से प्रयागराज जा रही वंदे भारत ट्रेन पर पत्थराव कर दिया। वंदे भारत ट्रेन पर हमला होने से जिले मे हड़कंप मच गया। ट्रेन पर हमला करके अज्ञात हमलवार मौके से फरार हो गए। फिलहाल ट्रेन में कोई हताहत नही हुआ। सूचना पर पहुंची रेलवे व स्थानीय पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ट्रेन में पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक मौर्य पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की है। पुलिस बल के साथ पहुंची स्थानीय पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है। वही ट्रेन में मौजूद टेक्निशियन स्टॉफ ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। रेलवे इंस्पेक्टर आलोक ने बताया कि टेक्नीशियन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

भाजपा में शामिल हुईं बसपा सांसद संगीता आजाद

लखनऊ, अमृत विचार : आजमगढ़ जिले की लालगंज (सुरक्षित) लोकसभा सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद समेत उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और दिल्ली की निर्भया कांड से चर्चा में आईं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा को दिल्ली में सोमवार को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। हालांकि पहली सूची में ही लालगंज से भाजपा ने नीलम सोनकर को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जबकि सपा ने पांचवीं बार दरोगा प्रसाद सरोज को प्रत्याशी बनाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में लालगंज सुरक्षित क्षेत्र से सपा-बसपा गठबंधन में संगीता आजाद बसपा प्रत्याशी थी। उन्होंने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को 1,61,597 मतों से हराया दूसरी बार सांसद बनने से रोक दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में बसपा सांसद संगीता आजाद समेत उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

गर्मी बढ़ने के साथ ही शुरू हुआ बिजली संकट

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में बिजली संकट का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न इलाकों में लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। बिजली अभियंता आगामी गर्मी को लेकर मरम्मत कार्य के लिए बिजली बंद होने का तर्क दे रहे हैं। उनके अनुसार प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है। गर्मी बढ़ने पर लोगों को निरंतर बिजली आपूर्ति हो सकेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कुछ समय पहले प्रदेश में लोगों को समुचित बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने भी वितरण निगमों को समय पर मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में करीब 18000 मेगावाट बिजली की मांग हो रही है। मांग के अनुरूप प्रदेश में बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 18187 मेगावाट व न्यूनतम मांग 12842 मेगावाट दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को बिजली मरम्मत कार्य के दौरान कम समय तक बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम वसूली की गई: अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल किया है कि, भाजपा ने देश की जनता को धोखा क्यों दिया? साथ ही अखिलेश का आरोप है कि इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर देश भर में वसूली की गई है। तमाम कम्पनियों को डरा धमकाकर इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदवाया। चुनावी चंदे के नाम पर हजारों करोड़ रूपये वसूलना अनैतिक है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के नए तरीके से खुद मालामाल होती रही। चुनावों में धन बल का दुरूपयोग किया वहीं दूसरी तरफ उप्र. और देश में नौजवान और छात्र नौकरी, रोजगार के लिए भटक रहे हैं। भाजपा ने प्रतियोगी छात्रों के साथ धोखा किया। विभागों में लाखों पद खाली होने के बावजूद नौकरियों में भर्ती नहीं की।

फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी पहुंचीं अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी सोमवार को अयोध्या पहुंचीं। वह देशभक्ति एल्बम की शूटिंग करने आई है। साथ ही भगवान राम से जुड़े गीत की भी शूटिंग करेंगी। कहा कि अयोध्या अद्भुत है। चारों ओरविकास हो रहा है। मन में आया कि याददाश्त में बने रहने के लिए अयोध्या पहुंचना चाहिए। अब अयोध्या आ गई हूं। देश पहले सोने की चिड़िया थी, अब बन गई शेर की चिड़िया गीत की शूटिंग करेंगी। गीत की शूटिंग वह सेना की वर्दी पहन करेंगी। यह एल्बम की गीत होगा। उर्वशी ने सरकार की जमकर तारीफ की। कहा कि जब से रामजी अयोध्या वापस आए हैं। लोग दर्शन करने के लिए अयोध्या की ओर टूट पड़े हैं। ऐसे अवसर पर जब भगवान राम, राजा राम अयोध्या आ गए हैं। क्यों न हम भी एक देशभक्ति गीत रामनगरी में सूट करें। यह हमारे लिए यादगार होगा।

अधिगृहित जमीन का पट्टा रद करने के मामले में जौहर विवि की याचिका खारिज

शोध संस्थान के लिए ली जमीन, चलाया जा रहा था स्कूल

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था। फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था।

राज्य सरकार ने प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पट्टा रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है।

सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा उच्च शिक्षा के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग रामपुर पब्लिक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया। हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है।

अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

एक सप्ताह गुजरा मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

लखनऊ, अमृत विचार : उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर अभी तक मुरादाबाद के लिए फ्लाई बिग की एक भी उड़ान संचालित नहीं हो सकी है। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया। चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की। इन चार जिलों में भी नियमित संचालन नहीं हो रहा है। जबकि मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे। एयरलाइंस को नियमित शेड्यूल जारी करने में एक सप्ताह का समय लग सकता है साथ ही मुरादाबाद के लिए विमान सेवा अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है।

पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में दबिश को बिहार हरियाणा पहुंची एसटीएफ

ब्यूरो,लखनऊ

- चारों आरोपियों को रिमांड पर लेने की हो रही तैयारी
- हेड कांस्टेबल की तलाश के लिए दिल्ली पुलिस से मांगी मदद

अमृत विचार : पुलिस भर्ती पेपर लीक कांड के आरोपियों की तलाश के लिए एसटीएफ की एक टीम बिहार तो दूसरी हरियाणा पहुंच गई है। यहां तक की कई अधिकारी चंडीगढ़ में भी डेरा डाले हुए हैं। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपियों को जल्द ही रिमांड पर लेने की तैयारी है, ताकि बाकी कड़ियों का खुलासा हो सके। जबकि दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल रवि पहल की तलाश के लिए एसटीएफ ने दिल्ली पुलिस से मदद मांगी है। सूत्रों के मुताबिक रवि पहल इस कांड का एक अन्य मास्टर माइंड है। एसटीएफ का मानना है कि खुलासे को पहल का गिरफ्त में आना जरूरी है।

रविवार की देर रात एसटीएफ मध्य प्रदेश में छापेमारी कर रही थी, लेकिन वहां पर एसटीएफ को कुछ खास हाथ नहीं लगा। इस दौरान एक मजबूत लीड मिलने पर एसटीएफ सोमवार की सुबह बिहार रवाना हो गई। हालांकि, एक अन्य टीम हरियाणा और चंडीगढ़ में पहुंची हुई है। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए अभिषेक शुक्ला, डॉ शुभम मंडल, शिवम गिरि सहित एक अन्य आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेने जा रही है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ करेगी।

इस मामले के मास्टर माइंड राजीव नयन को लेकर प्रयागराज से भी खुलासा हुआ है। प्रयागराज के जार्ज टाउन में राजीव नयन का कंसल्टेंसी कार्यालय संचालित था, जहां से एमबीबीएस, इंजीनियरिंग आदि में दाखिले के लिए रैकेट संचालित था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इस हफ्ते कई गिरफ्तारियां हो सकती हैं। सरकार का नजरें टेंढ़ी हैं। गिरफ्तारी को लेकर शासन से भी लगातार अपडेट लिया जा रहा है।पुलिस छानबीन में जुटी है।

टीजीटी भर्ती मामले में नया पैनल तैयार करने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) पदों पर सहायक शिक्षकों की भर्ती के एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए गलत तरीके से आवंटित रिक्तियों के खिलाफ प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का समायोजन करने के लिए नए सिरे से पैनल तैयार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार द्वारा परित यह आदेश सार्वजनिक रोजगार और आरक्षण नीतियों के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय हस्तक्षेप का प्रतीक है।

कोर्ट ने अपने विशेष टिप्पणी में कहा कि किसी को भी सार्वजनिक रोजगार में नियमों के विरुद्ध नियुक्त नहीं किया जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा नियमों की गलत व्याख्या करने की संभावना संभव है। कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में कहा कि आरक्षण के नियम के मामले में कानून बहुत स्पष्ट है। मेरिट सूची तैयार करते समय चयनकर्ता निकाय को यह देखना होगा कि ऊर्धवाधर आरक्षण के संबंध में प्रत्येक श्रेणी का अंतिम कट ऑफ अंक क्या है।

सामान्य से आरक्षित श्रेणी में कोई प्रवासन नहीं होता है, बल्कि आरक्षित श्रेणी से सामान्य श्रेणी में प्रवास संभव है। इसलिए सामान्य श्रेणी को खुली श्रेणी कहा जाता है। इस सिद्धांत पर सार्वजनिक रोजगार में योग्यता को ध्यान में रखा जाना चाहिए और योग्य उम्मीदवारों को आरक्षित श्रेणियों के बावजूद प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जब आरक्षित वर्ग का उम्मीदवार सामान्य वर्ग के अंतिम कट ऑफ से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल हो जाता है, तो ऐसे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को खुली श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

होली पर डॉक्टरों के अवकाश पर रोक

लखनऊ, अमृत विचार : होली त्योहार में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त रखने के लिए चिकित्सा संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में चिकित्सकों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे सक्रिय व पांच से 10 बेड अलग से आरक्षित रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश जारी करते हुए सोमवार को कहा कि अस्पतालों की इमरजेंसी में चिकित्सकों की अतिरिक्त टीमें लगाई जाएं। किसी भी स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे मरीज को निराश न होना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि कि होली पर केमिकल वाले रंगों की वजह से आंख, त्वचा संबंधी समस्या ज्यादा आती है। इसलिए इन औषधियों की विशेष व्यवस्था की जाए। हर इमरजेंसी में त्वचा और नेत्र रोग विशेषज्ञ की आन काल व्यवस्था की जाए।

अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा विशेष सुरक्षा बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) को राज्य सरकार अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 23 करोड़ से ज्यादा की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस राशि से 31 मार्च तक की समयसीमा सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, सब मशीन गन, असॉल्ट राइफल समेत अन्य हथियार एवं साजो सामान की खरीद के लिए तय की गई है। स्वीकृत बजट से अगर कोई धनराशि बचती है तो उससे कोई अन्य उपकरण, सेवाएं क्रय नहों की जा सकेंगी।

जिन हथियारों और साजो सामान की खरीदारी की जानी है उनमें 465 ऑटोमैटिक पिस्टल, 1113 सब मशीन गन, 330 असॉल्ट राइफल, 500 बी आर जैकेट, 500 बी आर हेलमेट, 1714 पाली कार्बोनेट शील्ड और 2025 पाली कार्बोनेट लाठी शामिल हैं। निर्देशित किया गया है कि सभी हथियारों और साजो सामान गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी होना चाहिए।

उप्र. में पांच बटालियन हैं सुरक्षा में तैनात

यूपीएसएसएफ का गठन सितंबर 2020 में प्रदेश के कोर्ट, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए किया गया था। जून 2021 में यूपीएसएसएफ की पांच बटालियन गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर की बटालियन शामिल हैं। यूपीएसएसएफ की प्रथम बटालियन लखनऊ में मेट्रो की सुरक्षा में भी तैनात है।

धनबल से दूर है बसपा: मायावती

लखनऊ, अमृत विचार : चुनावी बांड से उठ रहे सवालों से बसपा प्रमुख मायावती ने खुद को जोड़ा है। सोमवार को एक्स पर उन्होंने कहा कि जहां सहारा, वहां इशारा, से बचने के लिए ही बसपा बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल से दूर है। मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बाण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है। संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रलोभन से बसपा दूर है। प्रदेश में चार बार सरकार में रहते हुए गरीबी व पिछड़ेपन को दूर करने के लिए ऐतिहासिक पहल किए।

ट्रेन में मुफ्त यात्रा के लिए वर्दी पहन बना फर्जी पुलिसवाला

अयोध्या कार्यालय

- बोला-वर्दी पहनने के बाद टीटीई मुझसे नहीं मांगते थे टिकट

अमृत विचार : वर्दी का धौंस दिखा रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने की फितरत में एक युवक फर्जी पुलिसवाला बन गया। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने सोमवार को उसे बावर्दी पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने वर्दी, बिल्ला, नेम प्लेट, टोपी, बेल्ट आदि बरामद किया है।

निगरानी और जांच तलाशी में जुटी राजकीय रेलवे पुलिस को प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्वी छोर स्थित खंभे के पास बावर्दी एक पुलिसकर्मी दिखा। उसकी हरकतों पर रेलवे पुलिस को शक हुआ तो उससे पूछताछ की। उसने अपना नाम पता रोहित पांडेय (24) निवासी भारीडीहा बेनीपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर बताया और पुलिस महकमें में तैनात होने की बात कही। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि उसे इधर-उधर घूमने और धौंस जमाने का शौक है। पुलिस की वर्दी देख ट्रेन में टीटीई टिकट नहीं मांगते हैं युवक ने पुलिस की वर्दी में कई बार विभिन्न ट्रेनों में यात्रा की बात स्वीकारी है। इसके खिलाफ गत वर्ष दिल्ली नॉर्थ के उत्तम नगर थाने में दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उन्होंने बताया कि रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर चालान किया गया है।

वर्ग पहेली-14

बाएं से दाएं

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

ऊपर से नीचे

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नख़रेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. शृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।



वर्ग पहेली -13 का हल

			1 हा		2 गुं	
	3 मु	बा	र	क	बा	दी
	है		मो			
4 जा	या		5 नि	6 ह	त	
ने		7 जि	य	रा		8 छि
जाँ			9 म	र	जि	या
	10 है	ट		त		सी

सुडोकू -93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		2		9				8
	7				1	5		2
8			7				3	
3		9		6				4
			2			7	9	
2		7		5				
7				3		2		
	2		1		9		5	6
		6				3		

सुडोकू -92 का हल

4	8	5	2	7	9	6	1	3
9	6	2	4	1	3	5	8	7
1	7	3	8	5	6	4	2	9
5	1	4	3	2	7	8	9	6
2	3	6	9	4	8	1	7	5
7	9	8	5	6	1	3	4	2
3	5	1	7	8	2	9	6	4
6	2	9	1	3	4	7	5	8
8	4	7	6	9	5	2	3	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-दशमी 20 मार्च 00 .21 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .10 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

वृष — आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

मिथुन — आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वंचित कर सकता है।

कर्क — आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

सिंह — आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

कन्या — आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

तुला — आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

धनु — आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

मकर — आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

कुंभ — आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा — सुबह : 07 .49
मजाल — रात : 07 .00

SONY MAX
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 10 .39
चेहरे — शाम : 06 .59

SONY PIX
बुलेट ट्रेन — सुबह : 11 .11
द मास्क — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
ट्रैफिक सिग्नल — सुबह : 10 .30
रॉक ऑन टू — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
आ देखें जरा — सुबह : 08 .49
कुंवारा — रात : 06 .59

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर सुबह : 10 .39 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,748 .42	22,055 .70
बढ़त	104 .99	32 .35
प्रतिशत में	0 .14	0 .15

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 19 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द :110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

अडाणी की कंपनी की एलपीएस मांग को न्यायालय ने नकारा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) से विलंबित भुगतान अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक की मांग करने वाली अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। जेवीवीएनएल राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनी है। अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड (एपीआरएल) ने जेवीवीएनएल से देरी से भुगतान पर अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये की मांग रखी थी।

यूरिया आयात की अनुमति बढ़ाई गई

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को इंडिया पोटाश लिमिटेड के माध्यम से यूरिया (कृषि ग्रेड) के आयात की अनुमति को एक साल के लिए यानी मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार–सरकार की ओर से इंडियन पोटाश लिमिटेड के माध्यम से यूरिया (कृषि ग्रेड) का आयात 31 मार्च, 2025 तक करने की अनुमति है।

तत्काल सहायता में क्षतिपूर्ति का फार्मूला फेल

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का कंपनी नहीं कर पाईं आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्धारित समय बीता, क्लेम बचाने के गुणा-भाग में उलझे

अमृत विचार : प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान बीमित रबी की फसलों का क्लेम तो दूर कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाई हैं। जबकि किसानों ने टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर आठ हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए थे, जो ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वे कर क्लेम तय करना है। लेकिन, इससे अधिक समय बीतने पर भी कंपनियों ने कृषि विभाग को किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी है।

गौरतलब है कि कंपनी ने कितने दावे आए और कितने निरस्त हुए यह भी नहीं बताया है। नियम में यह है कि आपदा की स्थिति में नुकसान पर 25 फीसद क्षतिपूर्ति राशि फार्मूला लगाकर तत्काल सहायता के रूप में 30 दिन में जाती है और शेष राशि फसल कटाई के दौरान।

तो समय से कॉल करने पर देरी क्यों: एक सीजन की फसल का बीमा कराने पर आपदा के समय व्यक्तिगत दावा और न होने पर अंत में क्रॉप कटिंग यानी कटाई पर क्लेम मिलता है। आपदा की स्थिति में जितना नुकसान उतने किसानों को उतनी क्षतिपूर्ति मिलती है। इसमें कंपनियों को नुकसान होता है। जबकि क्रॉप कटिंग में खेत चिह्नित कर कटाई में निकली उपज की तौल के आधार क्लेम तय होता है। इसी आधार पर आसपास के बीमित किसानों को भुगतान किया जाता है। जबकि इसमें किसानों को घाटा होता है।

> कंपनियों ने सर्वे कर लिया है। लेकिन, रिपोर्ट नहीं दी है। इसके लिए 10 दिन का समय मांगा है। रिपोर्ट का परीक्षण भी करेंगे। यदि नुकसान हुआ है तो किसानों को पारदर्शिता से क्लेम मिलेगा।
>
> **–उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।**

राजस्व की रिपोर्ट का करते रहे इंतजार

आपदा के समय राजस्व विभाग आर्थिक सहायता के लिए पूरे गांव का सर्वे करता है। जबकि बीमा कंपनी सिर्फ बीमित किसानों का। कहा जाता है कि एक–दूसरे में अंतर न आए इसलिए कंपनी राजस्व की रिपोर्ट का इंतजार करतीं हैं और क्लेम बचाती है। इधर, व्यक्तिगत दावों का निस्तारण नहीं हो पाया है और बुंदेलखंड व अन्य क्षेत्र में क्रॉप कटिंग होने लगी है। जहां, लेखपाल अधिक क्लेम के लिए ज्यादा नुकसान दर्शा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि इस मामले में झोल ही झोल है।

आईटी क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में 3 से 5% वृद्धि का अनुमान

मुंबई। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है।

बीमा क्षेत्र में आया 54,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय सेवा सचिव विवेक ने 9 साल के बारे में दी जानकारी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,100
गिन्नी (प्रति नग)	50,000–50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,500
सोना जेवरात गिन्नी	64,500
चांदी पक्की	738 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	75,000।

चीनी का उत्पादन मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा-मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था। इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया है।

सीतारमण ने साझेदारी पर एडीबी उपाध्यक्ष से की चर्चा

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के उपाध्यक्ष (बाजार समाधान) भार्गव दासगुप्ता के साथ मुलाकात में विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों ने विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने में भारत के साथ एडीबी की साझेदारी के तरीकों पर चर्चा की। कहा-भारत की वृद्धि में भाग लेने के लिए अन्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संस्थानों को जोड़ने को लेकर चर्चा हुई।

स्टार्टअप नीति अंतर–मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीपीआईआईटी सचिव राजेश बोले-इसे जल्द लागू किया जाएगा

सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिए ऐसा किया जा सकता है।

सिंह ने कहा-भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी। राजेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि डीपीआईआईटी कारोबार क्षेत्र और स्टार्टअप समुदाय के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।

राष्ट्रीय

शक्ति का हर उपासक देगा विपक्ष को जवाब: मोदी

तेलंगाना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किया वार

शिवमोगा (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर हिंदू धर्म में समाहित 'शक्ति' के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे (विपक्ष को) इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कल मुंबई में इंडी गठबंधन की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है?

शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा-मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया... जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कोयंबटूर में रोड शो किया

कोयंबटूर। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को यहां रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए और पारंपरिक संगीत की धुन बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। जैसे ही मोदी ने एक खुले वाहन में अपना रोड शो शुरू किया, सड़क के दोनों ओर जमा हुए लोगों ने उन पर फूल बरसाए और उनके समर्थन में नारे लगाए। रोड शो के दौरान कुछ लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में रोड शो किया है।

मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप

नई दिल्ली। मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है। प्राथमिकी में कहा गया, औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछे थे।

बढ़ेंगी सरकारी विज्ञापनों की दरें

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- सूचना सचिव संतोष जाजू का अखबार मालिकों को आश्वासन
- रेट स्ट्रक्चर समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी

अमृत विचार: प्रिंट मीडिया के सरकारी विज्ञापनों की दरों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संतोष जाजू एवं इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच हुई वार्ता के बाद समाचार पत्र एवं मैगजीन जगत में उक्त आशय की उम्मीद जगी है।

प्रिंट मीडिया की विज्ञापन दरों में वृद्धि करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त सचिव जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में रेट स्ट्रक्चर समिति का गठन किया था। सिन्हा समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने प्रिंट मीडिया के छोटे-बड़े सभी घरानों के नुमाइंदों से अलग-अलग बात की थी, जिसमें ज्यादातर प्रकाशन समूहों ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया था। जिसमें न्यूज़ प्रिंट के दामों में वृद्धि, बिजली की दरों में हो रही वृद्धि एवं वेतन व परिवहन में आने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ की जानकारी दी गई थी।

अखबार एवं मैगजीन के ज्यादातर मालिक आईएनएस के मध्यम से विज्ञापन की वर्तमान दरों में कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि 5 वर्ष में मुद्रण की लागत कई गुना बढ़ गई है। वेतन में भी वृद्धि हुई है और अखबारों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई है और न ही विज्ञापन दरों में सरकार ने कोई वृद्धि की है। कोरोना के समय में प्रिंट मीडिया को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से प्रिंट मीडिया के समक्ष कई तरह के आर्थिक संकट पैदा हो गए हैं। सरकार ने उक्त मांगों पर अध्ययन करने के लिए जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। जिसकी रिपोर्ट कई माह पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गई थी।

सूत्रों के मुताबिक उक्त रिपोर्ट में सरकारी विज्ञापन की दरें बढ़ाने की सिफारिश की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से सिन्हा समिति की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की थी। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संतोष जाजू एवं आईएनएस अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच एक बैठक हुई। इस वार्ता के दौरान श्री शर्मा ने पांच पेज का एक मांग पत्र भी संतोष जाजू को दिया है।

एक नजर

राजस्थान के सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

जयपुर। दिल्ली–अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई।

इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की कृषि शाखा के अध्यक्ष सोड़ी सुक्का उर्फ सोड़ी कोसा (45) और उसकी पत्नी सोड़ी सुक्की (37) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली कोसा के सर पर पांच लाख रुपए और सुक्की के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित है।

राजस्थान में साबरमती–आगरा कैंट एक्सप्रेस पटरी से उतरी, कई ट्रेनें रद

अजमेर। राजस्थान में अजमेर रेल मंडल में अजमेर एवं मदार रेलवे स्टेशनों के मध्य मदार होम सिगनल के पास साबरमती-आगरा कैंट सवारी रेलगाड़ी रविवार देर रात पटरी से उतर गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12548, साबरमती-आगरा कैंट देर रात 01.04 बजे मदार में पटरी से उतर गई जिसमें उसका इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बच गए, किसी के हताहत एवं घायल होने की सूचना नहीं हैं। इससे रेल यातायात प्रभावित हुआ और कई ट्रेनें रद की गईं। वहीं रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ट्रैक पर यातायात बहाल करने के लिए कार्य प्रारंभ किया और रेल संचालन प्रारंभ कर दिया गया और गाड़ी संख्या 12548 को रवाना किया गया।

बिचौलिए मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामला

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में एक कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की नई जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीबीआई और ईडी द्वारा 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले के मामलों में जांच की जा रही है। यह तर्क दिया गया कि जेम्स पर प्रत्यर्पण आदेश में उल्लिखित अपराधों के अलावा किसी अन्य अपराध के तहत आरोप नहीं लगाया जा सकता है और उसे विशेषज्ञता के सिद्धांत का लाभ दिया जाना चाहिए।

दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उसे दिसंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था। पीठ के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पूछा है कि आप इस मामले में अनुच्छेद 32 (संविधान के प्रावधानों में से एक जो मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार देता है) के तहत याचिका कैसे दायर कर सकते हैं?

विदेशी छात्रों पर हमले से संबंधित मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में हुई थी घटना

गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और सुरक्षा के लिए पूर्व सैन्यकर्मियों की सेवाएं ली हैं। जांच और सभी हमलावरों की पहचान करने के लिए नौ टीम गठित करने वाली पुलिस ने हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल की शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद सोमवार को तीन और लोगों क्षितिज पांडे, जितेंद्र पटेल और साहिल दुधातिया को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है, शेष आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को हुई इस घटना के बाद विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को एक नए विंग में स्थानांतरित कर दिया है और सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं ली हैं। इसके अलावा एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति की स्थापना की गई है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के समन्वयक और एनआरआई छात्रावास वार्डन को तत्काल हटाने की घोषणा की। पुलिस उपायुक्त तरुण दुग्गल ने कहा कि हमले में शामिल शेष संदिग्धों की पहचान करने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने दंगा, स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाने और आपराधिक कृत्य समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक छात्रावास में विदेशी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन घटनाक्रमों के बीच गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में जांच एजेंसी के तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि हर मामला ऐसा नहीं होता कि उसमें जनहित याचिका दायर कर दी जाए।

भाजपा कोर कमेटी में कानपुर से गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

सतीश महाना।

अजय कपूर।

- उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी मांग रहे टिकट
- विधायक रहे अजय कपूर के नाम का भी हुआ है जिक्र

अमृत विचार: कानपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी में किसी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर भी चर्चा की गई है। जिसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर के नाम का जिक्र भी हुआ है। कांग्रेस ने यहां से आलोक मिश्रा एवं बसपा ने किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी कानपुर से टिकट मांग रहे हैं। वह आठ बार से विधानसभा का चुनाव जीत रहे हैं। महाना को भाजपा ने 2009 में लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन वे 17 हजार मतों से हार गए थे। उन्होंने कोर कमेटी के सदस्यों के पास 2009 में प्राप्त मतों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया है। जिसके तहत उन्हें 1,96,000 से ज्यादा मत मिले थे और कांग्रेस के श्री प्रकाश जायसवाल को करीब 2,14, 000 मत मिले थे। जबकि बहुजन समाज पार्टी से सुखदा मिश्रा को करीब 48000 मत मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक महाना ने यह लेखा-जोखा इसलिए प्रस्तुत किया है क्योंकि 2009 के मुकाबले 2024 में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत हुई है। ब्राह्मण बाहुल्य कानपुर सीट से कांग्रेस ने आलोक मिश्रा का नाम लगभग तय कर दिया है। उसके बाद से ही महाना ने अपना दावा और मजबूती से पेश किया है। कोर कमेटी को यह भी बताया गया है कि यदि महाना के स्थान पर कांग्रेस से आए अजय कपूर को टिकट मिलता है तो वह भी अच्छा चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि कानपुर में पंजाबियों का ठीक-ठाक वोट बैंक है। वह किदवई नगर जैसे ब्राह्मण बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी चुने जा चुके हैं। महाना और अजय कपूर आपस में रिश्तेदार भी हैं।सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी के समक्ष कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने अपनी बेटी एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह के परिवार की बहू नीतू सिंह को टिकट दिए जाने का दावा पेश किया है।

भाजपा की तीसरी सूची आज जारी होने की संभावना

उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र के उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर रात तक जारी रही। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी होने की संभावना है।कोर कमेटी ने उत्तर प्रदेश के गैर विवादित संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति ही इन नाम पर अंतिम फैसला लेगी। कोर कमेटी से प्राप्त नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्य मंत्री बीएस येदुरप्पा, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण, संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. इकबाल सिंह लालपुरा व डा. सत्यनारायण जटिया, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन सहित अन्य सदस्य मंगलवार को विचार विमर्श करेंगे।

इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी,

मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।

दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

खेल डायरी

अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव

इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्काराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

पेरिस, एजेंसी। किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था।

मुंबई की टीम में चोटिल बेहरेनडोर्फ की जगह वुड शामिल

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस ने ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह पर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ल्यूक वुड को टीम में शामिल किया है। वुड 50 लाख रुपए पर मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़ेंगे। वुड ने इंग्लैंड की तरफ से पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच और दो वनडे खेले हैं। उनके नाम पर टी-20 में आठ विकेट दर्ज हैं।

मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।

विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी

बेंगलुरु, एजेंसी

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।

कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

लीवरपूल को हरा कर मैनचेस्टर यूनाइटेड सेमीफाइनल में

एफए कप

मैनचेस्टर, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में लीवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को जीत दिला दी। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा। हार्वी एलियट ने 105वें मिनट में लीवरपूल को 3-2 की बढ़त दिला दी, लेकिन सात मिनट बाद मार्कस रदरफोर्ड के गोल से स्कोर बराबर हो गया। खेल खत्म होने से ठीक पहले अमद के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंतिम चार में पहुंचा दिया। इससे पहले स्कॉट मैकटोमिने ने 10वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड का खाता खोला था। लीवरपूल ने एलेक्सिस मैक्स एलिस्टर और मोहम्मद सालाह के गोल से मध्यांतर से पहले 2-1 की बढ़त बना ली थी। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने कोवेंट्री की चुनौती होगी। अंतिम आठ के अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज समय में दो गोल के दम पर लिस्टर सिटी को 4-2 से शिकस्त दी।

लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई

बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।

स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट

- लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी

बॉलीवुड हलचल

वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या - एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होता है।

सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान - पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्त्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

अवैध निर्माणाधीन इमारत ढही, 7 की मौत

- कोलकाता में हुआ हादसा, कई जख्मी, सीएम ममता ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी

हादसे के बाद मौके पर राहत के लिए जुटा बचाव दल।

कोलकाता के गार्डनरीच, मेटियाब्रुज इलाके में रविवार आधी रात को बड़ा हादसा हो गया, एक अवैध पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। मलबे में दबने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया। वहीं भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि मृतकों में शमा बेगम (44), हसीना खातून (55), मोहम्मद वसीक (19), रिजवान आलम (22), मोहम्मद इमरान (27) और अकबर अली (34) के तौर पर शिनाख्त हुई है। बचाव कर्मियों ने मलबे में तीन से चार लोगों के फंसे होने की आशंका जताई है। राहत व बचाव कार्य अभी भी जारी है।

घटना कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 134 में रात करीब 12 बजे घटी। राहत व बचाव कार्य में राष्ट्रीय आपदा मोचन बाल (एनडीआरएफ) को भी बुलाया गया है। दमकल कर्मियों, पुलिस व राज्य के आपदा प्रबंधन दल से लेकर एनडीआरएफ के कर्मी मलबा हटाने के कार्य में जुटे हैं, ताकि अंदर कोई फंसा न रहे। ममता ने पीड़ितों को आर्थिक एवं चिकित्सा सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा- इमारत अवैध निर्माणाधीन थी। स्थानीय लोगों ने आरोप है कि ढही हुई इमारत भी अवैध रूप से बनाई जा रही थी। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डा इंद्रनील खां भी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। इमारत गिरने की इस घटना से इलाके में अफरातफरी का माहौल है।

भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)



उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।

गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा

ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

एक नजर

शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को सूचीबद्ध करने की गुहार स्वीकार की। पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के बाद मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, लेकिन राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

श्रीनगर में डल झील के किनारे पहली बार हुई कारों की रेस

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित की गई। डल झील के किनारे हुए इस शो में बार रेसर और बाइकर्स ने ललित घाट से नेहरू पार्क तक 1.5 किमी तक हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी लोग पहुंचे।

अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

अमृतसर। अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, प. देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस

पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई

व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

चुनाव वोटिंग	
1991	74.6%
1996	69%
2000	68.6%
2004	64.3%
2008	69.7%
2012	65.2%
2018	67.5%
2024	73%

दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।

पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।

प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

तालिबान की चेतावनी गंभीर परिणाम होंगे

अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान के प्रवक्ता ने कहा, हमले में महिलाओं और बच्चों की जान गई है। चेतावनी दी कि ऐसे कृत्य के गंभीर परिणाम होंगे, जो पाकिस्तान के नियंत्रण में नहीं होंगे। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने भी पाकिस्तानी सैनिकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर जवाब दिया है। पाकिस्तान के अफगान सीमा में घुसकर कार्रवाई करने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है।

भूमि के नीचे लैब...



बीजिंग : चीन गुआंग्डोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी। एजेंसी

भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

जागरेब, एजेंसी। दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है। फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। इसमें रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।

वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। टॉप 10 में अन्य मिठाइयां: 1-सेर्निक, पोलैंड, 2- रस मलाई, भारत, 3- सफाकियानोपिटा, ग्रीस, 4- न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, 5- जापानी चीजकेक, जापान, 6- बास्क चीजकेक, स्पेन, 7-राकोस्जी टुरोस, हंगरी, 8- मेलोपिटा, ग्रीस, 9- कासेकुचेन, जर्मनी, 10-मीसा रेज़ी, चेक रिपब्लिक शामिल हैं।

विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित

हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

लद्दाख में तेजी पकड़ रहा विकास समीक्षा करने पहुंचे सेना के कमांडर

जम्मू, एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से लद्दाख में बलों की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में उत्तरी कमान के रूप में कार्यभार संभाला था।

विज्ञान कल से होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है

उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें। उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा।

इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।



दिन - रात समय चक्र का चित्र।

दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी, वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

असम में तीन से पांच लाख लोग सीएए के तहत करेंगे आवेदन

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम सरमा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो 'प्रतीक हजेला' नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम सरमा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है।